RNI No. DELHIN/2010/35423, Postal: DL(E)-20/5435/2016-18 राष्ट्रीय संस्करण www.swarajkhabar.com, Email :- editorswarajkhabar@gmail.com

खबरों का स्वराज

# स्वराज ख़बर

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

● दिल्ली ● नोएडा ● देहरादून ● पटना से एक साथ प्रकाशित



11 शुभमन गिल ने बनाया यूनिक रिकॉर्ड, एक ही मैदान ... दिल्ली ● वर्ष : 17 ● अंक : 67 ● गुरुवार 13 फरवरी, 2025 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य ₹3 साहस, एकता और शिक्षा की मजबूत कहानी है... 08

# चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ियों पर 'सुप्रीम' नाराजगी

## कहा-लोग काम नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें 'फ्री' मिल रहा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शहरी गरीबी उन्मूलन पर बुधवार को सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि फ्रीबीज की वजह से लोग काम नहीं करना चाहते। लोगों को बिना काम किए पैसे मिल रहे हैं। ऐसे में उन्हें मुख्यधारा में लाना प्राथमिकता है। शीर्ष अदालत ने चुनाव जीतने के लिए मुफ्त चीजों की घोषणा करने की प्रथा पर कड़ी आलोचना की और कहा कि लोग ऐसे चुनावी वादों के कारण 'काम करने के लिए तैयार नहीं हैं' क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और पैसा मिलता है। शीर्ष अदालत ने पूछा कि क्या ऐसी आकर्षक घोषणाओं के कारण 'परजीवियों का एक वर्ग' पैदा हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मुफ्त राशन के कारण, जब चुनाव का ऐलान होता है, तो लोग काम करने को तैयार नहीं होते। उन्हें बिना कोई काम किए मुफ्त राशन मिल रहा है। कोर्ट ने कहा कि क्षमा करें, लेकिन इन लोगों को मुख्यधारा के समाज का हिस्सा न बनाकर, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई और



जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी ने पीठ को सूचित किया कि केंद्र सरकार शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय के प्रावधान जैसे मुद्दों के समाधान के लिए शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अदालत ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वह सरकार से पूछें कि शहरी गरीबी राहत कार्यक्रम कब शुरू होगा। मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद फिर से होगी। सुप्रीम कोर्ट की यह कड़ी टिप्पणी दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें भाजपा और आप दोनों ने कई आकर्षक वादे किए थे, जिन्हें वे सत्ता मिलने के बाद पूरा करेंगे। आप के ऐसे वादों में महिला सम्मान योजना (प्रत्येक महिला को 2,100 रुपये मासिक सहायता), पानी के बिलों की माफी, पुरुष छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा और सभी छात्रों के लिए मेट्रो किराए में 50 फीसदी की छूट शामिल थी। भाजपा ने महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, हर होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर देने का भी वादा किया। मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में भी इस तरह की मासिक वित्तीय सहायता के वादे किए गए थे, जिसने राज्य चुनावों में भाजपा की जीत पक्की की।

## हिमंता की 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से चर्चा

### असम सीएम का सिंगापुर दौरा

दिसपुर (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा 10 फरवरी को सिंगापुर पहुंचे। यहां उनकी सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगर्तनम से रणनीतिक सहयोग पर चर्चा हुई। असम सीएम ने बताया कि असम 2.0 के



रोडमैप में सिंगापुर का अहम योगदान रहने वाला है। असम के मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से भी मुलाकात की और भारत की ईस्ट एशिया पॉलिसी के तहत दोनों देशों के मजबूत संबंध पर जोर दिया। हिमंता ने 8 सेमीकंडक्टर कंपनियों के प्रमुखों से बात की। हिमंता ने इन कंपनियों को राज्य की इलेक्ट्रॉनिक सिटी जागीरोड में संभावनाएं तलाशने के लिए न्योता दिया।

## टीएमसी छोड़कर दोबारा कांग्रेस में लौटे अभिजीत

### चार साल बाद हुई घरवापसी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद राजनीतिक तौर से घरवापसी की है। बुधवार को मुखर्जी एक बार फिर कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2012 और 2014 में



जंगीपुर से सांसद रहे अभिजीत मुखर्जी 2019 में लोकसभा चुनाव में हार गए थे। बता दें कि उनकी बहन शर्मिष्ठा मुखर्जी ने हाल में ही कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल रखा था। अभिजीत मुखर्जी के कांग्रेस में शामिल होने के बाद पार्टी ने राहत की सांस ली है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और पूर्व लोकसभा सांसद अभिजीत मुखर्जी ने लगभग चार साल तृणमूल कांग्रेस में बिताने के बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है।

# घुसपैठ रोकने के लिए विधेयक ला रही है केंद्र की सरकार

## अवैध तरीकों से घुसने वालों की अब खैर नहीं, सख्त होंगे नए प्रावधान




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देश घुसपैठ को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं। अब भारत भी इस दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वालों को सख्त सजा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार संसद में एक विधेयक ला रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को अब अधिकतम पांच साल तक की जेल और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। यदि कोई व्यक्ति जाली पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करता है, तो उसे कम से कम दो साल और अधिकतम सात साल की सजा हो सकती है, जबकि जुर्माना 1 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक हो सकता है। यह प्रावधान आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025 का हिस्सा है, जिसे इस सत्र में लोकसभा में पेश किए जाने की तैयारी है। इस विधेयक का उद्देश्य चार पुराने कानूनों को समाप्त करके एक व्यापक कानून बनाना है।

## सिख दंगा मामले में सज्जन कुमार दोषी करार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1984 के सिख दंगा मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है। सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार को दोषी करार दिया गया है। 1984 सिख विरोधी दंगे मामले में



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के लिए दोषी ठहराया। 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़े मामले में सज्जन कुमार आरोपी थे।

## मोदी-ट्रंप की मुलाकात पर रहेगी दुनियाभर की नजर

● आज वॉशिंगटन में होने जा रही है मुलाकात, मजबूत होंगे भारत-अमेरिका रिश्ते


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बहुप्रतीक्षित मुलाकात 13 फरवरी को वॉशिंगटन में होने जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल बैठक पर दुनिया भर की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि यह पीएम मोदी की दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी की शाम को वॉशिंगटन पहुंचेंगे। इसके बाद अगले दिन 13 फरवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी अहम बैठक होगी। हालांकि, बैठक के सटीक समय को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह ऐतिहासिक बैठक पीएम मोदी और भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित होगी। इसके अलावा, कई प्रमुख टेलीविजन समाचार चैनल भी इस बैठक का व्यापक कवरेज देंगे। वहीं, व्हाइट हाउस के आधिकारिक पोर्टल पर भी इसके प्रसारण की संभावना जताई जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।



## गुलियन बेरी सिंड्रोम से पहली मौत, मच गया हड़कंप

# पुणे के बाद अब मुंबई में जीबीएस ने पसारे पांव

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में जीबीएस के तांडव के बाद अब संक्रमण मुंबई तक पहुंच गया है। मुंबई के नायर अस्पताल में भर्ती 53 साल के एक मरीज की मौत हो गई है। मुंबई में जीबीएस सिंड्रोम वायरस से मौत का यह पहला मामला है। मरीज वडाला इलाके का रहने वाला था और बीएमसी के बीएन देसाई अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में काम करता था। नायर अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, वो काफी दिनों से बीमार था और उसका इलाज चल रहा था। वहीं नायर अस्पताल में एक नाबालिग लड़की भी भर्ती है, जिसे जीबीएस वायरस हुआ है। यह लड़की पालघर की रहने




वाली है और 10वीं कक्षा की छात्रा है। इससे पहले 6 फरवरी को भी जीबीएस सिंड्रोम वायरस की चपेट में आने से एक मरीज की मौत हो गई थी। वहीं, 26 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में गुलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का निधन हो गया था। वह डीएसके विश्वा इलाके में रहता था। जीबीएस एक न्योरोलॉजिक बीमारी है। स्वाइन फ्लू के तरह इस बीमारी के लक्षण होते हैं। जिसमें सर्दी, जुकाम और तेज बुखार आता है। इसके कारण मांसपेशियों में कमजोरी हो जाती है और शरीर के अंग सुन्न पड़ जाते हैं।

## आंध्र प्रदेश की वर्किंग वूमन को बड़ा तोहफा

### वर्क फ्रॉम होम के लिए किया पॉलिसी का ऐलान

**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश सरकार राज्य की कामकाजी महिलाओं को बड़ा तोहफा देने जा रही है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने ऐलान किया है कि सरकार महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम देने के लिए स्कीम लाई है। सीएम नायडू ने कहा कि



इस फैसले के बाद प्रोफेशनल महिलाओं को वर्क लाइफ और फैमिली को बैलेंस करने में सुविधा होगी। सरकार के इस फैसले की एक्स पर जानकारी देते हुए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद से रिमोट वर्किंग और हाइब्रिड मोड अधिक लोकप्रिय हो गए हैं।

# शिंदे को मिला अवॉर्ड तो जल-भुन गए संजय राउत

### शरद पवार पर जताई नाराजगी

मुंबई (एजेंसी)। नई दिल्ली में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य की मौजूदगी में शरद पवार ने शिंदे को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में गदगद एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की जमकर तारीफ की। अवॉर्ड सेरेमनी में एकनाथ शिंदे ने शरद पवार की तारीफ करते हुए कहा कि राजनीतिक दायरे से अलग सबसे अच्छे रिश्ते कैसे रखे जाते हैं, यह पवार साहब से सीखा जा सकता है। शिंदे द्वारा गई शरद पवार की ये तारीफ शिवसेना (उद्धव गुट) को पसंद नहीं आया। यूबीटी सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी बिके हुए हैं। ऐसे अवॉर्ड तो खरीदे और बेचे जाते हैं। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि शरद पवार ने शिंदे का सत्कार भी किया।



# राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

## बाबरी विध्वंस के वक्त रामलला को गोद में लेकर भागे थे, टीचर के बाद पुजारी बने

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ था। यह जिला अयोध्या से 98 किमी दूर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अक्सर अयोध्या जाया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने जाते थे। अयोध्या में उनके पिता अभिराम दास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी की मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था। इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई। मूर्तियों के प्रकट होने के दावे और अभिराम दास जी की रामलला के प्रति सेवा देखकर सत्येंद्र दास बहुत प्रभावित हुए। उन्हीं के आश्रम में रहने के लिए उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया। सत्येंद्र दास ने 1958 में घर छोड़ दिया। उनके परिवार में दो भाई और एक बहन थीं। बहन का निधन हो चुका है।





## मायावती ने अपने समधी को ही बीएसपी से किया बाहर

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बड़ा ऐक्शन लिया है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बसपा से बाहर कर दिया है। राज्य सभा सांसद रहे सिद्धार्थ की डॉक्टर बेटी से आकाश की शादी हुई है। अशोक सिद्धार्थ के पिता बीएसपी संस्थापक कांशीराम जी के सहयोगी रहे हैं। मायावती ने इस बारे में एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा- बीएसपी की ओर से ख़ासकर दक्षिणी राज्यों आदि के प्रभारी रहे डॉक्टर अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद व नितिन सिंह, ज़िला मेरठ को, चेतावनी के बावजूद भी गुटबाजी आदि की पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पार्टी के हित में तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया जाता है। अशोक सिद्धार्थ के बारे में कहा जाता है कि वह बसपा के ऐसे लो प्रोफाइल नेता हैं।




# वसंत और प्रधानमंत्री की किरकिरी

मौसम तो वसंत का है, मगर आम- वृक्षों की फुनगियों पर मंजरियों को देखकर ही वसंत का थोड़ा अहसास होता है, वरना मेरे इर्द गिर्द कहीं वसंत नहीं है। पिकी के पुकारने की आवाज नहीं सुन रहा हूँ, न धरा- गगन की पुकार आ रही है। सूरज की किरणें भी धूल में लिपटी रहती हैं। मकान और दूकान के बीच मैं खुद को खड़ा पाता हूँ। मेरी छत पर कम से कम धूप आती है। कचबचिये की आवाज भी और कौए भी आते हैं।इससे अहसास होता है कि जीवन शेष है। कई मंजिले अपार्टमेंट में कैसा अहसास होता होगा, पता नहीं। रांची में जो फ्लैट है, उसमें धूप न के बराबर आती है और मैं ऊब कर घर के बाहर सड़क पर आ जाता हूँ। सचमुच, हम कैसी दुनिया बना रहे हैं। धूप, हवा , लोगों से दोस्ती- यारी, गप- सड़क्के, बैठकी , ठहाकों के बिना कैसी दुनिया होगी? वसंत तो बेचारा भागा जा रहा है। उसके दूत पेड़-पौधे काटे जा रहे हैं तो वह कहाँ गुज़र- बसर करे। हम एक ऐसी दुनिया बना रहे हैं, जिसमें करोड़ों बच्चों को मालूम ही नहीं होगा कि वसंत भी समय का एक महत्वपूर्ण खंड है और उसकी सुगंध और खुशबू अलग रंग की होती है? भागती दौड़ती दुनिया को शायद इसकी ज़रूरत न हो , लेकिन मेरी चेतना में वसंत का एक रंग बैठा है। जब भी वसंत आता है, वह स्मृतियों में छा जाता है।

प्रधानमंत्री कहीं बाहर गये हुए हैं। किसी दूर देश में। दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने सबसे हाथ मिलाया, इनसे नहीं मिलाया। प्रधानमंत्री ने हाथ बढ़ाया, तब भी उन्होंने ध्यान नहीं दिया। ऐसा दूसरे देश के प्रधानमंत्री ने क्यों किया, पता नहीं । जानबूझकर किया या अनजाने हुआ, यह तो प्रधानमंत्री जाने , लेकिन यह सही नहीं हुआ। हाथ मिलाना तो सामान्य प्रक्रिया है। दुश्मन से भी हाथ मिलाते हैं। यह अगर जानबूझकर हुआ है तो गंभीर बात है। अंतर्राष्टीय मंच पर यह बेइज़्ज़ती सहने के क़ाबिल नहीं है। जबकि उनके समर्थक यह कहते नज़र आयें कि विश्व में भारत का डंका बज रहा है, तब डंकापति की इतनी बेइज़्ज़ती क्या देश की बेइज़्ज़ती नहीं है? दरअसल जब आपकी आदत दूसरे को बेइज्जत करती रहती है तो आपको भी एक दिन बेइज्जत होना पड़ता है। लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी जब अर्थव्यवस्था और विकास का खाका खींच रहे थे तो प्रधानमंत्री को यह अच्छा नहीं लग रहा था। प्रधानमंत्री ने जवाब देते हुए राहुल गांधी का मजाक उड़ाया और कहा कि जब लोगों को बुख़ार आता है तो अंट संट बकता है। प्रतिपक्ष के लीडर भी तो देश के ही लीडर हैं। प्रधानमंत्री को तार्किक रूप से यह बताना चाहिए था कि राहुल गांधी ग़लत कह रहे हैं, तो कैसे? और अगर सही लग रहा था तो प्रशंसा करते। अगर सही बातों का भी मजाक बनायेंगे तो आपका भी मजाक बनाया जाएगा। इस दुनिया में कोई सर्वांग सत्य नहीं है। हम सब अधूरेपन में जीते हैं और एक दूसरे को संवाद के माध्यम से समृद्ध करते हैं और समृद्ध होते हैं। अगर प्रधानमंत्री यह मानते हैं कि वे सर्वज्ञ हैं तो इससे बड़ी मूर्खता और कुछ नहीं होगी। वसंत में यह खबर एकदम अच्छी नहीं लगी कि किसी अन्य प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री से हाथ नहीं मिलाया। वसंत थोड़ा और उदास हो गया।

संक्षिप्त समाचार

## झगड़े के बाद पति ने की पत्नी की हत्या, शव के साथ बिताई पूरी रात फिर पहुंचा पुलिस स्टेशन

**अमताली एजेंसी।** त्रिपुरा से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 40 साल के शख्स ने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया, 40 साल के शख्स ने त्रिपुरा में पत्नी से झगड़े के बाद उसको मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने शव के साथ कई घंटे बिताए और फिर अपने अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन चला गया। आरोपी पति का नाम श्यामल दास बताया जा रहा है। पश्चिम त्रिपुरा जिले के अमताली पुलिस थाना क्षेत्र के निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक श्यामल पॉल ने इस मामले में कहा कि श्यामल दास ने सोमवार रात कुछ पारिवारिक मुद्दों पर अपनी पत्नी स्वप्ना से झगड़ा किया और उस पर किसी वस्तु से हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा, श्यामल ने अपने घर के अंदर शव के साथ रात बिताई। आज दोपहर करीब 1.20 बजे, वह पुलिस स्टेशन गया और दावा किया कि उसकी पत्नी उसके घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी थी। पुलिस की एक टीम मौके पर गई और शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी। इससे पहले त्रिपुरा के पश्चिम जिले में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी और उसके दो टुकड़े कर दिए थे। पुलिस ने इस मामले में कहा था कि कायर मिया के रूप में पहचाने गए मृतक महिला के पति को गिरफ्तार किया गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया है। महिला के छोटे भाई बापन मिया ने बताया कि अरलिया की रहने वाली ताजुजा बेगम की शादी करीब 8 महीने पहले दिहाड़ी मजदूरी करने वाले कायर मिया से हुई थी।

## जब कंवलजीत सिंह ने 'बड़ा नाम करेंगे' के सेट पर सबको रूलाया!

**मुंबई ,एजेंसी।** दिग्गज अभिनेता कंवलजीत सिंह भारतीय फिल्म और टेलीविजन उद्योग के अनुभवी कलाकारों में से एक हैं। वह अपने संवेदनशील और दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में रिलीज़ हुई वेब सीरीज 'बड़ा नाम करेंगे' की शूटिंग के दौरान उनका एक ऐसा इमोशनल सीन था, जिसने न केवल उनकी शानदार अभिनय क्षमता को साबित किया, बल्कि पूरी कास्ट और क्रू के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। अभिनेता कंवलजीत सिंह ने इस महत्वपूर्ण दृश्य पर विचार साझा करते हुए कहा, हमारे निर्देशक पलाश ने एक भावनात्मक क्लाइमैक्स की कल्पना की थी, जहाँ मेरे किरदार आनंद राठी को रोना था। शुरुआत में, मैं थोड़ा संकोच में था, क्योंकि मुझे लगा कि एक परिवार के मुखिया के लिए इतनी गहरी भावनाएँ व्यक्त करना असामान्य हो सकता है। लेकिन अपनी राय साझा करने के बाद, हम एक मध्य मार्ग पर पहुंचे। अंततः, मैंने निर्देशक की दृष्टि पर भरोसा किया–आखिरकार, उन्हें पूरी कहानी की समग्र दृष्टि होती है। मुझे याद है कि इस दृश्य को लेकर हमारी गहरी चर्चाएँ हुई थीं, और जब वह क्षण आया, तो न केवल मैं बल्कि पूरी कास्ट और क्रू भी भावनाओं में बह गए। यह दृश्य बेहतरीन बना और वही भावना दर्शाने में सफल रहा, जिसकी कल्पना पलाश ने की थी। एक अभिनेता के रूप में, दर्शकों के दिलों को छू सके ऐसी कोई खुशी नहीं होती। मैं पलाश जी का आभारी हूँ कि उन्होंने इस दृश्य को इतनी बारीकी से निर्देशित किया और राजश्री का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने मुझे अपने परिवार का हिस्सा बनाया–जो हमेशा से मेरी इच्छा थी। अब जब यह सीरीज़ रिलीज़ हो चुकी है, तो मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे उतनी ही गहराई से महसूस करेंगे, जितनी हमने इसे बनाते समय की थी।

## मैसूर में पुलिस स्टेशन पर भीड़ ने बोला हमला, सात पुलिसकर्मी घायल; इस वजह से हुआ विवाद

**मैसूर, एजेंसी।** कर्नाटक के मैसूर के उदयगिरि पुलिस स्टेशन के बाहर मंगलवार को तनाव फैल गया और सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट के विरोध में भारी भीड़ जमा हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति द्वारा अपमानजनक पोस्ट करने के बाद भीड़ ने मंगलवार की रात मैसूर के उदयगिरि पुलिस स्टेशन पर हमला कर दिया, जिसमें सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) हितेंद्र के मुताबिक, अपमानजनक पोस्ट के लिए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, कुछ लोग इस बात से परेशान थे कि उसे जल्द ही छोड़ दिया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ हिंसक हो गई और थाने पर धावा बोलने का प्रयास किया, वाहनों को नुकसान पहुंचाया और पुलिसकर्मियों को घायल कर दिया। नरसिम्हराजा के कांग्रेस विधायक तनवीर सेत ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट के बाद हंगामा खड़ा हो गया। भीड़ ने पथराव किया, गाड़ियों में तोड़फोड़ की और थाने पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक, फेसबुक पोस्ट में सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अर्धनग्न तस्वीरें दिखाई गई थी, जिनके शरीर पर अरबी भाषा में कुछ लिखा हुआ था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। शहर की पुलिस आयुक्त सीमा लाटकर ने कहा कि पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को अपमानजनक पाया और इसलिए मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने के बाहर जमा हुए और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।लाटकर ने कहा कि स्थिति शांतिपूर्ण है और उन्होंने लोगों से स्थिति को और न बिगाड़ने की अपील की।

## भारत को तोड़ने की साजिश करने वाले नेताओं-पत्रकारों को करेंगे बेनकाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि वह भारत को तोड़ने की साजिश करने वाले नेताओं-पत्रकारों को बेनकाब करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को तोड़ने की साजिश के तहत अमेरिकी सरकार की अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएआइडी) नामक स्वतंत्र अमेरिकी एजेंसी से धन लेकर कुछ नेता और पत्रकार भारत के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। वह विदेशी ताकतों से हाथ मिलाकर भारत को अस्थिर करने और तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। दुबे ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा कि वह संसद में बताएंगे कि किस तरह से यूएसएआइडी ने नेताओं और पत्रकारों को धन देकर अपने मकसद को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन इस मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार भी इस मामले की जांच करेगी और हरेक साजिश को उजागर करेगी। भाजपा सांसद ने कहा कि यह एक खतरनाक स्थिति है जब एक ईमानदार पत्रकारिता के नाम पर वामपंथी पत्रकारिता व मोदी-विरोधी पत्रकारिता है। लेकिन इनमें ऐसे लोग भी हैं जो विदेशी ताकतों से हाथ मिलाकर भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। आगे बोले कि यह सारी बातें अब सामने आ गई हैं और ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी सरकार गंभीरता से इसकी जांच कर रही है। हमारी सरकार भी इस संबंध में जांच करेगी। फिलहाल मैं कुछ भुले जा चुके मुद्दों को भी उठाउंगा।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 550 लोगों को लगाया चूना, पीड़ितों का कंपनी के बाहर हंगामा

**नोएडा एजेंसी।**
नोएडा के सेक्टर-63 की कंपनी ने जॉर्डन मे माली और मैकेनिक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 550 लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित विदेश जाने की तारीख पर कंपनी के कार्यालय पहुंचे तो मालिक फरार मिला। इस पर उन्होंने हंगामा किया। इसके बाद पीड़ित सेक्टर-63 थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



गोरखपुर निवासी दीनानाथ चौहान ने पुलिस को बताया कि लंबे समय से वह बेरोजगार थे। वह इंटरनेट पर नौकरी के बारे में सर्च कर रहे थे। एक साथी ने उनको फॉरेन जॉब सर्च साइट पर एक कंपनी के बारे में जानकारी दी। साइट पर दिए गए नंबर पर दीनानाथ ने संपर्क किया तो उसे जॉर्डन में नौकरी के बारे में बताया गया। कंपनी का ऑफिस शुरू में नोएडा के सेक्टर-69 में था।

आरोपियों ने दीनानाथ और उसके साथियों को विदेश में माली और मैकेनिक की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। नौकरी दो साल के अनुबंध पर दिलाने की बात हुई। नौकरी के एवज में हर महीने आठ सौ दिनार मिलने का लाचल दिया गया। भारतीय रुपये में सैलरी की रकम एक लाख रुपये प्रति माह के करीब आंकी गई। इसके लिए दीनानाथ समेत अन्य लोगों से आरोपियों ने 70 हजार रुपये ले लिए। इसमें हवाई जहाज का टिकट और वीजा समेत अन्य सारी सुविधा दिलाने की बात आरोपियों ने कही। एक सेंटर पर पीड़ितों का मेडिकल कराया गया और वीजा और हवाई टिकट दी गई। पीड़ितों को पहले छह फरवरी के टिकट दिए गए। दीनानाथ समेत दर्जनों लोगों को तय तारीख पर कंपनी के सेक्टर-63 स्थित नए ऑफिस में बुलाया गया। पहुंचने पर छह फरवरी को बताया गया कि अब 12 फरवरी को बाहर जाना है। इसके बाद कंपनी के संचालक और अन्य लोग भाग गए। मंगलवार को पीड़ितों ने हंगामा कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पीड़ितों को थाने ले आई। आरोपियों ने बिल्डिंग किराये पर ली हुई थी। दावा है कि आरोपियों ने करीब 550 लोगों के साथ दस करोड़ रुपये की ठगी की है। आरोपी अपने साथ कई लोगों का पासपोर्ट भी लेकर चले गए हैं।

दीनानाथ और उनके कई अन्य साथियों ने पुलिस को बताया कि ठगी के लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन दिया। कई जगह पंफलेट और पोस्टर भी चस्पा किए। इंटरनेट पर सर्च करने के बाद बेरोजगार युवकों ने आरोपी कंपनी से संपर्क किया। इसके बाद आकर्षक सैलरी और वीजा, पासपोर्ट, मेडिकल कराने को लेकर झांसा दिया गया और एडवांस में रुपये लेकर जालसाज फरार हो गए। पीड़ितो के मुताबिक ठगों ने ठगी के लिए कई जगह एजेंट भी बनाए हुए थे।

**शहर में पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके:** आरोपियों ने देशभर लोगों के साथ ठगी की। इनमें ज्यादातर युवा हैं। पीड़ितों में कई लोगों ने कर्ज लेकर आरोपियों को भुगतान किया था। इस प्रकार की ठगी करने वाले गिरोह नोएडा में पहले से ही सक्रिय रहते हैं। किराये के खाते का इस्तेमाल आरोपी ठगी में करते हैं। ऐसे में उन्हें दबोचना पुलिस के लिए चुनौती बना रहता है।

## फरीदाबाद में 3 साल की बच्ची के साथ हैवानियत; झाड़ी में मिली लहूलुहान, हालत नाजुक

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
फरीदाबाद के डबुआ थाना क्षेत्र में तीन साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी उसे लहूलुहान अवस्था में झाड़ी में छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोग उसे झाड़ी से उठाकर पहले बीके अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पुलिस आयुक्त के आदेश पर उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका ऑपरेशन किया गया है। हालत नाजुक बनी है। साथ ही पुलिस की तीन टीमें आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सोमवार शाम को आरोपी ने हैवानियत की है। बच्ची डबुआ कॉलोनी स्थित झुग्गी में अपने माता-पिता के साथ रहती है। वह मूलरूप से मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं और फरीदाबाद में मेहनत-मजदूरी करते हैं। सोमवार शाम मयंक नामक युवक शौच करने गाजीपुर मुर्गी फार्म रोड, राम वाटिका के पास सूनसान क्षेत्र में गया था। वहां उसने झाड़ियों में एक बच्ची को बेहोशी की हालत में देखा तो उसके होश उड़ गए।

उसने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी और डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। मयंक का कहना है कि सूचना मिलने के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने बच्ची को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाने के बजाय एंबुलेंस आने का इंतजार करते रहे। इससे बच्ची की हालत लगातार बिगड़ रही थी। लिहाजा बाइक पर बच्ची को बिठाकर बीके अस्पताल की ओर चले।

लेकिन करीब दो किलोमीटर चलने के बाद रास्ते में उन्हें एंबुलेंस मिल गई। इसके बाद एंबुलेंस से बच्ची को बीके अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में जुटी है। निजी अस्पताल में बच्ची के इलाज में जो खर्च आएगा, वह सरकार की ओर से दिया जाएगा। इस बाबत रेड क्रॉस सोसाइटी का सहायेग लिया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बच्ची को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बच्ची के स्वस्थ्य होने के बाद संबंधित विभाग को अस्पताल के बिल को जमा कराने के लिए पत्र लिखा जाएगा। बच्ची के निजी अंग में काफी ज्यादा चोट है। डॉक्टरों ने वहां कई टांके लगाए हैं। इसके अलावा उसके शरीर पर जगह-जगह खरोंच के निशान हैं। स्त्राव होने के चलते उसकी हालत बिगड़ी है। आशंका यह भी है कि आरोपी ने दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने का भी प्रयास किया होगा। बच्ची की गंभीर हालत देखते हुए बीके अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया।

## एनसीआर में गरजा बुलडोजर, गाजियाबाद और गुरुग्राम में अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) टीम ने मटियाला गांव के पास विकसित हो रही 95 बीघा क्षेत्र में पांच अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान यहां हुए निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कॉलोनाइजरों ने प्राधिकरण की टीम का विरोध किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। जीडीए जोन तीन की प्रवर्तन टीम मटियाला गांव के पास फ्रेंड्स कॉलोनी पहुंची। यहां अशोक जैन, सचिव चौधरी 25 बीघा क्षेत्र में अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे हैं।

टीम ने यहां बुलडोजर चलाकर बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। साथ ही निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया। यहां की सड़कें भी खोद दी। फिर टीम गोविंदधाम कॉलोनी पहुंची, जहां 22 बीघा क्षेत्रफल में नीरज मलिक, योगेश चौधरी अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे हैं। यहां भी ध्वस्तीकरण किया गया। मटियाला गांव में 16 बीघा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है, जिसपर बुलडोजर चलाया गया। इसी क्षेत्र में 20 बीघा क्षेत्र मुकेश वर्मा द्वारा अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। वहीं, 12 बीघा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनी बसाई जा रही है। इन सभी कॉलोनियों के भूखंडों की बाउंड्रीवाल, सड़क, विद्युत पोल आदि ध्वस्त कर दिए। इस दौरान कॉलोनाइजर ने इस कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन मौजूद पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान जीडीए अधिकारी, सचल दस्ता और पुलिस बल मौजूद रहा। इसी तरह की कार्रवाई गुरुग्राम में भी देखने को मिली। जिले के नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के तोड़फोड़ दस्ते ने मंगलवार को सोहना ब्लॉक के गांव किरं तब्दील की और भिड़वाका में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनियों और फार्म हाउस को तोड़ दिया।

# नए विवाद में फंसे एल्विश यादव, जयपुर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर; यूट्यूबर के किस वीडियो पर ऐक्शन

**जयपुर, एजेंसी।**
बिग बॉस ओटीटी के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ एक भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के लिए एफआईआर दर्ज की गई है, जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें जयपुर में एक म्यूजिक वीडियो शूट के लिए राजस्थान पुलिस ने एस्कॉर्ट किया था। पुलिस ने बुधवार को यादव के दावे को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें कोई आधिकारिक सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई थी और उनके खिलाफ राजस्थान पुलिस की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। विवाद तब शुरू हुआ जब सोमवार को यादव ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया जिसमें वह राजस्थान के पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बेटे कृष्णवर्धन सिंह खाचरियावास की कार में ट्रैवल करते हुए दिखाई दिए। वीडियो में, कृष्णवर्धन की कार के आगे एक पुलिस वाहन चलता हुआ दिखाई दे रहा था और यादव दावा कर रहे थे कि पुलिस उन्हें एस्कॉर्ट कर रही है। बातचीत के दौरान, कृष्णवर्धन कहते हैं कि पुलिस के वाहन अलग-अलग जूरिडिक्शन (अधिकार क्षेत्रों) में जाने पर बदल जाते हैं। हालांकि, राजस्थान पुलिस ने यूट्यूबर के दावों को खारिज कर दिया है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि यूट्यूबर को ऐसा कोई एस्कॉर्ट मुहैया नहीं कराया गया था। इस मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर रामेश्वर सिंह ने भी कहा कि यादव को कोई एस्कॉर्ट नहीं दिया गया था और पुलिस सुरक्षा केवल स्थापित प्रोटोकॉल के आधार पर दी जाती है। वहीं एसीपी कुंवर राष्ट्रदीप ने कहा कि राजस्थान पुलिस की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले फर्जी वीडियो को कथित तौर पर शेयर करने के लिए साइबर पुलिस स्टेशन में यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसी बीच, प्रताप सिंह खाचरियावास ने खुद को और अपने बेटे को इस विवाद से अलग करते हुए कहा कि उन दोनों में से किसी ने भी पुलिस एस्कॉर्ट की मांग नहीं की थी। एल्विश यादव अक्सर मुझसे मिलने आते हैं और एक राजनेता के तौर पर मैं कई लोगों से मिलता हूं। मेरी सरकार सत्ता में नहीं है, इसलिए मुझे नहीं पता कि पुलिस वाहन की व्यवस्था किसने की या वह वहां क्यों था। उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा, न तो मेरे बेटे ने और न ही मैंने एस्कॉर्ट की मांग की।



## बॉडी वॉश, शावर और गीजर भी, फाइव-स्टार होटल में नहाने जैसा मजा; मुंबई की सड़कों पर दौड़ रही अनोखी बस

**मुंबई , एजेंसी।**
मुंबई की सड़कों पर एक अनोखी बस दौड़ रही है जो हाई-टेक मोबाइल बाथरूम से लैस है। महाराष्ट्र सरकार और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने यह पहल कई औरतों की जिंदगी आसान बनाने के लिए शुरू की है। इस अनोखी बस में मुफ्त में नहाने की सुविधा दी जा रही है, और दिलचस्प बात ये है कि इसे लॉन्च हुए सिर्फ एक महीना हुआ है, लेकिन इसे इस्तेमाल करने वाली औरतों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है।




**क्या है इस मोबाइल बाथरूम बस की खासियत?:** ये कोई आम बस नहीं, बल्कि एक चलता-फिरता लक्जरी बाथरूम है। इस बस में पांच मोबाइल फोन चार्जिंग पॉइंट, दो कपड़े सुखाने वाले ड्रायर और पूरी तरह से सुसज्जित नहाने के कमरे हैं। हर बाथरूम में हैंडवॉश, बॉडी वॉश, बाल्टी, नल, शैंपू, शावर, गीजर और यहां तक कि टब तक की सुविधा दी गई है। सिर्फ इतना ही नहीं, पानी बचाने के लिए इसमें एक खास सिस्टम लगाया गया है जिससे पूरी बस का पानी महज 10 मिनट में फ्लश हो जाता है। ये बस ना सिर्फ सफाई और सुविधा का प्रतीक बन गई है, बल्कि दो औरतों के लिए रोजगार का भी जरिया बन चुकी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, इस इनोवेटिव आइडिया को महाराष्ट्र के स्किल डेवलपमेंट मिनिस्टर मंगल प्रभात लोढ़ा ने पेश किया था और इसे जिला योजना समिति और बीएमसी ने मिलकर लागू किया। इस बस का संचालन तीन बहनें कर रही हैं, जो 'बी दी चेंज' नाम की एक संस्था चला रही हैं। उनकी मेहनत और लगन की वजह से ये पहल इतनी सफल हो पाई है। यह बस मुंबई के कांदिवली इलाके में रहने वाली औरतों के लिए फिलहाल मौजूद है। स्थानीय औरतें इस अनोखी पहल से बेहद खुश हैं और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इसका इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इस सफलता को देखते हुए अब बीएमसी इस योजना को शहर के दूसरे इलाकों में भी लाने की तैयारी कर रही है। बीएमसी के बजट में भी इसका जिक्र किया गया है, जिससे साफ है कि आने वाले समय में मुंबई की औरतों के लिए और भी ऐसी चलती-फिरती लक्जरी बाथरूम बसें सड़कों पर दिखाई देंगी।

## हरियाणा और पंजाब के कई जिलों में भूजल खतरनाक

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा और पंजाब के भूजल को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों ही राज्यों को कई जिले ऐसे हैं, जहां का भूजल पीने लायक नहीं है। इनमें तय सीमा से ज्यादा मात्रा में यूरेनियम, नाइट्रेट, आर्सेनिक पाए गए हैं। खतरा इतना ज्यादा है कि इसे पीने से अंग खराब होने, नवजातों में बीमारी, कैंसर जैसे खतरे हो सकते हैं। सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड की सालाना क्वालिटी रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि पंजाब के 20 और हरियाणा के 16 जिलों में भूजल की गुणवत्ता बेहद खराब है। यहां यूरेनियम का स्तर 30 पीपीबी से ज्यादा पाया गया है। इसके नमूने मई 2023 में एकत्र किए गए थे। खास बात है कि 2019 में पंजाब में ऐसे जिलों की संख्या 17 और हरियाणआ में 18 थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 30 पीपीबी से ज्यादा यूरेनियम कनसनट्रेशन्स वाला पानी पीने लायक नहीं है, क्योंकि यह अंगों को प्रभावित कर सकता है।

## तेलंगाना में महंगी हो गई बीयर, सरकार ने बढ़ा दिए दाम

**हैदराबाद , एजेंसी।**
तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को बीयर की कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दे दी है। यूबीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि यह निर्णय वर्ष 2019-20 से कंपनी की बीयर की कीमतों में संशोधन न करने के कारण राज्य में हुए भारी नुकसान के कारण लिया गया था। यह निर्णय ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अनुरोध के बाद और यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड द्वारा आपूर्ति रोकने के बाद आया है। आठ जनवरी को यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल) ने घोषणा की कि उसने तेलंगाना बेवरेजेज कॉरपोरेशन को अपनी बीयर की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। इसके अतिरिक्त, यूबीएल ने दावा किया कि टीजीबीसीएल पर पिछली बीयर आपूर्ति के लिए काफी बकाया है। हालांकि, इस बारे में किसी विशेष विवरण का खुलासा नहीं किया गया। हालांकि, यूनाइटेड ब्रूअरीज ने बाद में आपूर्ति फिर से शुरू कर दी। राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए, बीएआई ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से बीयर उद्योग के भीतर लंबित मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। बीएआई ने बयान में कहा, हालांकि, जिस वृद्धि की अनुमति दी जा रही है, वह उत्पादन की लागत में वृद्धि या उद्योग की अपेक्षा से कम है, लेकिन हम इसका स्वागत करते हैं क्योंकि यह संकेत देता है कि सरकार राज्य में व्यवसाय लाभप्रदता पर उद्योग की चिंताओं के प्रति सजग है और इस पर विचार करने के अपने वादे पर खरी उतरी है। बीएआई के महानिदेशक विनोद गिरी ने कहा कि बाजार संचालित प्रणाली सभी को लाभ पहुंचाने का सबसे कुशल तरीका है और हम इस दृष्टिकोण की वकालत करने के लिए सरकार के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# भारत में बच्चों के इंस्टा अकाउंट्स पर रहेगा मां बाप की नजर, मेटा ने जारी किया नया फीचर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
भारत में इंस्टाग्राम यूज करने वाले किशोरों पर अब उनके मां-बाप नजर रख सकेंगे। फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने मेटा के इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स की सुविधा को भारत में भी शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की।

**फीचर को खासतौर पर किशोरों के लिए बनाया गया है:** इस फीचर को खासतौर पर किशोरों के लिए बनाया गया है। इससे नुकसानदायक कंटेंट और अनचाही मैसेजिंग जैसी समस्याओं को रोका जाएगा। टीन अकाउंट्स ऑटोमेटिक रूप से हाई सेफ्टी सेटिंग्स पर रहेंगे। इसमें प्राइवेसी सेटिंग बढ़ाने के साथ मां-बाप की अधिक निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। वे अपने बच्चों के अकाउंट पर नजर रख सकेंगे।

मेटा ने कहा कि वह उम्र की पुष्टि करने वाले तरीकों को भी चाकचौबंद कर रही है। इस आशंका को देखते हुए कि कुछ यूजर्स अपनी आयु गलत बता सकते हैं, इसलिए गलत उम्र बताने पर अतिरिक्त वेरिफिकेशन की जरूरत पड़ेगी।यह घोषणा किशोरों पर इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता के बीच की गई है।

पिछले महीने, भारत सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया था। इसमें ऑनलाइन




या इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर नाबालिग यूजर्स अकांउट बनाने के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव है। मेटा ने बयान में कहा, हम किशोरों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने और नुकसानदेह कंटेंट को लेकर उनके माता पिता की चिंता को दूर करने के लिए इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स का भारत में विस्तार कर रहे हैं। किशोरों को आटोमेटिक तरीके से उच्चतम सुरक्षा सेटिंग्स में रखा जाता है, जिसमें गलत उम्र बताने और संवेदनशील कंटेंट प्रतिबंधों को रोकने के तरीके हैं।

सेटिंग्स में बदलाव के लिए माता पिता की अनुमति की जरूरत होगी। इसके तहत माता-पिता 16 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए परिवर्तनों को मंजूरी दे सकते हैं, हाल में जुड़े संपर्कों की निगरानी कर सकते हैं। स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय की सीमा तय कर सकते हैं। कुछ खास समय के लिए एप का उपयोग करने से रोक सकते हैं।

इंस्टाग्राम टीन अकाउंट में माता-पिता की प्रमुख चिंताओं को दूर करने का प्रयास किया गया है जैसे उनके बच्चे आनलाइन किसके साथ संवाद करते हैं। वे किस प्रकार की कंटेंट के संपर्क में आते हैं, और वे इंटरनेट प्लेटफार्म पर अपने समय का प्रबंधन कैसे करते हैं।16 साल से कम उम्र के सभी नए यूजर्स का इंस्टाग्राम अकाउंट डिफाल्ट रूप से प्राइवेट होगा। यानी, कोई भी बिना इजाजत के फालो नहीं कर सकेगा और कंटेंट नहीं देख पाएगा।

**टीन अकाउंट्स को सख्त सेफ्टी मोड पर रखा जाएगा:** टीन अकाउंट्स को सख्त सेफ्टी मोड पर रखा जाएगा, जिससे हिंसक, कंटेंट रील्स में न दिखें। इसके अतिरिक्त, हिडन व?र्ड्स, डिफाल्ट रूप से होगा ताकि आपत्तिजनक भाषा को फिल्टर किया जा सके। किशोरों को प्रतिदिन 60 मिनट तक एप का उपयोग करने के बाद एप से बाहर निकलने के लिए नोटिफिकेशन मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सोम प्रदोष पर 30 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ का किया जलाभिषेक

**दुमका, एजेंसी।** दुमका जिले के बाबा बासुकीनाथ धाम में प्रदेष सोमवारी पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। करीब 30 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारीनाथ की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। सुबह में मंदिर के पुजारी ने बाबा की षोडशोपचार विधि से पूजा की। बाबा का भव्य तरीके से श्रृंगार किया गया। सरकारी पूजा के बाद मंदिर का गर्भगृह भक्तों के लिए खोल दिया गया। सुबह से ही जलार्पण का जो सिलसिला शुरू हुआ। वह शाम तक चलते रहा। शिवगंगा में स्नान कर भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया।

### मंत्री इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ली

**रांची, एजेंसी।** राज्य सरकार के मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान उनकी ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।बता दें कि इरफान अंसारी ने झारखड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने दुमका सिविल कोर्ट द्वारा 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्ज फ्रेम किये जाने को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने वर्ष 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ संज्ञान लिया था। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची की तस्वीर वायरल हुई। दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है।

### गोल बिल्डिंग चौक पर बाबा तिलका की प्रतिमा का अनावरण

धनबाद, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने सरायढेला गोल बिल्डिंग चौक पर महान स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा का अनावरण किया। तिलका मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा तिलका ने अपने साहस व संघर्ष से न केवल झारखंड, बल्कि संपूर्ण भारत को स्वतंत्रता की दिशा में प्रेरित किया। उनका बलिदान व संघर्ष हमें हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर मरांडी ने कहा कि आमा आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से दस वर्षों तक केवल ठगने का काम किया। प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि जनता ने दिल्ली को आपदा से मुक्त किया है। ज्ञात हो कि बाबा तिलका मांझी स्मारक समिति द्वारा स्थापित इस प्रतिमा का निर्माण मूर्तिकार अर्जुन राम पाल ने किया है। मरांडी ने उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण रॉय, बाबा तिलका मांझी स्मारक समिति के अध्यक्ष रायमुनी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### दबंगों ने तालाब का जीर्णोद्धार कार्य रोका, विरोध

**गिरिडीह , एजेंसी।** गांडेय प्रखंड के मौजा भाषपुर में गैरमजरूआ जमीन पर हो रहे तालाब के जीर्णोद्धार कार्य को कुछ लोगों ने रोक दिया। खाता नंबर 47 प्लॉट नंबर 106 की यह 4 एकड़ 36 डिसमिल जमीन गैरमजरूआ खाते में दर्ज है। उक्त जमीन पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाब के जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिली है। तालाब का जीर्णोद्धार कार्य भी शुरू हो गया था। लेकिन फुलझरिया गांव निवासी आलम अंसारी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर कहा कि उक्त जमीन का पट्टा उसके दादा सुभानी मियां के नाम से मिला है। इसके बाद आलम अंसारी और उसके लोगों ने काम को रोकवा दिया। इसको लेकर गांव के लोगों के साथ खूब हो-हंगामा भी हुआ।इधर ग्रामीण देव नारायण यादव, गुही पंडित, महेंद्र सिंह, रतन तुरी ने बताया कि उक्त जमीन पर 1962/63 में लघु सिंचाई विभाग द्वारा तालाब का निर्माण किया गया था। गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद ने वर्ष 2022-23 में उक्त तालाब में स्नान घाट का निर्माण भी कराया है। तालाब के पानी से 500 हेक्टर जमीन में सिंचाई होती है।

# राज्य की वित्तीय हालात में सुधार के लिए सरकार की नई पहल, वित्तीय समिति गठित

**रांची, एजेंसी।** झारखंड सरकार ने राज्य की वित्तीय हालात में सुधार के लिए कई कदम उठाये हैं. वित्त विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है, जो राज्य के वित्तीय हालात की समीक्षा करेगी और सुधार के लिए सुझाव देगी. इसके अलावा विभागों को राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया है. साथ ही राज्य सरकार ने विकास योजनाओं के लिए धन का प्रबंधन करने के लिए भी कई कदम उठाये है.




### झारखंड सरकार ने वित्तीय हालात में सुधार के लिए उठाये कदम

**वित्तीय समिति का गठन :** झारखंड सरकार ने वित्त विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है, जो राज्य के वित्तीय हालात की समीक्षा करेगी और सुधार के लिए सुझाव देगी.

**राजस्व वसूली का लक्ष्य :** झारखंड सरकार ने विभागों को राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया है, जिसमें वाणिज्य कर, खान भूतत्व, उत्पाद, परिवहन, भूराजस्व और निबंधन शामिल हैं.

**विकास योजनाओं के लिए धन का प्रबंधन :** झारखंड सरकार ने विकास योजनाओं के लिए धन का प्रबंधन करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें योजना बजट का प्रबंधन और धन की वसूली शामिल है.

**विकास योजनाओं के लिए धन की कमी :** बता दें कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 का मूल बजट 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ का है, लेकिन अब तक केवल 58,000 करोड़ ही खर्च हुए हैं. विकास योजनाओं के लिए 82,830 करोड़ के योजना बजट में से केवल 56त्न ही खर्च हुए हैं. लेकिन सरकार की विकास योजनाओं के लिए धन की कमी एक बड़ी समस्या है. धन की कमी के कारण कई विकास योजनाएं प्रभावित हो रही है.

**राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण :** सरकार के अपने राजस्व जुटाने वाले विभागों ने वर्ष 2024-25 में 49,700 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य तय किया है. लेकिन सरकार के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करना एक बड़ी चुनौती है. पिछले एक माह में केवल 2121 करोड़ रुपये ही वसूले गये हैं. ऐसे में विभागों को अगले दो माह में 38.89 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करना है. इसके लिए सरकार ने विभागों को निर्देश दिये हैं कि वे राजस्व संग्रहण बढ़ाने और नये स्रोत तलाशने पर ध्यान दें.

### झारखंड सरकार के वित्तीय हालात में सुधार के लिए चुनौतियां

**वित्तीय संसाधनों की कमी :** झारखंड सरकार के पास वित्तीय संसाधनों की कमी है, जिससे विकास योजनाओं के लिए धन की कमी हो रही है.

**राजस्व वसूली की चुनौती :** झारखंड सरकार के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करना एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि विभागों को दो माह में 38.89 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करना होगा.

### झारखंड सरकार के वित्तीय हालात में सुधार के लिए सुझाव

**वित्तीय प्रबंधन में सुधार :** झारखंड सरकार को वित्तीय प्रबंधन में सुधार करने की आवश्यकता है, जिसमें वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन और धन की वसूली शामिल है.

**विकास योजनाओं के लिए धन का प्रबंधन :** झारखंड सरकार को विकास योजनाओं के लिए धन का प्रबंधन करने की आवश्यकता है, जिसमें योजना बजट का प्रबंधन और धन की वसूली शामिल है.

# अपहरण कर बच्ची की कर डाली हत्या, देवघर के कुंडा में फेंका था शव, पुरानी रंजिश में दिया घटना को अंजाम

**गिरिडीह, एजेंसी।** देवघर के कुंडा थाना इलाके के चितोलोढिया गांव में जिस नाबालिग लड़की का शव मिला था, वह लड़की गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र के चतरो तुरिया टोला की रहने वाली थी। लड़की का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस अपहरण और हत्याकांड का खुलासा गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार की टीम ने कर ली है। कांड को अंजाम देने वाले आरोपी राजकुमार हाजरा और चतरो तुरिया टोला की अनिता देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि दोनों ने अपना जुर्म भी स्वीकार कर लिया है।

एसपी ने बताया कि तुरिया टोला की एक नाबालिग बच्ची के गायब होने की सूचना पर 31 जनवरी को देवरी थाना में कांड अंकित किया गया। इस बीच 3 फरवरी को यह जानकारी मिली कि देवघर जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के चितोलोढिया में एक बच्ची की लाश मिली है।

बाद में मृतका की पहचान तुरिया टोला की गायब नाबालिग से की गयी। इस बीच मामले के उद्भेदन के लिए खोरी महुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने साक्ष्य के आधार पर गुजरात के सूरत शहर में छापेमारी कर एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदिग्ध ने उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

इधर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि इसी टोले की रहने वाली अनिता देवी के साथ मिलकर पहले नाबालिग का अपहरण किया गया। पुरानी रंजिश में अपहरण करने के बाद नाबालिग की गला दबाकर हत्या कर दी गई और शव को चितोलोढिया गांव के झाड़ी में फेंक दिया। पुलिस की पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश में बदला लेने की बात कही है।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार हाजरा के खिलाफ देवरी थाना में इस कांड के अलावा 6 कांड दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए मोटरसाइकिल और 02 मोबाइल फोन को जब्त किया गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# शिक्षकों के रवैये से क्षुब्ध ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

## तिसरी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेबडिया का मामला



**गिरिडीह, एजेंसी।** झारखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था का हाल किसी से छुपा नहीं है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों के स्कूलों की स्थिति और दयनीय है। गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेबडिया के शिक्षकों की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने स्कूल में ताला जड़ दिया। इसकी सूचना पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मो। मुनिबुद्दीन व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल सोमवार की दोपहर विद्यालय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों व बच्चों से बातचीत की। ग्रामीणों ने शिक्षकों के कार्यशैली पर सवाल उठाया। कहा कि स्कूल कभी खुलता है, तो कभी नहीं। शिक्षक बच्चों को ठीक से पढाते भी नहीं। आलम यह है कि लिखना-पढ़ना तो दूर बच्चे अपना नाम व कक्षा का नाम तक नहीं बता पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब हमारे बच्चों को पढ़ाया ही नहीं जाएगा तो विद्यालय खुलने का क्या फायदा

दोनों नेताओं ने लोगों को समझाते हुए विद्यालय खोलने की अपील की। साथ ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को फोन कर मामले में संज्ञान लेने को कहा। इतना ही नहीं विद्यालय का प्रधानाध्यापक कौन है यह भी एक सवाल है क्योंकि दोनों शिक्षकों ने एक दूसरे को प्रधानाध्यापक बताया है।

**स्कूल में 45 बच्चों पर हैं 2 शिक्षक :** लेबडिया विद्यालय में 45 बच्चों पर दो सहायक शिक्षक अरुण कुमार राउत और छोटू राउत हैं। शिक्षक अरुण कुमार राउत ने बताया कि विद्यालय के सचिव (प्रधानाध्यापक) छोटू राउत हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष ने जानकारी लेने के लिए छोटू राउत को फोन किया तो उन्होंने बताया कि विद्यालय के सचिव अरुण कुमार राउत ही हैं। अरुण राउत ने कहा कि 5 वर्ष पहले बीइइओ ने छोटू राउत को प्रभार दे दिया था तब से सारा काम वही करते हैं। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं। शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ विभाग कार्रवाई करे, अन्यथा मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

**चंदा को लेकर स्कूल में लगाया ताला : बीईईओ :** इस बाबत पूछे जाने पर बीईईओ रंजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय में चंदा मांगने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने ताला लगाया है। इस मामले में बीपीओ को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जिसके नाम से अकाउंट होगा वही सचिव होगा।

# घरेलू विवाद के बाद पति-पत्नी ने की आत्महत्या की कोशिश, महिला की मौत, पुरुष की हालत गंभीर

**दुमका, एजेंसी।** जामा थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव में घरेलू विवाद में पति और पत्नी दोनों ने एक साथ आत्महत्या की कोशिश की। महिला की मौत हो गई, जबकि पति का इलाज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।




### काम कर वापस लौटे थे दोनों

दरअसल 28 वर्षीय अमृत पुजहर और उसकी पत्नी 25 वर्षीय आलामुनी कुमारी जामा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव के बगल में स्थित एक ईंट भट्ठे में काम करते थे। शाम में जब वे काम कर लौटे तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे को आत्महत्या की धमकी दे डाली और फिर आत्महत्या की कोशिश की, इस दौरान दोनों की हालत नाजुक हो गई।

छटपटाते हुए महिला घर से निकली और कर पास के जंगल की ओर दौड़ गई लेकिन पति घर पर ही रुक गया और अचेत हो गया। इधर जंगल में महिला की छटपटाते हुए जान चली गई, जबकि पति अमृत पुजहर को अचेतावस्था में अगल-बगल के लोगों ने पीजेएमसीएच में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया।

इधर मृतक आलामुनी कुमारी के शव को स्थानीय लोगों ने जंगल मे देखा और जामा थाना की पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला के शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए दुमका पीजेएमसीएच भेज दिया। जानकारी के अनुसार आलामुनी की शादी कुछ साल पहले ही नयाडीह गांव के अमृत पुजहर के साथ हुई थी। दोनों की एक पुत्री भी है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस पूरे मामले पर जामा के थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि घरेलू विवाद में यह घटना घटी है। घटना की जानकारी पाकर मृतका के मायके वाले भी मौके पर पहुंचे हैं। यूडी केस दर्ज किया गया है।

# मैट्रिक व इंटर की कदाचार मुक्त परीक्षा की तैयारी पूरी, डीसी और एसएसपी ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में मैट्रिक और इंटर की कदाचार मुक्त परीक्षा कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिले में 11 फरवरी से मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है, जो 3 मार्च तक चलेगी। मैट्रिक के 104 सेंटरों में 28 हजार 369 और इंटर के 89 सेंटरों पर 26 हजार 235 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा से जुड़े जरूरी निर्देश को लेकर सभी सेंटर हेड के साथ सोमवार को न्यू टाउन हॉल में बैठक बुलाई गई। सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरा पूरी तरह से फंक्शनल है या नहीं डीसी ने सभी सेंटर हेड को सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया है। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी सेंटर हेड को सुचारू रूप से परीक्षा के लिए कई निर्देश दिए हैं। साथ ही सेंटर पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित रखने के भी निर्देश दिए हैं।डीसी की तरफ से पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को यह निर्देश दिया गया है कि समय पर प्रश्न पत्रों को सेंटर तक पहुंचाये।

उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कोई भी कर्मी अनावश्यक छुट्टी के लिए आवेदन नहीं करे। उन्होंने बताया कि इसके लिए नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं। जिन्हें भी छुट्टी चाहिए होगी वे नोडल पदाधिकारी से मिलेंगे और फिर विचार किया जायेगा। आवश्यक लगेगा तभी छुट्टी मंजूर की जाएगी। केवल आवेदन देकर कोई भी छुट्टी पर नहीं जा सकेंगे।

# झारखंड में सरकारी नौकरियों की बहार, जल्द बहाल होंगे 26001 शिक्षक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सरकारी नौकरियों की बहार आने वाली है। झारखंड सरकार 26001 शिक्षकों की नियुक्ति करने वाली है। दरअसल हेमंत सोरेन सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति करना चाहती है।



झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के तहत बहाल होने वाले 26001 शिक्षकों का रिजल्ट जल्द ही घोषित होने वाला है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पिछले दिनों परिमल कुमार एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य के मामले में दिए गए फैसले के बाद झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रिजल्ट को अंतिम रूप देने में जुट गई है। मंगलवार 11 फरवरी को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा इस परीक्षा में शामिल हुए परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सूचना जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में यह परीक्षा प्रभावित होगा। आयोग के इस निर्णय से सीटेट एवं अन्य राज्यों से शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करने वाले झारखंड के वैसे छात्र जो इस परीक्षा में शामिल हुए थे जिनकी संख्या करीब 80 हजार है उन्हें इस परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा।

मार्च के पहले सप्ताह तक बहाल होंगे 26 हजार शिक्षक

प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में 26001 सहायक आचार्य की नियुक्ति की प्रक्रिया जून 2023 में शुरू हुआ था। आयोग द्वारा जारी विज्ञापन के तहत 11000 शिक्षकों की नियुक्ति पहली से पांचवी कक्षा के लिए वहीं मध्य विद्यालयों में 15001 शिक्षकों की नियुक्ति होगी। न्यायिक विवादों के कारण यह परीक्षा प्रारंभ से ही विवादों में रहा जिसका निराकरण सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के बाद हुआ है।

हालांकि इस परीक्षा से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे सीटेट पास अभ्यर्थी अपील याचिका दाखिल करने की तैयारी में हैं। इन सबके बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के साथ सूचना प्रकाशित करते हुए संकेत दे दिया है कि जल्द ही आयोग न्यायालय के आदेश के अनुरूप रिजल्ट प्रकाशित करेगा। जानकारी के मुताबिक मार्च के पहले सप्ताह तक राज्य में 26001 सहायक आचार्य की बहाली होने की संभावना है। इससे पहले सभी औपचारिकता पूरी की जा रही है।

# नप गये राज्य सेवा के तीन अफसर, चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची, एजेंसी।** पिछले दो महीने में राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों पर गाज गिरी है। इन पर टेंडर में अनियमितता, मनरेगा में गड़बड़ी, और स्ट्रीट लाइट खरीद में अनियमितता के आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इन अफसरों पर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्देश दिया है। वहीं एक अफसर को निंदन की सजा दी गयी है।




### अड़की की तत्कालीन बीडीओ पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

अड़की की तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मेरी मड़की पर मनरेगा योजना के तहत मिट्टी मोरम पथ निर्माण योजना में अनियमितता बरतने, बिना कार्य किये राशि भुगतान कर वित्तीय अनियमितता करने, फर्जी मस्टर रोल बनाने, अभिलेखों को सही तरीके से संधारित न करने और योजनाओं के पर्यवेक्षण में लापरवाही करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। राज्य सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव पर टेंडर में गड़बड़ी का आरोप

पथ निर्माण विभाग के तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार संजय कुमार प्रसाद के खिलाफ राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उनके खिलाफ रांची के पदस्थापन अवधि के दौरान आंतरिक वित्तीय सलाहकार के रूप में लोक निर्माण विभाग संहिता, 2012 के नियम 183( ) का उल्लंघन कर विभागीय निविदा समिति के सदस्य के तौर पर निविदित दर से 10 प्रतिशत से भी ज्यादा नीचे तक कोट किये गये निविदाओं को एल वन मानते हुए निविदा आबंटित करने का आरोप है। प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है।

कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री पर बिना अनुमति अनुपस्थित रहने का आरोप

इसी तरह कृषि विभाग के तत्कालीन अंडर सेक्रेट्री अनिल कुमार सिंह पर अनाधिकृत रूप से (बिना अनुमति के) अनुपस्थित रहने का आरोप है। सरकार ने इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

इसके अलावा वंशीधर नगर पंचायत गढ़वा के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार के खिलाफ राज्य सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। इनके खिलाफ बंशीधरनगर नगर पंचायत में सोलर लाइट अधिष्ठापन और फोर्निंग मशीन क्रय में अनियमितता का आरोप है। आरोप यह है कि ये उपकरण वास्तविक मूल्य से ज्यादा पर खरीद की गयी है।

### नामकुम के तत्कालीन सीओ को निंदन की सजा

नामकुम के तत्कालीन सीओ मनोज कुमार के खिलाफ जन सूचना पदाधिकारी के रूप में आवेदक को शपथ पत्र उपलब्ध नहीं करवाने और आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखने के आरोप में निंदन की सजा दी गयी है। बता दें कि निंदन की सज़ा के तहत, कर्मचारी की प्रोन्नति रोक दी जाती है।

# कोडरमा में संत रविदास मंदिर स्थापित को लेकर मामला गरमाया, दलित समाज के लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर स्थापित करने को लेकर दलित समाज काफी आक्रोशित है। मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली है। आक्रोश रैली कोडरमा समाहरणालय स्थित अंबेडकर चौक से एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा, जहां सभी धरने पर बैठ गए हैं।



मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी के प्रकाश अंबेडकर ने बताया कि डोमचांच के रूपनडीह में संत रविदास का एक मंदिर है, जो वर्षों पहले से बना हुआ है। कुछ महीने पहले ही वहां एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अयोध्या के राम मंदिर से संबंधित बैनर, पोस्टर और होर्डिंग के माध्यम से संत रविदास के मंदिर को ढक दिया गया है। जिससे दलित समाज में रोष है।

बसपा नेता ने कहा कि इस मामले को लेकर एक महीने पूर्व ही जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसके पश्चात आला अधिकारियों के निर्देश पर डोमचांच के सीओ और थाना प्रभारी उक्त स्थल का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे। लेकिन एक महीने बीत जाने के बाद भी होर्डिंग और पोस्टर यथावत स्थापित है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को वे सभी एसडीओ कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना देकर उक्त मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं हुई तो हम बड़े आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेता सईद नसीम ने भी मामले को कुकृत्य बताया है। उन्होंने कहा कि इस देश में सभी लोगों को अपने-अपने जाति धर्म के लोगों को पूजा करने की आजादी है। ऐसे में कुछ असामाजिक तत्व के लोग ऐसे कारनामे को करके जिले में अशांति का माहौल पैदा करने में जुटे हुए हैं।

## ट्रक से कुचलकर बच्चे की हुई मौत

**बेनीपुर, संवाददाता।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के महिनाम गांव के काली मंदिर के निकट ट्रक की ठोकर से स्थानीय पुरुषोत्तम ठाकुर के चार वर्षीय पुत्र अभिमन्यु कुमार ठाकुर की मौत हो गई। बुधवार को हुई घटना के बाद से स्थानीय लोग बेनीपुर–विशनपुर सड़क जाम कर मुआवजे का मांग किया। बताया जाता है कि बच्चा घर से खेलते खेलते जैसे ही सड़क के किनारे आया, वैसे ही तेज रफ्तार से आ रहा ट्रक चालक उसे कुचल दिया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों में इसको लेकर काफी आक्रोश देखा गया। लोग सड़क जाम कर नारेबाजी करने लगे।

## भाजपा बिहार प्रभारी तावड़े को सांसद ने दी बधाई

**दरभंगा संवाददाता।** आज देश दुनिया में भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार की जयजयकार हो रही है। भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान की चर्चा आज हर स्तर पर उदाहरण बना हुआ है। दिल्ली में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत भाजपा की देश स्तर पर बढ़ रही स्वीकार्यता का उदाहरण है। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से उनके आवास पर भेंट कर बधाई देते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने दिल्ली में बिहार प्रभारी श्री तावड़े से मुलाकात के क्रम में उन्हें मैथिली की संस्कृति के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित कर दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ श्री तावड़े की महती भूमिका तथा योगदानों के लिए उन्होंने इन से मिलकर अपनी बधाई दी है।

## औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बनाएंगे : मुख्यमंत्री

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि देव (औरंगाबाद) में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बनेगा। औरंगाबाद शहर में अदरी नदी के किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण भी होगा। यह कामा बिगहा (एनएच 2) से एपीजे अब्दुल कलाम पार्क के बीच 1500 मीटर लंबा होगा। यहां जिम, पार्क, आरसीसी चेयर आदि होंगे। मुख्यमंत्री, मंगलवार को अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान औरंगाबाद में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिले के लिए 554 करोड़ की कुल 195 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 के पहले बिहार की हालत बहुत खराब थी। हमारे काम से सबकुछ बेहतर हुआ। उन्होंने अपनी सरकार के काम बताए। इस क्रम में कब्रिस्तान व मंदिरों की घेराबंदी, शिक्षकों की नियुक्ति, साइकिल-पोशाक योजना, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया का निर्माण, नए मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, हर घर तक नल का जल, शौचालय, पक्की गली नाली, बिजली, जीविका की कामयाबी से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को दिए गए आरक्षण आदि की खासी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा-अब तक 9 लाख से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी मिली है। इतना ही नहीं 24 लाख लोगों को रोजगार दिया गया। इस साल तक कुल 12 लाख लोगों को नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा। हम लोग आगे भी भर्तियां करते रहेंगे।

**सीएम ने मॉडल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया** – मुख्यमंत्री ने मॉडल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इसकी 9 मंजिली बिल्डिंग में लिफ्ट लगाने की बात कही। उन्होंने डॉ.भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय (कुशी) की छात्राओं से बातचीत की। कहा-आप सभी खूब मन लगाकर पढ़िए। सीएम ने जीविका दीदियों व विभिन्न विभागों के स्टॉल देखे। जीविका दीदियों से बात की। जीविका दीदियों ने सीएम के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने बेढ़नी (देव) में पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन कर इसका निरीक्षण किया। महादलित टोला में विकास कार्यों को देखा।

# देश अभुतपूर्व संकट से गुजर रहा है: धीरेन्द्र झा

**दरभंगा, स्वराज खबर।** रविदास जयंती के अवसर पर भाकपा (माले) महानगर इकाई कि ओर से बदलो बिहार पदयात्रा निकला। जत्था कर्पुरी चौक से संतशिरोमणी रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर निकला जो बेंता होते हुए लहेरियासराय पहुंचा एवं दुसरा जत्था भगत सिंह नगर पंडासराय से संत शिरोमणी रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर जेल गेट लोहिया चौक पहुंचा दोनो ही जत्था मिलकर लहेरिया सराय टावर होते हुए विकास भवन स्थित अम्बेडर स्मारक के पास पहुंचा। पदयात्रा में शामिल लोग हाथों में लाल झंडा लिए बुलंद आवाज में नारे लगा रहे थे बुलडोजर राज नहीं चलेगा, 2 मार्च पटना महाजुटान को सफल करें।




पदयात्रा अम्बेडकर स्मारक पहुंचकर उन्हे माल्यार्पण कर नगर सचिव विनोद कुमार की अध्यक्षता में सभा आयोजन किया गया।सभा को सम्बोधित करते हुए माले पोलिट ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा ने कहा कि आज देश अभुतपूर्व संकट से गुजर रहा देश का संविधान व लोक तंत्र भारी खतरे में है। देश के सत्ता हड़प कर बैठी फासीवादी ताकत भाजपा देश की जनता की खुशहाली आपसी भाईचारा और अमन चैन को मटिया मेट करने पर आमदा है। उनके चहेते पूंजीपति देश को कंगाल बना रहे हैं। भाजपा-जदयू की सरकार यूपी के तर्ज पर बिहार में गरीबों के ऊपर बुलडोजर चला रही है। जहां एक तरफ विकसित बिहार की बात हो रही है वहीं दूसरी तरफ गरीबों के घर को बुलडोज किया जा रहा है। शहर के अंदर दासियों हजार परिवार सरकारी जमीन पर बसा हुआ है लेकिन सरकार उसे कानूनी अधिकार नहीं दे रही है। जिसके खिलाफ गरीबों के बीच जाकर अभियान चलाते हुए 2 मार्च को पटना में महा जुटान को सफल बनाने को अपील की। कार्यक्रम में जिला सचिव बैधनाथ यादव,आर के साहनी,नन्द लाल ठाकुर, उमेश साह, शिवन यादव, केशरी यादव, देवेंद्र कुमार, मोहम्मद मुर्तुजा, उपेंद्र राम, चंदन सहनी, उमेश महासेठ, गंगा मंडल, विक्की कुमार, रौशन कुमार, विनोद कुमार,रंजन सिंह,साधना शर्मा,धनराज साह,कामेश्वर पासवान,बासन्ती देवी, रानी देवी,प्रिंस राज आदि लोग शामिल थे।

## दरभंगा बार एसोसिएशन द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रम की हुई घोषणा

**दरभंगा संवाददाता।** जिला बार एसोसिएशन दरभंगा का द्विवार्षिक चुनाव के लिए कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है।इस चुनाव के लिए अधिकृत निर्वाचन पदाधिकारी जीतेंद्र नारायण झा ने निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए अधिवक्ता लोकेश कुमार झा ,अनिल कुमार प्रसाद और अधिवक्ता नीरज कुमार सिन्हा से विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्वाचन प्रक्रिया की तिथि की घोषणा किया।दरभंगा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के द्विवार्षिक चुनाव निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कराये जायेंगे।सभी पदों के लिए अधिवक्ता अभ्यर्थियों द्वारा 28 फरवरी,01 मार्च,और 3 मार्च को चुनाव कार्यालय में अपराहन 12 बजे से 3 बजे तक नामांकन प्रपत्र दाखिल किया जायेगा।

4 मार्च को अपराहन 1 बजे से 3 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की जांच की जायेगी। 5 मार्च को अपराहन 1 बजे से 3 बजे के बीच नामांकन वापसी की जायेगी। 22 मार्च को सुबह के 9 बजे से 5 बजे शाम तक मतदान किया जायेगा। 23 मार्च को सुबह 9 बजे से बार एसोसिएशन भवन दरभंगा में मतगणना प्रारंभ की जायेगी।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सं 01, उपाध्यक्ष सं 02 तथा उपाध्यक्ष सं. 03 के लिए नामांकन शुल्क 1000/ रुपया तथा 20 वर्ष या उससे अधिक का अनुभव अनिवार्य है।वहीं महासचिव पद के लिए नामांकन शुल्क 1000/ तथा 10 बर्ष या उससे अधिक का प्रैक्टिस का अनुभव अनिवार्य है।

संयुक्त सचिव वित्त, संयुक्त सचिव भवन, संयुक्त सचिव पुस्तकालय, सहायक सचिव नं. 01,सहायक सचिव नं.02,सहायक सचिव नं.03,पद के लिए नामांकन शुल्क 500/ , तथा 7 बर्ष या उससे अधिक का प्रैक्टिस अनिवार्य है।कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 500/ और10 बर्ष का अनुभव, अंकेक्षक पद के लिए 500/ और 7 बर्ष का अनुभव आवश्यक है। वरीय कार्यकारिणी सदस्य के लिए नामांकन शुल्क 250/और 25 बर्षो का प्रैक्टिस और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 250 रुपया नामांकन शुल्क और 5 बर्षो का प्रैक्टिस को अनिवार्य घोषित किया गया है।

वहीं वैसे उम्मीदवार जो दो अवधि तक लगातार एक हीं पद पर चुनाव जीत चुके हैं वे तिसरी बार उम्मीदवार नही होंगे। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए प्राधिकृत निर्वाची पदाधिकारी द्वारा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा के बाद वकालतखाना में वकीलों के बीच चूनाव की चहलकदमी बढ़ गई है।

## समाज सुधारक संत रविदास की जयंती समारोह आयोजित

### संत रविदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को प्रेम व सद्भाव का संदेश दिया : डॉ मुरारी मोहन

**दरभंगा, स्वराज खबर।** भाजपा दरभंगा जिला की ओर से लहेरियासराय उत्तरी मंडल अन्तर्गत मदारपुर में नरेश राम के अध्यक्षता में महान संत, समाज सुधारक और दर्शनशास्त्री गुरु रविदास की जयंती समारोह मनायी गईं।




समारोह को सम्बोधित करते हुए केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा की संत रविदास ने जातिवाद व सामाजिक भेदभाव के खिलाफ मुखरता से आवाज उठाई और अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को प्रेम, करुणा और सद्भाव का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएँ और आदर्श हमें समरसता और एकता के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा उत्तरी जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना,निवर्तमान जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी, डॉ मृदुल शुक्ला,अशोक नायक,अंकुर गुप्ता,संगीत साह,संजय महतो, ओमप्रकाश सिंह, संतोष पोद्दार, मुन्ना राम, राजू तिवारी,विकास चौधरी,सोनी पूर्वे, अशर्फी राम, विश्वनाथ राम, कन्हैया पासवान, मुन्ना राम,मंजन पाठक, राकेश कुमार, दुर्गा राम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिहार में मिट्टी खोदने के दौरान मिली 2 हजार साल पुरानी विष्णु की मूर्ति, थाने में रखी गई प्रतिमा

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार के भागलपुर के शाहकुंड थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में खुदाई के दौरान एक प्राचीन प्रतिमा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. यह प्रतिमा भगवान विष्णु की है. मूर्ति करीब डेढ़ फुट ऊंची बताई जा रही है.अनुमान लगाया जा रहा है कि यह प्रतिमा दो हजार साल पुरानी है. मूर्ती को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. भागलपुर में मिली विष्णु की मूर्तीः फतेहपुर गांव निवासी ललन मंडल अपने निजी आवास के निर्माण के लिए खुदाई करा रहे थे. तभी मजदूरों को जमीन के अंदर ठोस पदार्थ होने का एहसास हुआ. जब उसे बाहर निकालने का प्रयास किया गया तो एक अद्भुत प्रतिमा दिखाई दी. खुदाई के दौरान प्रतिमा को हल्की क्षति भी पहुंची है. थाने में रखी गई प्रतिमाः घटना की सूचना मिलते ही शाहकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा को अपने संरक्षण में ले लिया. बाद में इसे थाना परिसर में रखा गया. भागलपुर संग्रहालय के अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार यादव ने बताया कि यह प्रतिमा 7वीं शताब्दी की दुर्लभ मूर्ति है और इसे संग्रहालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

# त्रिमुहानी में संगम स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु

**बेनीपुर, दरभंगा संवाददाता।** अनुमंडल के धार्मिक ऐतिहासिक स्थल त्रिमुहानी में कमला व जीवछ नदी के संगम स्थल पर माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को पवित्र स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ पड़ा। संगम तट के किनारे त्रिभुवन नाथ मंदिर एवं 21 फुट लंबा भव्य शिव की प्रतिमा लोगों के बीच धार्मिक उत्साह बढ़ाते रहा। इसके अलावे नारबांघ, पोहद्दी भूतनाथ, इटहरवा जीवछ व कमला में सुबह से लोग स्नान करने में जुटे हैं। जिला के धार्मिक ऐतिहासिक स्थल त्रिमुहानी में साल में दो बार माघी एवं कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर विभिन्न जिला के श्रद्धालुओं पवित्र स्नान करने पहुंचते हैं। स्थानीय अमन यादव, मदन सदा, सिकंदर सहनी



ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण एवं राम इस संगम स्थल पर स्नान किए थे। त्रिमुहानी संगम स्थल पर स्नान करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पांव रखने कि जगह नहीं मिल रही थी। स्नान करने के बाद तट पर त्रिभुवन नाथ के मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। कुछ लोगों के मुराद पूरी होने पर अपने-अपने बच्चों को तट पर मुंडन संस्कार किया तथा पाठी (बकरी के बच्चे) कमला जीवछ को चढ़ाया।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बहेड़ा थाना पुलिस दंडा अधिकारी,पार्षद हरमोहन यादव,बलदेव यादव, कुशेश्वर यादव, चंदन सहनी दिन भर लग रहे। पोहद्दी भूतनाथ मंदिर के निकट कमला नारबांघ और इटहरवा में जीवछ नदी में स्नान करने अच्छे खासे लोग पहुंचे। माघी पूर्णिमा स्नान और मेला के कारण बहेड़ा-बहेड़ी,बेनीपुर-दरभंगा रोड पर आवागमन प्रभावित होता रहा।

# आनंदपुरी और कुर्जी नाले पर बनेगी दो लेन की सड़क, 286 करोड़ खर्च होंगे

### इसी महीने कैबिनेट की मुहर लगेगी, मार्च के बाद टेंडर, इसी वर्ष निर्माण शुरू होगा

**पटना, एजेंसी।** पटना के दो बड़े नालों को ढंक कर 286 करोड़ की लागत से दो लेन की सड़क बनाने की मंजूरी दी गई है। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव पर इसी महीने कैबिनेट की मुहर लगेगी। 4.05 किमी लंबे आनंदपुरी नाला को ढंकने पर 105.20 करोड़ खर्च होंगे। इसमें बाबा चौक से अटल पथ तक फोरलेन सड़क बनेगी। वहीं 4.26 किमी लंबे कुर्जी नाले पर सड़क बनाने की लागत 181 करोड़ तय की गई है। अगले महीने के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। टेंडर होगा, एजेंसी चुनी जाएगी और इसी वर्ष निर्माण शुरू हो जाएगा। दोनों सड़कों के किनारे स्ट्रीट लाइट लगेगी, सौंदर्यीकरण भी होगा। इनके बनने से पटना के 60 से अधिक मोहल्लों की बड़ी आबादी (करीब 2 लाख) को रोज के जाम से निजात मिलेगी। हर साल बारिश के दौरान होने वाले जलजमाव से राहत मिलेगी।



### अभी तीन बड़े नालों को ढंककर बन रही सड़क

**सैदपुर नाला :** 14 वार्डों में बसी लाखों की आबादी की जलनिकासी के लिए यह नाला है। राजेंद्रनगर के प्रेमचंद गोलंबर से पहाड़ी ड्रेनेज स्टेशन तक यह नाला है। इसके बाद बादशाही पईन होते नाला पुनपुन नदी में मिलता है। नाले को 60 फीसदी ढंका जा रहा है। दोनों तरफ 20 फीट सड़क का पक्का निर्माण भी किया जा रहा है। एक वर्ष में बना देना है। पटेल नगर के बाबा चौक से अटल पथ, एएन कॉलेज, बोरिंग रोड, आनंदपुरी मोहल्ला होते राजापुर पुल ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन तक यह नाला है। इसकी लंबाई 4.05 किमी है। अभी खुला नाला होने के कारण हर साल दो बार उड़ाही करनी पड़ती है। लोग घरों का कूड़ा-कचरा भी नाला में गिराते हैं। इस पर सड़क बनने से पटना के 4 वार्डों के बड़े मोहल्लों, नंबर-4 (बाबा चौक और पटेल नगर), नंबर-8 (राजवंशी नगर, शिवपुरी), नंबर-22 (बोरिंग रोड) और नंबर-23 (आनंदपुरी) में बसी आबादी का जीवन आसान हो जाएगा।

**बाकरगंज नाला:** 1.46 किमी लंबे बाकरगंज नाले में सालीमपुर अहरा, भंवर पोखर, दलदली रोड, लालजी टोली, राजेंद्र पथ, रेलवे कॉलोनी के साथ गांधी मैदान इलाके के रामगुलाम चौक से मौर्या होटल तक के नाले मिलते हैं। इस नाले पर सड़क को बुडको बना रहा है। पीरमुहानी चौक से अंटा घाट तक नाले पर रोड बनने से उस इलाके के लोगों को एक अतिरिक्त रोड मिल जाएगा। इसी वर्ष इसे बना देना है।

आशियाना दीघा रोड के राजीवनगर से रोड नंबर 6 के पास शकुंतला मार्केट, अटल पथ, कुर्जी गांव होते कुर्जी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन तक यह नाला है। इसकी लंबाई 4.26 किमी है। इस नाले के दो हिस्से बीएमपी कौटिल्य नगर से बेली रोड और बेली रोड से आशियाना-दीघा रोड होते राजीवनगर मोड़ तक को ढंक कर पहले ही दो लेन का रोड बनाया जा चुका है। पटना के 4 वार्डों के बड़े मुहल्लों, नंबर-4 (बाबा चौक और पटेल नगर), नंबर-1 (अटल पथ), नंबर-5 (कुर्जी इलाका), नंबर-6 (राजीव नगर) और नंबर-7 (बाबा चौक मोड़ शकुंतला मार्केट) की आबादी को राहत मिलेगी।

**मंदिरी नाला:** 1.28 किमी के मंदिरी नाले में एसपी वर्मा रोड, छज्जूबाग, एमएलए फ्लैट, मीठापुर, बाबू बाजार, सिंचाई भवन, गर्दनीबाग, बाबू बाजार, धोबी घाट और इको पार्क के नाले मिलते हैं। बेली रोड पर तारामंडल के सामने से अशोक राजपथ स्थित बांसघाट तक इस नाले के ढंक कर सड़क बन जाने से ट्रैफिक को बड़ी सहूलियत होगी। इसके एक तरफ अभी दो लेन की सड़क है। नाले को ढंकने से फोरलेन रोड बन जाएगा। अगले 6 महीने में यह बन जाएगा।

## बॉयफ्रेंड ने वीडियो कॉल पर गर्लफ्रेंड के सामने लगाई फांसी

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में मंगलवार को गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात करने के दौरान एक लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जय किशोर कुमार (25) के रूप में हुई है, जो फोर्ड कंपनी चौक स्थित टीवीएस शोरूम में काम करता था। लड़के के घरवालों ने मृतक की प्रेमिका पर ब्लैकमेलिंग और टॉर्चर का आरोप लगाया है। जय किशोर की बहन ने बताया, मेरे भाई की गर्लफ्रेंड निशा ने मुझे कॉल किया था और कहा कि मैंने तुम्हारे भाई को मार दिया है, अब खुद सुसाइड करने जा रही हूं। इसके बाद मैंने अपने भाई के दोस्त अशोक और गौरव को कॉल किया और भाई के पास पहुंचने को कहा। गौरव जब वहां पहुंचा तो भाई की लाश फंदे से लटक रही थी। उसकी गर्लफ्रेंड भी वहां मौजूद थी। गौरव को देखते ही निशा वहां से भाग निकली। मृतक के भाई संतोष कुमार का कहना है कि जय किशोर किराए पर फ्लैट लेकर शहर के मधुबनी मंझेली चौक के तारानगर इलाके में रहता था।

## यूपी में भीषण सड़क हादसे में बिहार के तीन लोगों की मौत, महाकुंभ से विंध्याचल जाने के दौरान दुर्घटना

**गया, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे बिहार के तीन लोगों की मौत सड़क हादसे में हो गयी. उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के पास कार और स्कॉर्पियो में जबरदस्त से टकरा गई. इस हादसे में गया के अतरी थाना के पथरौरा गांव निवासी इंद्रजीत सिंह और उनके पुत्र राजीव कुमार की मौत हो गई. एक और व्यक्ति कृष्णा सिंह की भी मौत इस हादसे में हो गयी.

**मिर्जापुर में हादसा :** जानकारी के अनुसार अतरी थाना के पथरौरा गांव से रविवार की शाम कुछ लोग प्रयागराज महाकुंभ गए थे. वहां से स्नान करने के बाद मंगलवार को सभी विंध्याचल जा रहे थे. इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के पास इनकी कार एक स्कॉर्पियो से टकरा गई. तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि लोग घायल है. घायल में इंद्रजीत सिंह की पत्नी निर्मला देवी, कृष्णा सिंह की पत्नी श्याम देवी और 6 वर्षीय पोता शिवांशु कुमार शामिल हैं. घायलों का इलाज वाराणसी में किया जा रहा है. मृतक के शव को मिर्जापुर पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में पुलिस चौकी के सामने कत्लः ठेकेदार के भाई की हत्या...इस बदलाव से खफा थे कुली, करते थे मारपीट

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में पार्सल ठेकेदार के भाई की हत्या की अहम वजह रोडवेज बसों में पार्सल लादने और उतारने में कुलियों की मनमानी पर रोक लगने को बताया जा रहा है। बुकिंग का सामान बसों में चढ़ाने-उतारने का काम ठेकेदार के कारिंदों को मिलने से कुलियों की आजीविका प्रभावित हो रही थी। इसको लेकर दोनों पक्षों में बीते दो माह में चार से पांच बार झगड़े हो चुके थे। रोडवेज बसों में व्यापारी अपना माल कुलियों से रखवाते थे और परिचालक से अनुमानित वजन व आकार के हिसाब से टिकट बनवा लेते थे। इस व्यवस्था में कई बार यात्रियों को नफा-नुकसान खास नहीं होता था पर बसों के स्टाफ से लेकर कुलियों तक को ऊपरी आमदनी का रास्ता खुला रहता था। कई बार यात्री से समझौते के आधार पर माल का टिकट नहीं भी बनाया जाता था या मामूली बना दिया जाता था। परिवहन निगम ने जब इसके लिए नियमावली तय कर दी। यह काम ठेकेदारों के हवाले कर दिया। प्रतापगढ़ निवासी अतुल पांडेय को बरेली सेटेलाइट स्टैंड का ठेका मिला तो उनके बड़े भाई अनुज पांडेय भी उनके साथ आकर हाथ बंटाने लगे।

**कुलियों का काम हो गया था लगभग ठप** – रोडवेज बसों में सेटेलाइट से लदने वाले माल के पार्सल की पर्ची स्टैंड परिसर में बने ठेकेदार के काउंटर से कटने लगी। साथ ही ठेकेदार के ही चार मजदूर बसों में लदान की व्यवस्था करने लगे। तब से ही सेटेलाइट बस अड्डे पर पंजीकृत कुलियों का काम लगभग ठप सा हो गया था। नौबत यादव इनका नेता था, इसलिए ठेकेदारों से तकरार में वह हमेशा आगे रहता था। अब मामला हत्या तक जा पहुंचा।

### एक फंदे से लटके थे शवज्बच्चों ने मचाया शोर, लोग बोले- प्रेम प्रसंग की हो गई थी जानकारी

**हमीरपुर , एजेंसी।** हमीरपुर जिले में मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहुनी गांव में दंपती ने एक ही साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों मंगलवार की दोपहर ससुराल से घर लौटे थे। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका। ग्राम प्रधान बिहूनी खुर्द भूपेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके भांजे सोहन लाल उर्फ छुन्ना (26) पुत्र काशी प्रसाद व उसकी पत्नी समीक्षा (23) अपने घर में छत में लगे कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्हें मोहल्ले के बच्चों ने शव लटका होने की जानकारी दी थी। बताया कि छुन्ना अपनी पत्नी के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने ससुराल मौदहा क्षेत्र के करहिया गांव गया था और मंगलवार दोपहर दोनों लौट आए। सोहल लाल के चार भाई व मां कासगंज स्थित ईंट भट्ठों में मजदूरी करते है और घर में दोनों अकेले रहते थे।

#### आत्महत्या का मामला हो रहा है प्रतीत

शाम साढ़े चार बजे छुन्ना को मोहल्ले वासियों ने मोहल्ले में टहलते देखा है। शादी दो साल पहले हुई है और कोई संतान नहीं है। सीओ राठ राजकुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। युवक व महिला के परिजनों को सूचना दी गई है। आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

**पारिवारिक भाई की शादी से लौटी थी समीक्षा-** समीक्षा अपने पारिवारिक भाई करहिया गांव निवासी योगेंद्र की शादी में शामिल होने गई थी। करहिया गांव निवासी समीक्षा की सहेली के अनुसार आज ही तो यहां से अपनी ससुराल गई है। उसके चेहरे की खुशी देख जरा भी अहसास न था कि वह ऐसा कदम उठा सकती है।

#### किसी युवक से था प्रेम प्रसंग

मोहल्लेवासियों के अनुसार महिला का गांव के ही किसी युवक से प्रेम प्रसंग था। इसकी जानकारी शादी समारोह के दौरान छुन्ना को हो गई। इसी बात को लेकर ससुराल पहुंचने के बाद दोनों में विवाद हुआ होगा और दोनों ने फंदा लगा लिया।

# पतित पावनी यमुना मैलीः दूर-दूर तक गंदगी, बह रहा सीवेज



**आगरा , एजेंसी।।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश जल निगम को 38 नालों की सफाई के लिए कदम उठाने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई, जिसके परिणामस्वरूप अनुपचारित सीवेज सीधे यमुना में बह रहा है। अपने आदेश का पालन न करने से नाराज जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने निकाय के प्रबंध निदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश होने और चूक के बारे में बताने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, हमें लगता है कि 25 नवंबर, 2024 के आदेश का कोई अनुपालन नहीं किया गया है। हम उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक को अगली सुनवाई की तारीख से एक सप्ताह पहले व्यक्तिगत अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। उत्तर प्रदेश जल निगम के वकील ने कहा कि 38 नालों और पांच आंशिक रूप से टैप किए गए नालों को टैप करने के लिए अंतरिम उपाय आगरा नगर निगम की ओर से किए जाने थे।

शीर्ष अदालत ने पहले जल निगम को नालों को टैप करने के लिए अंतरिम उपाय करने का निर्देश दिया था और सभी संबंधित अधिकारियों से कहा था कि वे काम करने के लिए जिनकी मंजूरी की आवश्यकता है, वे तुरंत मंजूरी जारी करें। नदी तल से गाद, कीचड़ और कचरा हटाने के मामले में न्यायालय ने आईआईटी रुड़की की रिपोर्ट को रिकार्ड में लिया, जिसमें कहा गया था कि 5 से 6 मीटर तक गाद हटाना व्यवहार्य नहीं है।

शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश और जल निगम को हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया था कि नदी तल पर कचरा न डाला जाए, इसके लिए उन्होंने क्या उपाय सुझाए हैं। वहीं बेंच ने नालों को टेप करने के लिए अनुपालन रिपोर्ट एक माह में मांगी थी। जलनिगम ने अपने हलफनामे में कहा कि 136 करोड़ रुपये की डीपीआर नमामि गंगे योजना में भेजी गई है। याचिकाकर्ता व अधिवक्ता केसी जैन ने बताया कि जब तक यमुना में नालों का जाना बंद नहीं होता, तब तक बैराज निर्माण संभव नहीं है।

### बाबा के दर्शन से पहले तीन श्रद्धालुओं सहित चार की मौत, कतार में ही हो गए थे बेहाश




**वाराणसी , एजेंसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब तीन श्रद्धालु अचेत होकर गिर पड़े और कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। उन्हें मंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा कैंट रेलवे स्टेशन पर भी तबीयत बिगड़ने से बिहार के एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजन इनकी लाश को लेकर अपने-अपने घर चले गए।

जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु महाकुंभ से काशी में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने आए थे। पोस्टमार्टम करवाने से परिजनों ने इन्कार कर दिया था, जिससे मौत के कारण का पता नहीं चला सका। इनमें सिर्फ सिलीगुड़ी के निवासी एक व्यक्ति का अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। मृतकों में बिहार के छपरा निवासी संजय कुमार (43) सिलीगुड़ी (पंश्चिम बंगाल) निवासी (54) और दिल्ली निवासी शक्ति माथुर (63) शामिल रहे। बताया जा रहा है कि दोपहर बाद श्रद्धालु करतारबद्ध होकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए पहुंच थे। उनके गिरते ही परिजन भी हैरान हो गए कि आखिर क्या हो गया? सूचना पाकर मंदिर के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। चेहरे पर पानी मारकर होश में लाने की कोशिश की गई लेकिन कुछ आवाज नहीं आ रही थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को मंडलीय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कैंट रेलवे स्टेशन पर मुजफ्फरपुर (बिहार) के निवासी विजैन सेन की हालत खराब होने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। इनमें किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं किया गया।

### बरेली में मुठभेड़ः रामपुर के छह बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से दर्द से तड़पा गैंगस्टर...जोर-जोर से रोया

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात मुठभेड़ के दौरान रामपुर के बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रात दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि इस्लामिया ग्राउंड में कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि जिस बदमाश को गोली लगी है, वह रामपुर जिले का निवासी गैंगस्टर गुलशन है। मुठभेड़ के बाद का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घायल बदमाश दर्द से कराहता दिख रहा है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिसकर्मी उसे पकड़कर ले जाते दिख रहे हैं। गुलशन और उसके साथी काफी समय से बरेली में रहकर चोरी और लूट की वारदात कर रहे थे।

## नहर के दोनों तरफ 200-200 मीटर पर लगेंगे पिलर



**आगरा, एजेंसी।** आगरा में नहरों के दोनों तरफ 200-200 मीटर दूरी पर पिलर लगेंगे। अतिक्रमण रोकने के लिए यह निर्देश मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने सिंचाई बंधु बैठक में दिए हैं। साथ ही आगरा रजवाह व टर्मिनल को मॉडल नहर की तरह बनाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बालूगंज स्थित जिला पंचायत कार्यालय पर मंगलवार को सिंचाई बंधु बैठक से जल निगम अधिकारी गैरहाजिर रहे। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जल जीवन मिशन के तहत कार्य चल रहे हैं। अध्यक्ष ने इस लापरवाही पर जल निगम अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने आगरा रजवाह पर बने सात पुलों को तोड़कर नए पुल बनाने, कैचारा, सकतपुर, गढ़सानी माइनर क्षतिग्रस्त रेगूलेटर को बदलने और नहरों पर कार्यों को मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश दिए।

## दहेज के लिए महिला की गला दबाकर हत्या, आरोपी पति पकड़ा

**अलीगढ़, एजेंसी।** मायके वालों का आरोप है कि रात आठ बजे भी ससुराल वाले हेमलता को पीट रहे थे तो वह मायके आने के लिए दरवाजे के बाहर आ गई। इस पर पति सहित ससुराल वाले उसे सड़क से बाल पकड़कर खींचते हुए घर के अंदर ले गए और गला दबाकर हत्या कर दी। हाथरस जंक्शन के गांव बाघऊ में दहेज के लिए एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी पति को पकड़ लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद मायके वाले शव मोहल्ला अहिरान स्थित अपने घर लाए, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। मोहल्ला अहिरान निवासी हेमलता (28) पुत्री पूरन सिंह की शादी राहुल निवासी बाघऊ थाना हाथरस जंक्शन के साथ आठ साल पहले हुई थी। दंपती के दो बेटे लक्कू और प्रिंस हैं। हेमलता के चाचा राजकुमार ने बताया कि शादी के बाद से ससुराल वाले उनकी भतीजी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। इससे परेशान होकर भतीजी कई-कई माह मायके में रहकर जाती थी। 10 फरवरी की रात आठ बजे भी ससुराल वाले भतीजी को पीट रहे थे तो वह मायके आने के लिए दरवाजे के बाहर आ गई।

## आईआईटी-जेईईः लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, हासिल किए 100 परसेंटाइल अंक

**लखनऊ, एजेंसी।** देश भर के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश के लिए होने वाली जेईई मेन का परिणाम मंगलवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जारी कर दिया। इसमें लखनऊ के श्रेयस लोहिया ने 100 परसेंटाइल अंक हासिल कर राज्य स्तर पर टॉप किया है, जबकि लखनऊ में गोमतीनगर के रहने वाले अथर्व ने 95.95 परसेंटाइल अंक हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया। एनटीए की ओर से जारी परिणाम में देश भर में 14 अभ्यर्थियों ने जेईई मेन में 100 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इसमें राजस्थान से पांच और उत्तर प्रदेश से दो अभ्यर्थी हैं। जबकि बाकी अन्य दूसरे राज्यों से हैं। जेईई मेन का आयोजन 22 से 30 जनवरी के बीच किया गया था। अब एडवांस की परीक्षा मई में प्रस्तावित है।

#### टाइम टेबल बनाकर की पढ़ाई

अभी मैं बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। जेईई मेन के दौरान हर दिन 16 से 18 घंटे पढ़ाई की। उसका परिणाम ये रहा कि 100 परसेंटाइल अंक मिले। समय का सदुपयोग किया। स्कूल के बाद घर में टाइम टेबल के मुताबिक, पढ़ाई करता था। आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस से बीटेक करना चाहता हूं। मेंस के बाद अब मेरा लक्ष्य एडवांस है, जिसके लिए अलग स्ट्रैटजी से पढ़ाई कर रहा हूं। मेरे पिता गजेंद्र लोहिया भी दुग्ध संघ में इंजीनियर हैं, जबकि भाई आईआईटी रुड़की से बीटेक कर रहा है।- श्रेयस लोहिया, 100 परसेंटाइल

#### घंटों के बजाय चैप्टर तय किए

अपनी मेन परीक्षा में घड़ी घंटों को गिनने के बजाय विषयवार चैप्टर पढ़े। इससे समय का बोझ नहीं हुआ और सभी चीजें कवर भी हुईं। परिणाम संतोषजनक है। अब एडवांस के लिए तैयारी करने के साथ ही इंटरमीडिएट की परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। पिता जयंत कुमार और मां सीमा गुप्ता व्यवसायी हैं।

## इस बार 16 दिन का होगा विधानसभा का बजट सत्र, 20 फरवरी को आएगा बजट; सत्र के हंगामेदार होने की संभावना



**लखनऊ , एजेंसी।** विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होगा और 5 मार्च तक चलेगा। 16 दिनों तक चलने वाले सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। हालांकि सदन शांतिपूर्ण चलाने के लिए कवायद की जा रही है। 18 फरवरी को सत्र की शुरुआत विधानसभा और विधान परिषद की संयुक्त बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर विपक्ष ने सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आक्रामक तेवरों को देखते हुए साफ है कि इस मुद्दे पर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान होगी। केंद्रीय बजट की तरह प्रदेश के बजट अभिभाषण के विरोध की भी विपक्ष ने तैयारी की है। इन सबके बीच विधानसभा सत्र 5 मार्च तक चलाने की रूपरेखा फाइनल हो गई है। इस बार प्रदेश का बजट लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का होने की उम्मीद है, जो केंद्रीय बजट का लगभग 16 फीसदी होगा।

इस बजट में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य को बढ़े हुए आवंटन को शामिल किया जाएगा। चूंकि केंद्र में इस बार मध्यम वर्ग पर खास फोकस किया गया है, इसलिए उम्मीद है कि प्रदेश के बजट में भी इसका असर दिखेगा। किसानों के कल्याण के लिए बजट की मोटी धनराशि का प्रावधान होगा। तकनीक, रोजगार और बुनियादी ढांचे पर होने वाले खर्च के मद में भी ज्यादा बजट होगा।

### गश्त के दौरान पुलिस की अनियंत्रित कार दुकान में घुसी, दरोगा की मौत

**रायबरेली, एजेंसी।** रायबरेली में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में घुस गई। हादसे में सेमरी चौकी इंचार्ज की मौके पर मौत हो गई तो वहीं तीन पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पुलिस कर्मियों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मामला खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगत ढाबा के पास है। जहां बीती मंगलवार देर रात रात गश्त के दौरान सेमरी चौकी इंचार्ज चमन सिंह की गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गई। इस घटना में चौकी इंचार्ज चमन सिंह सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज लाया गया, जहां चौकी इंचार्ज चमन सिंह की मौत हो गई। वहीं गंभीर हालत में तीन पुलिसकर्मी जितेंद्र, उदय व सूर्यभान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। चमन सिंह बहराइच के रहने वाले थे। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया की बहुत ही दुर्भाग्य घटना है। टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

# महाकुंभ में तैनात सिपाही के पिता की गर्दन रेतकर हत्या...

## नग्न हालत में लहूलुहान चादर से ढका मिला शव

**मेरठ , एजेंसी।** महाकुंभ में तैनात पीएसी के सिपाही सचिन के पिता रवि शंकर (52) की गांव इकवारा में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। रवि शंकर खेतीबाड़ी करते थे। हत्यारोपी उनके शव को घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर लुकाधड़ी गांव के जंगल में एक रास्ते पर छोड़कर फरार हो गए। पिता की हत्या की सूचना पर सचिन प्रयागराज से वापस लौट रहा है। मंगलवार सुबह किसान का अर्द्धनग्न अवस्था में शव मिला। मृतक के भतीजे प्रिंस खारी ने वन चौकीदार रामबीर को नामजद कर अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस हत्यारोपी को तलाश रही है। पुलिस हत्या का कारण शराब पीकर कहासुनी मान रही है। इकवारा निवासी किसान रवि शंकर सोमवार को अपने घर से गजपुरा के जंगल में अपने खेत पर सिंचाई करने की बात कह कर गए थे, परंतु देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने इधर-उधर तलाश



किया, परंतु देर रात तक भी कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह लुकाधडी गांव से कुंडा जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे उनका शव मिला।

रवि शंकर के मुंह व गर्दन पर नुकीले और धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। गर्दन रेती गई थी। पैरों पर लाठी से पीटने के निशान थे। शव को कपड़े से ढक रखा था। सुबह खेतों पर जाने वाले ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखा, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे।

एसपी देहात और सीओ मवाना ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भतीजे प्रिंस खारी ने हस्तिनापुर थाना पर वन चौकीदार रामबीर निवासी सैफपुर कर्मचंदपुर व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हत्या कर शव घसीट कर ले गए, कई लोग हो सकते हैं शामिल

पुलिस ने जांच की तो पता चला कि रवि शंकर सोमवार को गजपुरा गांव के समीप ट्यूबवेल पर पानी चला रहा था। लोगों ने देर शाम तक उसे ट्यूबवेल पर ही देखा था। पुलिस ने ग्राम गजपुरा के जंगल में स्थित जब उस ट्यूबवेल पर भी पहुंचकर देखा तो वहां पर मृतक की खून से सनी हुई पेंट व खून के निशान पाए गए। रवि शंकर की हत्या ट्यूबवेल पर करने के पश्चात शव को कुछ दूर तक घसीट कर ले जाया गया। बाद में लुकाधड़ी गांव के जंगल में शव को डाल दिया गया। पुलिस का मानना है कि हत्या में एक से अधिक लोग शामिल रहे हैं। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि नामजद कराए गए वन चौकीदार रामबीर से रवि शंकर की गहरी दोस्ती थी। दोनों अकसर एक साथ शराब पीते थे।

**परिजनों ने रंजिश से किया इनकार–** पुलिस का कहना है कि किसान के परिजनों से जानकारी मिली है कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वहीं पुलिस अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। क्योंकि मृतक शराब पीने का भी आदी बताया जा रहा है। मौके पर फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने भी पहुंचकर घटना के साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घटनास्थल से एक डंडा, चादर और चप्पल मिले हैं।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा कानून का दुरुपयोग

इसमें कोई दोराय नहीं कि महिलाओं को घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से बचाने के लिए जो कानून बने हैं, वे अपने उद्देश्य और प्रभाव के स्तर पर वास्तव में लागू होने चाहिए। मगर इन कानूनों के पालन के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है कि जाने या अनजाने इस कानून का किसी रूप में दुरुपयोग न हो। विडंबना यह है कि कई बार कानूनों का इस्तेमाल मुख्य आरोपी के साथ ही ऐसे लोगों पर भी कर दिया जाता है, जो संबंधित मामले में भागीदार नहीं होते। ऐसे मामलों में अगर किन्हीं वजहों से ऐसे आरोप गलत साबित होते हैं, तो न केवल पीड़ित को असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है, बल्कि कानूनों के बेजा इस्तेमाल का सवाल भी उठता है।शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ निपटने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक रूप से नहीं घसीटा जा सकता।महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम के लिए बने कानूनों का मकसद समाज में महिलाओं के खिलाफ कई स्तर पर पलने वाले हिंसक रवैये से उन्हें सुरक्षा देना है। अगर किन्हीं हालात में महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटना होती है और पीड़ित उन्हीं कानूनों का सहारा लेकर न्याय की मांग करती है, तो यह स्वाभाविक है। लेकिन अगर इस क्रम में कठघरे में वैसे लोग भी आ जाएं, जिनकी कोई भूमिका न हो, तो ऐसे में कानूनों के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठते हैं।उत्पीड़न के समय पीड़ित को बचाने के लिए आगे न आने पर संवेदनशीलता, मानवीयता और जिम्मेदारी के सवाल उठाए जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए किसी को कानून के कठघरे में खड़ा करने की मंशा को उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि सामाजिक पूर्वाग्रहों की वजह से कई बार ऐसे हालात पैदा होते हैं, जिनकी शिकार महिलाएं होती हैं। ऐसे में कानून का सहारा लेने के मामले में ईमानदारी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है।

# शिक्षा की मजबूत बुनियाद पर खड़ा होगा विकसित भारत

**बुनियादी शिक्षा का सशक्त होना सबसे जरूरी है। इसी दिशा में दूरदर्शी सुधार है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जिसने साक्षरता व संख्यात्मकता को पूरी शिक्षा प्रणाली की नींव के रूप में स्थापित किया है। इस नीति के कारण निपुण भारत अभियान का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य 2027 तक हरेक बच्चे को तीसरी कक्षा से पहले निपुण बनाना है। इस अभियान ने राज्यों में शिक्षण से जुड़े लोगों को सशक्त बनाते हुए व्यवस्था में बदलाव के चार मुख्य सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। पहला सिद्धांत है, पूरी व्यवस्था को एक स्पष्ट लक्ष्य की ओर ले जाना। उस लक्ष्य को पाने के लिए इस सिद्धांत की शुरुआत शिक्षण मूल्यांकन से होती है, ताकि यह समझा जा सके कि हमारे बच्चों की शिक्षा किस स्तर पर है। जुलाई 2021 में निपुण भारत मिशन के शुभारंभ के तुरंत बाद नवंबर 2021 में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण हुआ।**

(अनिता करवाल)

अगर हम आज यह लेख पढ़ पा रहे हैं, तो हमें अपनी स्कूली शिक्षा के शुरुआती पांच वर्षों का आभार मानना चाहिए। स्कूल के पहले दिन को याद करें- घबराहट, अनजाना माहौल, माता-पिता से आंसुओं के साथ विदा होना। साथ ही, एक नए दौर की प्रत्याशा। किसने सोचा था कि इन्हीं पांच वर्षों में जो हमने पढ़ना, लिखना और अंकगणित सीखा, उसी के कारण हमें सफलता मिलेगी।

बुनियादी शिक्षा का सशक्त होना सबसे जरूरी है। इसी दिशा में दूरदर्शी सुधार है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जिसने साक्षरता व संख्यात्मकता को पूरी शिक्षा प्रणाली की नींव के रूप में स्थापित किया है। इस नीति के कारण निपुण भारत अभियान का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य 2027 तक हरेक बच्चे को तीसरी कक्षा से पहले निपुण बनाना है। इस अभियान ने राज्यों में शिक्षण से जुड़े लोगों को सशक्त बनाते हुए व्यवस्था में बदलाव के चार मुख्य सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

पहला सिद्धांत है, पूरी व्यवस्था को एक स्पष्ट लक्ष्य की ओर ले जाना। उस लक्ष्य को पाने के लिए इस सिद्धांत की शुरुआत शिक्षण मूल्यांकन से होती है, ताकि यह समझा जा सके कि हमारे बच्चों की शिक्षा किस स्तर पर है। जुलाई 2021 में निपुण भारत मिशन के शुभारंभ के तुरंत बाद नवंबर 2021 में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण हुआ। बुनियादी शिक्षा की तात्कालिकता को देखते हुए मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने 2022 में राज्य स्तर पर



एक शिक्षा सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के वर्तमान शिक्षा स्तर का मूल्यांकन किया गया। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर मध्य प्रदेश ने अपने निपुण लक्ष्य निर्धारित किए। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन प्रेरणा की शुरुआत की और निपुण उत्तर प्रदेश का समर्थन किया। इससे पूरी व्यवस्था को नई ऊर्जा मिली।

दूसरा सिद्धांत है शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाना। इस लक्ष्य को पाने के लिए अध्यापकों के पेशेवर विकास पर ध्यान देना जरूरी है। ऐसे दिशा-निर्देशों की पालना हुई, जिनसे कक्षाओं को अधिक आनंदमय व आकर्षक बनाया जा सके। शिक्षकों को प्रभावी रूप से प्रशिक्षित करने के लिए संसाधनों, प्रशिक्षक पैकेजों और विशेषज्ञता के साथ मास्टर प्रशिक्षकों को सशक्त बनाना जरूरी है।

तेलंगाना की अगर बात करें, तो इस मॉडल के चलते सिर्फ एक वर्ष में शिक्षण प्रभावशीलता में उल्लेखनीय 67 प्रतिशत सुधार हुआ है। ऐसे शिक्षा-प्रौद्योगिकी समाधान बन सकते हैं, जो शिक्षकों को कम समय में अधिक हासिल करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षकों का कीमती समय बचा सकते हैं। गौर कीजिए, राजस्थान में एआई ग्रेडिंग सॉफ्टवेयर ने ग्रेडिंग के समय को दो घंटे से घटाकर केवल 20 सेकंड कर दिया है।

तीसरा, नियमित रूप से मूल्यांकन का उपयोग करके छात्रों के सीखने के नतीजों में सुधार करना। मिसाल के लिए, उत्तर प्रदेश में निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से 1,05,000 शिक्षकों को छात्रों के नियमित मूल्यांकन में मदद मिल रही है। अंतिम सिद्धांत है, छात्रों के माता-पिता और समुदायों को उनके बच्चों की शिक्षण यात्रा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना। बच्चे अपना 80 प्रतिशत समय घर पर बिताते हैं। ग्राम सभा और अभिभावक-शिक्षक सभा जैसे मौजूदा प्लेटफॉर्मों का उपयोग करने के अलावा, माता-पिता के साथ द्विभाषी संचार, उनके प्रशिक्षण के लिए कार्यशालाएं, घर के दौरे और सहकर्मी सहायता जैसे उपायों के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। बिहार के कुछ जिलों में ग्राम सभाओं का लाभ उठाकर माता-पिता को उनके बच्चों की शिक्षा में मदद देने के तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया है। इसके चलते अभिभावक-शिक्षक बैठक में माता-पिता की उपस्थिति में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति में 5-10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

ध्यान रहे, हमारे पास सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा के इन चार लक्ष्यों को पूरा करने के लिए केवल छह वर्ष हैं। आज पूरा विश्व भारत को वैश्विक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मान रहा है। हमें अपनी बुनियादी शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना ही होगा, तभी हमारे बच्चे विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंच पाएंगे।

**लेखक पूर्व सचिव, स्कूल शिक्षा, भारत हैं)**

# नमक के गरीब कारीगरों की जिंदगी में बढ़ती कड़वाहट

**( रमेश ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार)**

इंसानी जिंदगी में नमक का किरदार बहुत बड़ा है। भोजन में नमक न डला हो, तो बेस्वाद हो जाता है। नमक के सही अनुपात से हमारा शरीर सही काम करता है। हमें हर हाल में नमक चाहिए, पर हम नहीं देखते कि हमारे लिए कौन नमक बनाता है, कौन नमक कौन भेजता है? हमें नमक बनाने वाले कारीगरों के बारे में जरूर सोचना चाहिए।

ध्यान रहे, नमक के कारीगर अपनी जिंदगी खतरे में डालकर हमारे लिए साफ-सुथरा नमक तैयार करते हैं, पर बीते कुछ महीनों से समुद्र के खारे पानी से नमक बनाने वाले कारीगरों के सामने अचानक से परेशानियों का अंबार लग गया है। परेशानी यह है कि उन्हें बेदखली का आदेश दे दिया गया है। वैसे भी भारत में नमक निर्माण कार्य बहुत सीमित है। मात्र गुजरात के खड़गौड़ा, भावनगर, पोरबंदर और कच्छ के रण में ही नमक उत्पादन होता है। देश में सालाना करीब तीन करोड़ टन नमक का उत्पादन होता है। नमक निर्माण में भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर आता है। पहले स्थान पर चीन और दूसरे स्थान पर अमेरिका है।



पिछले वर्ष-2023 में भारत ने करीब 33.80 करोड़ डॉलर के नमक का निर्यात किया है। टाटा नमक भारत का सबसे बड़ा पैकेट बंद नमक ब्रांड है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 17 फीसदी है। भारत में नमक उद्योग से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से करीब पांच लाख लोग जुड़े हैं। समुद्र के खारे पानी से नमक बनाने में इस वक्त तकरीबन 8,000 कारीगर सीधे जुड़े हैं, पर अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गुजरात सरकार ने उन्हें काम रोकने और अपना बोरिया-बिस्तर समेटने के लिए कह दिया है।

गौरतलब है, दशकों से गुजरात का कच्छ जिला, जो समुद्री खारे पानी के लिए प्रसिद्ध रहा है, 'नमक रण' क्षेत्र कहा जाता रहा है। पुराने जमाने में उसे 'नोनिक' भी कहते थे। नोनिक का मतलब होता है 'नून', यानी नमक बनाने का स्थान। यह क्षेत्र कभी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुआ। हालांकि, सरकार के सामने भी 'नमक श्रमिकों' को एकाएक बेदखल करने की तमाम कानूनी दिक्कतें हैं। 1942 में अंग्रेजी हुकूमत ने नमक मजदूरों को यह धंधा 'वन अधिकार कानून' के तहत आवंटित किया था। सरकार के पास कोई अधिकृत कागजी दस्तावेज नहीं है, इसलिए अड़चनें सरकार के सामने भी खड़ी हैं। यह मामला निश्चित रूप से अदालत में जाएगा और वहीं से कोई समाधान निकलेगा। अदालत सरकार से पहला सवाल यही करेगी कि किस अधिकार से उन्होंने वहां अभयारण्य बनाने का निर्णय लिया है और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के नमक के कारीगरों को कैसे बेदखली का आदेश पारित किया है? नमक के कारीगरों के हितों को देखते हुए अदालत हुकूमत के समक्ष मानवीय पक्ष का भी हवाला जरूर देगी और देना भी चाहिए। यह भी गौर करने की बात है कि नमक निर्माण का काम साल भर नहीं चलता है। कारीगरों के हिस्से काम के मात्र चार महीने आते हैं, बाकी 8 महीने काम बंद रहता है। समुद्री तूफानों के आने से धंधा पूरी तरह चौपट हो जाता है। एक बड़ी समस्या यह भी है कि नमक कारीगरों के हिस्से मेहनत की पूरी कमाई नहीं आती है। बाजार में नमक 20 रुपये किलो बिकता है, पर उसमें से केवल एक रुपया कारीगरों की जेब में जाता है। बिचौलिए इनकी कमाई खा जाते हैं। इनके हक-हुकूक के लिए बोलने वाला कोई नहीं होता, इसलिए इनका खुलेआम शोषण होता है। श्रमिकों के हालात देखकर कोई भी इनकी परेशानियों का अंदाजा लगा सकता है। असली और नकली नमक की पहचान इन्हीं कारीगरों को होती है। बेकार नमक के सेवन से घेंघा जैसी बीमारियां होती हैं। नमक के कारीगरों से जुड़ा सबसे दुखद पहलू यह है कि तकरीबन 98 फीसदी कारीगर चर्म रोग के शिकार हो जाते हैं। ज्यादातर कारीगरों की आंखें खराब हो जाती हैं, मोतियाबिंद हो जाता है। कई तरह के हड्डी रोग हो जाते हैं। घुटने जल्दी जवाब दे जाते हैं। उनके पास इलाज के लिए पर्याप्त पैसे नहीं होते हैं। कच्छ में ही करीब 8 हजार नमक कारीगर अब भी गरीबी रेखा के नीचे हैं। 90 प्रतिशत कारीगर भूमिहीन हैं। अब सरकारी सहयोग नहीं मिलने से नमक के कारीगरों का मोहभंग होने लगा है। क्या हमारे स्वाद में इजाफा करने वालों की कड़वी होती जिंदगी को हम किसी तरह से सहारा दे सकते हैं? (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# चेन्नई पर्यटन स्थल- दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

**(प्रीटी)**

महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्त्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं चेन्नई के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. महाबलीपुरम :** महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से 'पंच रथ' और 'अर्जुन की तपस्या' जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं।

**2. कापालेश्वर मंदिर :** चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है।

**3. सेंट थॉमस चर्च :** सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**4. विवेकानंद हाउस :** विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

**5. अन्ना सलाई :** अन्ना सलाई, जिसे मार्सल रोड भी कहा जाता है, चेन्नई का एक प्रमुख वाणिज्यिक क्षेत्र है। यहां पर विभिन्न व्यापारिक केंद्र, शॉपिंग मॉल्स, रेस्टोरेंट्स और कैफे हैं, जो इसे शॉपिंग और खाने-पीने के शौकिनों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यह क्षेत्र चेन्नई की आधुनिक जीवनशैली को दर्शाता है।

**6. ईक्विनॉक्स बीच :** चेन्नई के समुद्र तटों में एक प्रमुख नाम ईक्विनॉक्स बीच का है। यह बीच पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है क्योंकि यहाँ पर शांति और सुकून का अनुभव होता है। सुबह और शाम के समय समुद्र के पास घूमना या बैठना एक अद्भुत अनुभव होता है। यहां का वातावरण स्वच्छ और शांतिपूर्ण होता है, जो पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

**7. वेलाचेरी झील :** यदि आप प्रकृति से जुड़ना चाहते हैं, तो वेलाचेरी झील एक बेहतरीन स्थल है। यह एक शांत और सुंदर झील है, जहाँ आप पैदल चलने, बोटिंग करने या सिर्फ दृश्य का आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। यह स्थल शहर के शोर-शराबे से दूर आराम और सुकून का अनुभव प्रदान करता है।

**8. मरीना बीच :** मरीना बीच, चेन्नई का सबसे प्रसिद्ध समुद्र तट है और यह भारत का दूसरा सबसे लंबा समुद्र तट है। यहां पर घूमने का अनुभव बहुत ही अद्भुत होता है। खासकर सुबह और शाम के समय यहाँ की हवा और समुद्र का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यहाँ के किनारे पर चलना, सूर्योदय और सूर्यास्त का नज़ारा देखना एक अविस्मरणीय अनुभव होता है।

**9. चित्तारन मंदिर :** चित्तारन मंदिर चेन्नई के पास स्थित एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है। यह मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां भगवान शिव के नटराज रूप की पूजा की जाती है और यह स्थान भारतीय हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों में से एक है।

**10. कांची काचीयमंगलम :** कांची काचीयमंगलम, जो चेन्नई से लगभग 70 किलोमीटर दूर है, तमिलनाडु का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहाँ के प्राचीन मंदिर और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए कांची काचीयमंगलम प्रसिद्ध है। यह स्थल इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए आदर्श है।

चेन्नई एक विविधताओं से भरा हुआ शहर है, जहां पर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है।

# मिटते लाल गलियारे में घिरते और घुटने टेकते नक्सली

**नक्सली मूलत- पश्चिम बंगाल, अविभाजित बिहार और आंध्र प्रदेश में पीपुल्स वार ग्रुप के नाम से अपना संगठन चलाते थे। जब इन राज्यों में उन पर दबाव बना, तो वे भागकर मध्य भारत आ गए। चूंकि यहां के जंगल काफी घने हैं, इसलिए यह जगह उन्हें मुफीद लगी। पहले उन्होंने स्थानीय आदिवासियों का भरोसा जीता, फिर बिहार और मध्य प्रदेश के बंटवारे के बाद झारखंड व छत्तीसगढ़ में अपना आधार फैलाया। चूंकि बंटवारे की प्रक्रिया में छोटे राज्यों के खाते में कम संसाधन आते हैं, इसलिए शुरुआत में छत्तीसगढ़ की स्थिति ऐसी थी कि बस्तर में एक सब-इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल व छह सिपाही के भरोसे अधिकतर थाने चला करते थे। माओवादियों ने इनको निशाना बनाना शुरू किया, जिसके कारण दंडकारण्य में उनका खासा प्रभाव दिखने लगा।**

(दिलीप त्रिवेदी)

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 31 नक्सली मार गिराए गए। छत्तीसगढ़ वह राज्य है, जहां पहले माओवाद का नामोनिशान नहीं था। नक्सली मूलत- पश्चिम बंगाल, अविभाजित बिहार और आंध्र प्रदेश में पीपुल्स वार ग्रुप के नाम से अपना संगठन चलाते थे। जब इन राज्यों में उन पर दबाव बना, तो वे भागकर मध्य भारत आ गए। चूंकि यहां के जंगल काफी घने हैं, इसलिए यह जगह उन्हें मुफीद लगी। पहले उन्होंने स्थानीय आदिवासियों का भरोसा जीता, फिर बिहार और मध्य प्रदेश के बंटवारे के बाद झारखंड व छत्तीसगढ़ में अपना आधार फैलाया। चूंकि बंटवारे की प्रक्रिया में छोटे राज्यों के खाते में कम संसाधन आते हैं, इसलिए शुरुआत में छत्तीसगढ़ की स्थिति ऐसी थी कि बस्तर में एक सब-इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल व छह सिपाही के भरोसे अधिकतर थाने चला करते थे। माओवादियों ने इनको निशाना बनाना शुरू किया, जिसके कारण दंडकारण्य में उनका खासा प्रभाव दिखने लगा।

जम्मू-कश्मीर या पंजाब के अलगाववादियों के उलट इन्हें बाहर से हथियार नहीं मिलते, इसलिए ये अपने दुश्मनों से हथियार लूटते हैं। जेलों व थानों पर हमले इसीलिए किए जाते रहे। जमींदारों से हथियार लूटे गए। चूंकि इन इलाकों में खनन का कार्य भी होता है, जिसमें विस्फोटक की जरूरत पड़ती है, अत- नक्सली खननकर्मियों को डरा-धमकाकर हासिल किए गए विस्फोटकों से आईईडी बनाने लगे। जब इनका प्रभाव काफी बढ़ने लगा, तो करीब दो दशक पहले केंद्र सरकार ने विशेष प्रयास करना शुरू किया। स्थानीय पुलिस को मजबूत बनाने की कोशिशें तेज हुईं। केंद्रीय सुरक्षा बल भी नियुक्त किए जाने लगे। 2013-14 में जब मैं सीआरपीएफ में डीजी था,



तब छत्तीसगढ़ की स्थिति बहुत दयनीय थी। मगर अगले आठ-दस वर्षों में स्पेशल कमांडो तैयार किए गए, सीआरपीएफ ने कोबरा बटालियन गठित की और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया।

इन तमाम रणनीतियों का ही नतीजा है कि अब हम नक्सलियों को घुटने पर लाने लगे हैं। बेशक, कभी नक्सली कहा करते थे कि पशुपति से तिरुपति तक लाल गलियारा बनेगा, लेकिन आज हालत यह है कि नेपाल और आंध्र प्रदेश में तो यह खत्म हो चुका है। छत्तीसगढ़ में इसका कुछ असर बचा है और विशेषकर दक्षिण बिहार, ओडिशा व झारखंड के कुछ थानों में इनकी सक्रियता देखी जा रही है। हालांकि, बीते 20-25 वर्षों में हमारे सुरक्षा बलों ने खूब मेहनत की है और हम यह उम्मीद बांधने लगे हैं कि दो साल के भीतर नक्सलियों का अंत हो जाएगा। हां, कभी-कभी 'कंगारू कोर्ट' जैसी घटनाएं सामने आ सकती हैं।

नक्सलियों से निपटने के लिए वक्त-वक्त पर हमने विशेष रणनीति बनाई है। मुझे याद है, वर्ष 2008 में बतौर गृह मंत्री पी चिदंबरम ने छत्तीसगढ़ में एक बैठक की थी, जिसमें मैं उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से शामिल हुआ था। उसमें यह बात उठी थी कि संवेदनशील थानों के पास गाड़ियां नहीं हैं और सुरक्षा बल जिन बड़ी गाड़ियों का इस्तेमाल करते हैं, उनको आईईडी ब्लास्ट में नक्सली उड़ा देते हैं। तब तय हुआ था, मोटरसाइकिल से पेट्रोलिंग की जाएगी। वर्ष 2014 में राजनाथ सिंह जब गृह मंत्री की हैसियत से झारखंड गए थे और मौसम खराब था, तब वह खुद मोटरसाइकिल चलाते हुए नक्सली इलाकों में गए थे, जो उन दिनों अखबारों की सुर्खियां बनी थीं। कहने का अर्थ है कि समय के साथ हमने खुद को मजबूत बनाया है, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। अब जरूरत यह है कि जो थोड़ी-बहुत सहायता नक्सलियों को मिलती है, उनको भी बंद किया जाए। सड़क व पुल जैसे बुनियादी ढांचे पर अधिकाधिक काम तो हो ही, ताकि सुरक्षा बल सघन इलाकों में आसानी से पहुंच सकें। साथ ही, नक्सलियों तक पहुंचने वाली विस्फोटकों की खेप रोकी जाए। इसके लिए खनन-कार्य में इस्तेमाल होने वाली विस्फोटक के बैग और ट्रकों पर आरएफआईडी टैग लगाने का एक सुझाव है, ताकि यह पता चल सके कि किस-किस खनन-स्थल से माओवादी विस्फोटक लेते हैं। चूंकि नक्सली अब हथियारों को नहीं लूट पा रहे, ऐसे में यदि विस्फोटकों तक उनकी पहुंच रुक जाए, तो वे खुद काफी हद तक निष्क्रिय हो जाएंगे। (लेखक पूर्व डीजी, सीआरपीएफ) (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में मिल 15 साल के युवक का शव, 7 फरवरी से था लापता

**अंबाला, एजेंसी।** अंबाला कैंट रेलवे लाइन पर संदिग्ध परिस्थितियों में 15 साल के युवक का शव मिला है। बताया जा रहा है मयंक 7 फरवरी से लापता था ।जिसकी कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। अंबाला छावनी में रेलवे लाइन पर 15 साल के युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने का मा मामला सामने आया है। बताया जा रहा है 15 साल का मयंक 7 फरवरी से लापता था और उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिवार ने दर्ज करवाई थी। लेकिन अब उसका शव रेलवे लाइन पर मिलने से परिवार व पुलिस सकते में है। परिजनों द्वारा कैंट थाने में मयंक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी तब से लगातार परिजनों द्वारा ढूंढने के प्रयास किए जा रहे थे। परिवार की माने तो 7 तारीख को शाम को मयंक के पास दोस्तों की काल आने पर वह घर से निकला था और वह तभी से लापता था। इस बारे में जानकारी देते हुए स्ढ्ढ करण सिंह ने बताया कि डेड बॉडी रेलवे लाइन पर मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुच डेड बॉडी को थाने के शव गृह मे रखवाया गया। आज शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। आगे की अग्रिम कार्यवाही कैंट थाने को सौपी जाएगी।

### आकर्षण का केंद्र बनी रामायण थीम की चित्रकला, कीमत जान आप हो जाएंगे हैरान

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला प्रांगण में इस बार थीम स्टेट उड़ीसा और मध्य प्रदेश के हस्तशिल्पी अपना नायाब क्राफ्ट लेकर आए हुए हैं। जिन्हें दर्शक जहां पसंद कर रहे हैं, वहां जमकर खरीद भी रहे हैं। ताड़ के पत्तों पर उकेरी गई उड़ीसा की पट चित्रकला सभी दर्शकों को आकर्षित कर रही है। उड़ीसा से इस कला को लेकर आए क्राफ्टमैन नरेश साहू ने बताया कि यह कला लगभग 200 वर्ष पुरानी है और धार्मिक थीम के ऊपर ताड़ के पत्तों पर सुई के माध्यम से चित्रकारी की जाती है जिसे पट चित्रकला कहते हैं। वहीं मेला दर्शक भी जहां खूब पसंद कर रहे हैं, खरीद भी रहे हैं। उनके स्टाल पर 50 रुपए से लेकर 2 लाख 20 हजार रुपए कीमत की पेंटिंग उपलब्ध है। नरेश साहू ने बताया कि इस चित्रकला को बनाने के लिए पहले सूती कपड़े के ऊपर ताड़ के पत्तों को पेस्ट किया जाता है और फिर सुई से नक्काशी करके पट चित्रकला का निर्माण किया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी पेंटिंग धार्मिक थीम के ऊपर बनाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि इस बार वह मेले में रामायण थीम की चित्रकला लेकर आए हैं, जिसमें पूरी रामायण का वर्णन है और इसकी कीमत 2 लाख 20 हजार रुपए है। नरेश सामने बताया कि वह पिछले 15 साल से इस मेले में आ रहे हैं और उन्हें अब तक काला मणि और कलाश्री जैसे अवार्ड मिल चुके हैं। उनके परिवार के जहां आठ लोग इस पुश्तैनी कला से जुड़े हुए हैं, उनके गांव के करीब साढे 500 लोग इस कला के साथ लगे हुए हैं। उनका कहना था कि सूरजकुंड मेले में उन्हें बहुत अच्छा रिस्पांस मिलता है जिसके लिए वह हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हैं।

### पिता करता था दो नाबालिग बेटियों का रेप; एक का करवा चुका था गर्भपात; कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**अंबाला शहर, एजेंसी।** हरियाणा के अंबाला में दो नाबालिग बेटियों से दुष्कर्म के दोषी पिता को जिला अतिरिक्त सेशन जज मनपाल रामावत की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने जेजे एक्ट में भी तीन साल की सजा सुनाई है। वहीं, अदालत ने 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। विगत दिनों ही अदालत ने आरोपित को दोषी करार दे दिया था। मुलाना थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय नाबालिग ने 16 अप्रैल 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह बिहार के जिला मध्यपुरा के एक गांव की रहने वाली है। उसने छठी कक्षा तक पढ़ाई की है। वह दो बहन व दो भाइयों में सबसे बड़ी है। उसकी माता घरेलू काम करती है, जिसकी दिमागी स्थिति ठीक नहीं रहती है ।उसके पापा खेतों में काम करते हैं। चार साल पहले वह और छोटी बहन दादी के पास बिहार में रहते थे और अब अपने परिवार सहित मुलाना में रह रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता करीब चार साल से लगातार घर पर ही उसके साथ गलत काम कर रहा था, जिसके वजह से करीब पांच महीने पहले वह गर्भवती हो गई थी।

# अमृत भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत मेट्रो बनकर तैयार, सुविधाएं बंदे भारत से भी एडवांस

**अंबाला, एजेंसी।** देश की पहली 16 डिब्बों वाली वंदे मेट्रो ट्रेन का एक रैक (ट्रेन) पंजाब की कपूरथला कोच फैक्ट्री में तैयार कर ली गई है, जिसका ट्रायल भी सफल हो चुका है।

इसी फैक्ट्री में अमृत भारत ट्रेन के भी पांच रैक तैयार किए जा रहे हैं जिसका पहला रैक इसी माह पटरी पर होगा। इस कोच में सामान्य और स्लीपर कोच होंगे ताकि यात्रियों के लिए वहनीयता सुनिश्चित की जा सके और प्रीमियम वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी सुविधाएं बरकरार रखी जा सकें।



अमृत भारत का किराया वंदे भारत से कम होगा, लेकिन सुविधाएं बराबर ही रहेंगी। दिसंबर 2025 तक पांच गाड़ियों को ट्रैक पर लाने की तैयारी है। बता दें, वंदे मेट्रो का पहला रैक इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ) चेन्नई में तैयार किया गया था, जो 13 डिब्बों की था।

इसकी स्पीड 110 किलोमीटर प्रतिघंटा है। कितु कपूरथला कोच फैक्ट्री में जो वंदे मेट्रो तैयार हुई है उसकी स्पीड 130 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह दोनों ट्रेनें रेलवे में ट्रेनों की संचालन में एक नई दिशा देंगी, जबकि यात्रियों के हिसाब से यह काफी सुविधाजनक भी हैं।

रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला द्वारा तैयार की गई वंदे मेट्रो ट्रेन कई मायनों में यात्रियों के लिए बेहतरीन साबित होगी। यह ट्रेन 16 कोच की होगी। यह ट्रेन 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ेगी, जबकि खास है कि चार से पांच घंटे का सफर भी काफी आरामदायक होगा। इस ट्रेन सेट के डिब्बों में सौ यात्रियों के बैठने की और 180 यात्रियों के खड़े होने की क्षमता है।

ट्रेन में कई सुरक्षा फीचर भी जोड़े गए हैं। आपात स्थिति में यात्री-चालक टाकबैक सिस्टम, आग और धुआं पहचान प्रणाली, टकराव से बचाव के लिए कवच प्रणाली तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय से इस ट्रेन को लैस किया गया है। एक ट्रेन में करीब 4364 यात्रियों के बैठने की क्षमता के साथ इस ट्रेन को तैयार किया गया है।

दूसरी ओर वंदे मेट्रो ट्रेन को ढाई सौ किमी दूरी तय करने वाली इंटरसिटी यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहली स्वदेशी सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत की तर्ज पर ही तैयार किया है।

इसके 16 डिब्बे एसी कोच होंगे। वंदे मेट्रो के हर कोच में 14 सेंसर के साथ आग और धुआं का पता लगाने वाले सिस्टम उपलब्ध होगा ताकि ट्रेन में किसी किस्म के उठने वाले धुएं की तुरंत पता चल सके। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए कोचों में व्हील-चेयर सुलभ शौचालय की सुविधा में भी मौजूद रहेगी।

वंदे मेट्रो के साथ ही अमृत भारत 22 डिब्बों वाली नॉन एसी ट्रेन के पांच रैक इसी साल पटरी पर लाने की तैयारी की जा रही है। इस ट्रेन के दूसरे संस्करण के लिए कई बदलाव किए गए हैं। आने वाले दो सालों में पचास अमृत भारत ट्रेनों को तैयार किया जाएगा।

खास है कि गरीब और लोअर मिडल क्लास को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों का निर्माण होना है। इस ट्रेन में कई बदलाव किए गए हैं, जो यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।इसके तहत करीब एक दर्जन बड़े बदलाव किए गए हैं। इसके तहत सेमी आटोमेटिक कपलेट, मॉड्यूलर शौचालय, चेयर पिलर और पॉर्टिशन, इमरजेंसी टाक बैक फीचर, इमरजेंसी ब्रेक सिस्टम, निरंतर प्रकाश प्रणाली, नए डिजाइन की सीट और बर्थ में सुधार किया गया है। इनकी गति सीमा भी 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की होगी।

**अमृत भारत ट्रेन और हरियाणा में 40 अमृत भारत स्टेशन :** हरियाणा में अमृत भारत स्टेशन योजना में 40 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इन स्टेशनों में अंबाला शहर स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। इसी तरह फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत, नरेला, महेंद्रगढ़, जींद, नरवाना, बहादुरगढ़ में स्टेशन इसी योजना के तहत बन रहे हैं।

इसी तरह यमुनानगर-जगाधरी, कालका 32 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा मंडी डबवाली, सिरसा, हिसार, भिवानी, चरखीदादरी, कोसली और महेंद्रगढ़, लोहारू, मंडी आदमगढ़, हांसी, कालांवली और भट्टू शामिल हैं।

### भंडारे की पर्ची काटने के बहाने घर में आया चोर

**टोहाना, एजेंसी।** चोरों चोरी करने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ताजा मामला टोहाना के राजनगर से सामने आया है जहां आरोपी लंगर की पर्ची काटने के बहाने घर में आया और घर से हजारों रुपए की कीमत का मोबाइल चोरी करके भाग गया। चोरी की यह वारदात गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें आरोपी मोबाइल चोरी करने के बाद भागता हुआ नजर आ रहा है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत शहर पुलिस को दे दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में राजनगर निवासी रेनू ने बताया कि वह टोहाना की रहने वाली है तथा घरेलू कार्य करती है। 4 फरवरी को उसके पति अपने काम पर गए हुए थे तो वह अपने जुड़वां बच्चों के साथ घर में अकेली थी। उसने बताया कि वह घर के आंगन में जब बच्चों को दवाई दे रही थी, तभी एक नौजवान लड़का आया। जिसने कहा कि बहन जी हमें भंडारा लगाना है, कुछ दान पुण्य कर दीजिए। जब वह कमरे से पैसे लेने गई तो आरोपी उसका मोबाइल चुरा कर ले गया।

## 15 फरवरी से गुरुग्राम में शुरू होगा सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट, प्रतिभाओं को खोजना है उद्देश्य

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सर्वोटेक स्पोर्ट्स 15 फरवरी से गुरुग्राम में सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्रिकेटरों को निखारना और भारत को वैश्विक खेल मंच की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। सर्वोटेक हमेशा से ही स्थानीय प्रतिभाओं को खोजकर, उन्हें विकसित करने के साथ ही प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता आया है।

अपने इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए सर्वोटेक स्पोर्ट्स गुरुग्राम स्पोर्ट्स क्यूब में सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। आठ टीमों वाली इस श्रंखला में लगभग 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। ये वही खिलाड़ी हैं जिनका चयन पिछले वर्ष सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित किए गए ट्रायल्स के माध्यम से किया गया था।

दिसंबर 2024 में सर्वोटेक स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित किए गए इन क्रिकेट ट्रायल्स में बड़ी संख्या में 15 से 35 वर्षीय प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमे पेशेवर खिलाड़ी से लेकर शौकिया क्रिकेटर और वे प्रतिभागी भी शामिल थे, जो युवा दौर में अपने सपने को साकार नहीं कर पाए। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के सीईओ ऋषभ भाटिया ने कहा कि, बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल (द्वारका) में कराए गए इन ट्रायल्स में लोगों का उत्साह देखने लायक था। हमारे आंकलन से कही अधिक लोगों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो इस बात को दर्शाता है कि खेल युवाओं के लिए कितना मायने रखता है।

चर्चा को बढ़ाते हुए उन्होंने आगे कहा, इस जबरदस्त भागीदारी ने हमें ऐसी प्रतियोगिता तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो उनके सपनों को उड़ान दे सके। मुझे पूरी उम्मीद है कि आगामी सर्वोटेक स्पोर्ट्स एलीट क्रिकेट टूर्नामेंट इन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक आदर्श मंच साबित होगा। इसके अलावा भविष्य में सर्वोटेक स्पोर्ट्स टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित करेगा।

सर्वोटेक स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, सर्वोटेक रिन्यूएबल पावर सिस्टम लिमिटेड का खेल विभाग है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न खेलों के लिए एक समृद्ध वातावरण तैयार करना और जमीनी स्तर से लेकर पेशेवर स्तर तक खेलों के विकास को बढ़ावा देना है। इससे पहले भी सर्वोटेक स्पोर्ट्स बंगाल प्रो टी20 लीग 2024 का हिस्सा रह चुकी है। इसमें उनके द्वारा संचालित सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रशंसकों का खूब सारा प्यार अर्जित किया था।

## मेरे पास कोई शब्द नहीं, सीएम नायब का विरोध करूं; अब हुड्डा के करीबी कुलदीप शर्मा का छलका बीजेपी प्रेम

**राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़।** केंद्र व हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के प्रति कांग्रेसियों का प्रेम लगातार हिलौरे मार रहा है। सिरसा के कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया और नारायणगढ़ की विधायक शैली चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मंच साझा करने के बाद हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने केंद्र सरकार के बजट की दिल खोलकर तारीफ की है।

गन्नौर के पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के समधि हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपना खुला समर्थन दिया था। विनोद शर्मा की पत्नी यानी कुलदीप शर्मा की समधिन शक्ति रानी शर्मा कालका से भाजपा की विधायक बनी हैं।

भाजपा के ही सहयोग से राज्यसभा सदस्य बने कार्तिकेय शर्मा उनके दामाद लगते हैं। कुलदीप शर्मा की गिनती हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबियों में होती है। हालांकि, विधानसभा चुनाव के दौरान कुलदीप शर्मा को मनाते हुए हुड्डा का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हुड्डा कह रहे थे कि आप कहीं नहीं जाने वाले हो।

कुलदीप शर्मा अपने बेटे चाणक्य पंडित के लिए करनाल से लोकसभा टिकट मांग रहे थे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। कुलदीप ने कांग्रेस टिकट पर गन्नौर से चुनाव लड़ा था लेकिन हार गया था। दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा का





एक वीडियो सामने आया, जिसमें पीएम कह रहे हैं कि हुड्डा साहब, कैसे हो, कभी आकर मिलिये। कुलदीप शर्मा का भाजपा के प्रति प्रेम इस वीडियो के सामने आने के तुरंत बाद उजागर हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति बताया है।हालांकि कुलदीप शर्मा ने गलत काम होने पर सरकार के खिलाफ खुलकर मोर्चाबंदी करने की भी बात कही है। कुलदीप शर्मा पंचकूला में एक निजी न्यूज चैनल के कार्यक्रम में भागीदारी करने आए हुए थे। कुलदीप ने कांग्रेस को भी नसीहत देने में कोई कंजूसी नहीं की।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अब खुद को सुधारना चाहिए। मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं कि मैं नायब सैनी का विरोध करूं। जब तक ऐसे हालात पैदा नहीं होते तो मैं कर भी नहीं सकता। वैसे तो सरकार के पास बहुत सलाहकार हैं। उनकी अपनी पार्टी है और नेतृत्व है।फिर भी अगर जरूरत पड़ी और हमसे पूछेंगे तो हम भी सुझाव देंगे। मुख्यमंत्री मीठा बोलते हैं और हंसकर सबकी बात सुनते हैं। कुलदीप शर्मा ने भाजपा की तारीफ पर लगे हाथ सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि राजनीति में मधुर होना तथा अपने शत्रुओं और राजनीतिक विरोधियों का सम्मान करना अच्छी बात है।

एक समय वह भी था जब अटल बिहारी वाजपेयी स्वयं इंदिरा गांधी को दुर्गा कहते थे। वह समय भी आया जब नरसिम्हा राव की सरकार ने वाजपेयी को यूएनओ में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजा।

## गब्बर का जलवा बरकरार ! अनिल विज ने ठंडे पानी से नहाया-खाया फिर बीजेपी हाईकमान को भेजा 8 पन्नों का जवाब

**अंबाला, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के विरुद्ध बयानबाजी के आरोप में भेजे गए कारण बताओ नोटिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने जबाव दिया है। उन्होंने बताया कि वो तीन चार दिन से वह बेंगलुरू गए हुए थे। वहां से लौटे और जवाब तैयार किया।

उन्होंने कहा कि वो पहले घर गए, ठंडे पानी से नहाए, रोटी खाई इसके बाद बैठकर जवाब तैयार किया। उन्होंने कहा कि समय से पहले जवाब तैयार कर लिया है। तीन दिन का समय दिया गया था लेकिन उन्होंने तो आठ दिन पहले ही जवाब तैयार कर लिया है।



अनिल ने कहा, मैंने जवाब भेज दिया है। मैने यह भी लिख दिया है कि अगर किसी और बात का जवाब चाहिए तो वो भी मैं लिखकर दे दूंगा। जितना मैं याद कर सका, जितना मैं सोच सका वो भी मैंने लिखकर दे दिया है।

उन्होंने जवाब सार्वजनिक करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, इसकी कतरने भी जेब में रखी हैं। घर जाकर जलाउंगा। यह मीडिया में कैसे आया यह जांच की विषय है। यह कौन लीक कर रहा है? पार्टी चाहे तो इसकी भी जांच करवा सकती है और ना चाहे तो उसकी मर्जी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली के द्वारा कैबिनेट मंत्री अनिल विज को जारी किए गए नोटिस में लिखा गया कि अनिल विज जी, सूचित किया जाता है कि आपने हाल ही में पार्टी के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान दिए हैं। यह गंभीर आरोप हैं और पार्टी की नीतियों तथा आंतरिक अनुशासन के खिलाफ है।

आपका यह कदम ना केवल पार्टी की विचारधारा के खिलाफ है, बल्कि यह उस समय पर हुआ है, जब पार्टी पड़ोसी राज्य में चुनाव के लिए अभियान चला रही थी। चुनावी समय में एक सम्मानित मंत्री पद वहन करते हुए इस प्रकार की बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान होगा, यह जानते हुए आपने ऐसे बयान दिए, जो कि पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।

## निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 17 फरवरी तक भर सकेंगे पर्चा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम, नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी, नगर पालिका फरुखनगर के लिए आम चुनाव व नगर परिषद सोहना के चेयरमेन पद के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। हालांकि, पहले दिन कहीं से भी किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा।

17 फरवरी तक संबंधित आरओ व एआरओ कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे के बीच नामांकन प्रक्रिया जारी रहेगी। नामांकन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश अजय कुमार ने इन कार्यालयों की 100 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश दिए हैं।

जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिए हैं कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान कोई भी प्रत्याशी आरओ व एआरओ कार्यालय की सौ मीटर की परिधि में तीन से अधिक वाहन नही ले जा सकेंगे।

वहीं आरओ व एआरओ कार्यालय के भीतर नामांकन पत्र जमा कराने आए व्यक्ति के साथ केवल चार व्यक्ति ही अंदर आने की अनुमति होगी। इनमें उम्मीदवार का नामांकन प्रस्तावित करने वाले कोई भी प्रस्तावक शामिल हो सकते हैं।

जारी आदेशों में कहा गया कि आदेश का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 और अन्य लागू अधिनियमों/नियमों के तहत अभियोजन और दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

जिलाधीश अजय कुमार ने दो मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने हथियार नजदीकी थानों व पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवा दें। इसके साथ ही उन्होंने निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला गुरुग्राम की सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

जिलाधीश अजय कुमार ने कहा कि लाइसेंसी हथियारधारक तुरंत प्रभाव से अपने समीप के पुलिस स्टेशन में जाकर बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल आदि जमा करवा दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति के पास हथियार पाया जाता है या कोई व्यक्ति घातक शस्त्र लेकर घूमता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह से व्यक्ति को बाधा या चोट पहुंचाने और संपत्ति को खतरा, सार्वजनिक शांति और शांति में बाधा उत्पन्न होने की संभावना होती है। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा।

# 'सुण ले मेरा ठिकाणा, इस भारत में हरियाणा' गीत से पद्मश्री महावीर गुड्डू ने सांस्कृतिक संध्या में बांधा समां

**फरीदाबाद, एजेंसी।** 'सुण ले मेरा ठिकाणा... इस भारत में हरियाणा' गीतों की सुरीली सांझ में बीती शाम सूरजकुंड मेला परिसर गूंजायमान हो गया। 38वें अंतराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला की चौपाल पर जब पद्मश्री अवार्डी विख्यात आर्टिस्ट महावीर गुड्डु ने अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा मेला परिसर हरियाणवी सांस्कृतिक रंग से सराबोर हो गया।

गौरतलब है कि मेला परिसर में 23 फरवरी तक रोजाना मुख्य चौपाल व अन्य सांस्कृतिक मंचों पर देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां देते हुए मेले को शोभायमान किया जा रहा है। पर्यटन निगम व कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा की तरफ से प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन किया जा रहा है। हर संध्या पर देश के जाने-माने कलाकार अपनी गायकी के जादू से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को सांस्कृतिक संध्या में हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू ने बड़ी



चौपाल पर हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी से देर रात तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

सूरजकुंड मेले की सांस्कृतिक संध्या में जब लोक कलाकार महावीर गुड्डू ने 'सुण ले मेरा ठिकाणा... इस भारत में हरियाणा' गीत गाकर वहां उपस्थित लोगों में जोश भर दिया। इसके अलावा बल्लभगढ़ के महान क्रांतिकारी राजा नाहर सिंह की वीरगाथा पर आधारित सन 1858 की हम 9 जनवरी भूले ना को गीत के माध्यम से सुनाया तो पंडाल में सभी दर्शक महान क्रांतिकारी को याद कर भावुक हो गए। इसी क्रम में उन्होंने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत व रागनियां गाई, जिनमें भगत सिंह कदै जी घबरा ज्या तेरा बंद मकान में, मेरा रंग दे बसंती चोला आदि से देशभक्ति का जज्बा भर दिया।

इसी तरह कलाकार महावीर गुड्डू और उनकी टीम ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित गायकी का जादू पंडाल में बिखेरा। इनमें चंदन की मेरी पाटरी, पानी आली पानी पिया दे, क्यूं ठाके ढोल खड़ी हो गी.., तू राजा की राज दुलारी में कुंडी सोटे आला सूं और आजा गौरी बैठ जीप में... मेरी जीप रोड की रानी आदि गीत गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। उन्होंने बिना किसी अंतराल के दो घंटे से भी अधिक समय तक निरंतर प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में उनकी टीम द्वारा हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।



# रणबीर कपूर के बॉडी डबल के साथ हो रही रामायण की शूटिंग

रणबीर कपूर अपनी आगामी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। वह नितेश तिवारी की रामायण और लव एंड वार को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। खबरें हैं कि रणबीर इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वार की शूटिंग में बिजी हैं इसलिए रामायण फिल्म में उनके बॉडी डबल की मदद से फिल्म की शूटिंग की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रोडक्शन हाउस के किसी करीबी सूत्र ने बताया, रणबीर ने रामायण की पहली किस्त के लिए अपने लगभग सभी महत्वपूर्ण दृश्य पूरे कर लिए हैं; केवल पैचवर्क बाकी है, जिसे उनके बिना भी पूरा किया जा सकता है। चूंकि, उनकी तारीखें लव एंड वॉर को सौंपी गई थीं, इसलिए रामायण की प्रोडक्शन टीम ने शूटिंग की योजना इस तरह बनाई कि कोई देरी न हो। अभी कुछ छोटे-मोटे सीक्वेंस बॉडी डबल के साथ फिल्माए जा रहे हैं, जिसके बाद पहले भाग का काम पूरा हो जाएगा।

### पोस्ट प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं नितिश

सूत्र ने बताया, यह एक वीएफएक्स फिल्म है और पोस्ट-प्रोडक्शन में बहुत काम किया जा रहा है। नितेश अगले कुछ महीने इसमें ही बिजी रहेंगे।

### जून में शूटिंग कर सकते हैं रणबीर

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब जो भी शूटिंग बाकी है वो जून में होगी। इसमें रणबीर कपूर के शामिल होने की संभावना है। रामायण का पहला भाग दिवाली 2026 में और दूसरा दिवाली 2027 में रिलीज होने वाला है।

### ये स्टार्स होंगे फिल्म का हिस्सा

नितेश तिवारी की रामायण में रणबीर कपूर राम के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और यश रावण का किरदार निभाने जा रहे हैं। फिल्म को बड़े बजट में तैयार किया जा रहा है। वहीं, लव एंड वॉर फिल्म में रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं।



# पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं जैकलीन

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने न केवल फैशन और काम को लेकर बात की, बल्कि बताया कि वह पर्दे पर फ्रांसीसी फैशन डिजाइनर कोको चैनल की भूमिका निभाना चाहती हैं। चंडीगढ़ में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर में डिजाइनर कनिका गोयल के लिए रैंप पर उतरीं जैकलीन ने कहा, मुझे लगता है कि फैशन का मतलब रचनात्मक होने के साथ यूनिक होना है। आप फैशन के साथ हर दिन खुद के होने का जश्न मनाते हैं। फैशन खूबसूरत और पॉजिटिव चीज है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें स्क्रीन पर एक फैशन आइकन की भूमिका निभानी है। अभिनेत्री ने कहा, हां मैं 'कोको चैनल' की भूमिका निभाना चाहूंगी। अभिनेत्री ने आगे बताया, जब ड्रेसिंग या कैजुअल होने के बीच चयन की बात आती है तो सब कुछ मूड पर निर्भर करता है। मुझे अक्सर मूड स्विंग्स होते हैं। मैं ज्यादातर समय कैजुअल में रहती हूं। मेरे कई स्टाइलिस्ट्स मुझसे कहते हैं, जैकी, आपका वॉर्डरोब बहुत साधारण है! क्योंकि मुझे हमेशा स्टाइल किया जाता है, इसलिए मैं अपने कपड़ों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होती हूं, वे सामान्य से ही अच्छे लगते हैं। अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे एक बहुत अच्छी, हॉट ड्रेस पहननी हो और मौज-मस्ती करनी हो या फिर जब बात रेड कार्पेट या खासकर स्टेज पर जाने की बात आती है तो मुझे स्टेज के लिए तैयार होना बहुत पसंद है। हालांकि, मैं 90 प्रतिशत समय में कैजुअल रहती हूं। अभिनेत्री ने बताया कि वह अपने फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं पहले अपने पर्सनल स्टाइल, अपने पर्सनल फैशन के साथ बहुत प्रयोग करती थी और अब मैं इन चीजों को लेकर सहज महसूस करती हूं और इसी कड़ी में मैं खुद को समझने लगी हूं।



# 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में नजर आएंगी पौलमी दास

'बिग बॉस ओटीटी 3' की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास 'दुलहनिया बीड़ीवाली' शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम चंपा है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी। हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है। 'दुलहनिया बीड़ीवाली' में ड्रामा रहस्य, परंपरा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है। अभिनेत्री पिछली बार एएलटीटी के शो 'नागवधू- एक जहरीली कहानी' में नजर आई थीं। अभिनेत्री इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल में एक प्रतियोगी के तौर पर भाग ले चुकी हैं। साल 2016 में वह 'सुहानी सी एक लड़की' में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम 'बेबी' रहता है। अभिनेत्री को 'दिल ही तो है' में 'अनन्या पुरी' नामक किरदार के रूप में लिया गया था। पौलमी 'पौरषपुर' और 'नागिन 6' टाइटल के वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं। पौलमी 'बिग बॉस ओटीटी' के तीसरे सीजन में भी भाग ली थीं, जिसे बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने होस्ट किया था।

# मृणाल ठाकुर ने देखी कंगना रनौत की इमरजेंसी, कहा- हर भारतीय को देखनी चाहिए ये फिल्म



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हाल ही में अपने पिता के साथ कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। उन्होंने फिल्म देखने के बाद इंस्टाग्राम पर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया।

मृणाल ठाकुर ने फिल्म की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा, मैंने अभी-अभी अपने पिता के साथ थिएटर में फिल्म इमरजेंसी देखी और मैं अभी भी उस अनुभव से उबर नहीं पाई हूं। कंगना रनौत की बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी और यह एक मास्टरपीस है। कंगना रनौत की तारीफ करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, गैंगस्टर से लेकर क्वीन, तनु वेड्स मनु, मणिकर्णिका, थलाइवी और अब इमरजेंसी तक कंगना ने लगातार अपनी सीमाओं को तोड़ा है और अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा से मुझे प्रेरित किया है। यह फिल्म भी अपवाद नहीं है, कैमरा वर्क, वेशभूषा और अभिनय सभी बेहतरीन हैं। उन्होंने आगे कहा, कंगना आपने एक निर्देशक के रूप में खुद को आगे बढ़ाया है।



# साहस, एकता और शिक्षा की मजबूत कहानी है 'रूल ब्रेकर्स'

**अभिनेता अली फजल की अपकमिंग फिल्म 'रूल ब्रेकर्स' 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अमेरिका में रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने बताया कि फिल्म में साहस, एकता और शिक्षा की एक मजबूत कहानी है। अभिनेता ने अपने किरदार के पहले लुक की झलक शेयर की। फिल्म में अली लॉस एंजिल्स के एक तकनीकी विशेषज्ञ की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में उनके किरदार का नाम समीर सिन्हा है।**

अपनी उत्सुकता को शेयर करते हुए अली ने कहा, यह फिल्म एक रत्न है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं। 'रूल ब्रेकर्स' सिर्फ एक कहानी नहीं है। यह साहस, एकता और शिक्षा के साथ बनी एक मजबूत कहानी है। उन्होंने कहा, अमेरिका में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रिलीज करना इसे और भी खास बनाता है क्योंकि यह महिलाओं की ताकत के साथ जुड़ा है। मैं फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित हूं। मनोरंजक-ड्रामा 'रूल ब्रेकर्स' महिला-केंद्रित फिल्म है और एक ऐसी महिला की कहानी बताती है, जो ऐसे समाज में युवा लड़कियों को शिक्षित करने का साहस करती है, जहां इसे एक विद्रोह के रूप में देखा जाता है। 'रूल ब्रेकर्स' का निर्देशन ऑस्कर विजेता फिल्म निर्माता बिल गुटेंटैग ने किया है।

इस बीच बता दें, 2025 काम के लिहाज से अली के लिए बेहद खास साल है। बॉलीवुड, ओटीटी, हॉलीवुड के साथ उनके पास साउथ के कई प्रोजेक्ट्स हैं। अभिनेता ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर बताया था कि 2025 में उन्हें सालों की मेहनत का नतीजा मिलेगा। अपने बेहतरीन प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए अली फजल ने कहा था, 2025 में सालों की मेहनत का नतीजा मिलेगा। मैं इस साल जिन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहा हूं, उन्हें लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं। अली फजल के पास हॉलीवुड फिल्म 'रूल ब्रेकर्स' के अलावा अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनो', 'मिर्जापुर- द मूवी' के साथ निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'ठग लाइफ' जैसे प्रोजेक्ट हैं। ओटीटी की बात करें तो अली राज और डीके की पीरियड ड्रामा सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' में नजर आएंगे। फजल के पास आमिर खान की फिल्म 'लाहौर 1947' है, जिसमें उनके साथ सनी देओल नजर आएंगे। अली ने प्रोजेक्ट को लेकर बताया था कि उनका हर एक प्रोजेक्ट उन्हें नए तरीके से चुनौती देता है।



# अंजना नहीं मानती कि शादी की अहमियत खत्म हो जाएगी

**कभी सलाम-ए-इश्क, गोलमाल रिटंर्स और कमाल धमाल मालामाल जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस अंजना सुखानी इन दिनों सूरज बड़जात्या की डेब्यू वेब-सीरीज बड़ा नाम करेंगे को लेकर चर्चा में हैं। सीरीज में बुआ की भूमिका निभा रहीं अंजना से खास बातचीत -**

आप कितने भी मॉडर्न हो जाएं, घूम-फिरकर दोबारा अपनी जड़ों की ओर आते ही हैं। यह कहना है, एक्ट्रेस अंजना सुखानी का। सलाम-ए-इश्क और गोलमाल रिटंर्स जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं अंजना बीच में स्क्रीन से दूर थीं, पर फिर उन्होंने वेब-सीरीज सास, बहू, अचार प्रा लि में जोरदार वापसी की। वहीं, अब वह सूरज बड़जात्या की डेब्यू वेब सीरीज बड़ा नाम करेंगे को लेकर चर्चा में हैं।

### शादी की अहमियत खत्म नहीं होगी

खास बात यह है कि आज जहां आए दिन शादियां इस तादाद में टूट रही हैं कि लोग शादी को खत्म होती संस्था करार देने लगे हैं, यह सीरीज अरेंज्ड मैरिज की बात करती है। ऐसे में, जब अंजना से हमने शादी रूपी संस्था की प्रासंगिकता पर सवाल किया तो उनका कहना था, मैं इस बात पर यकीन नहीं करती कि शादी की अहमियत खत्म हो जाएगी। मुझे लगता है कि आप घूम फिरकर दोबारा अपनी जड़ों की ओर लौट आते हैं।

### जेन Z पीढ़ी ही लाएगी बदलाव

खुद तीन साल पहले शादी के रिश्ते में बंधी अंजना कहती हैं, अभी भले ही एक ऐसा दौर हो, जहां लोग शायद शादी रूपी संस्था में विश्वास न करें, लेकिन आज के यही जेन Z जब थोड़े मैच्योर होंगे, वह इस रिश्ते की अहमियत समझेंगे और वो ही दोबारा बदलाव लेकर आएंगे। अभी भले उन्हें ये रिश्ते बेमाने लगते हों, क्योंकि उनको लगता है कि बहुत ऑप्शन हैं, लेकिन जब आपकी जिंदगी में बहुत ऑप्शन होते हैं तो कंफ्यूजन भी बहुत होता है। आपको किसी की एक चीज, तो किसी की दूसरी चीज अच्छी लगती है। मगर जिंदगी में कहीं ठहराव भी तो होना चाहिए, वरना तो हर दूसरे इंसान में कुछ अच्छा लगेगा। हमने तो बचपन से यही सीखा है कि अगर आपको एक से खुशी नहीं मिल रही, तो किसी से नहीं मिलेगी। इसलिए, अगर आपकी जिंदगी के बेसिक फ्रेम में चीजें ठीक-ठाक बैठ रही हैं, तो रुक जाना चाहिए।

### क्या आत्मनिर्भर होने की वजह से टूट रहे रिश्ते?

रिश्ते टूटने की एक वजह लोगों का आत्मनिर्भर होना भी कहा जा रहा है, क्योंकि कोई भी समझौता नहीं करना चाहता? इस बारे में अंजना का मानना है, आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। औरतों के लिए तो आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना भी बहुत जरूरी है, लेकिन वह आत्मनिर्भरता आपके रिश्तों में दूरियां ला रही है तो आपको बैठकर उसे सुलझाना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि अच्छा नहीं लगा तो छोड़ दिया और कहीं और चले गए।

### सितारा कभी भी चमक सकता है

अंजना को इस साल इंडस्ट्री में 20 साल पूरे हो गए। अपने शुरुआती दौर में कई हिट और बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहीं अंजना बीच में ब्रेक पर रहीं। वहीं, अब वह ओटीटी पर सक्रिय हैं। अपने करियर की इस पारी को वह कैसे देखती हैं? इस बारे में उन्होंने कहा, मेरा पॉजिटिव और नेगेटिव दोनों पहलू यह है कि मेरी कोई छवि नहीं है। मेरी कोई ऐसी इमेज नहीं है कि यह मस्त कॉमेडी करती है या सीरियस रोल करती है या एक्शन में कमाल है।

### सोचा नहीं था कि बुआ का रोल करूंगी

सीरीज में अंजना बुआ की भूमिका निभा रही हैं, इसे हां कहने की क्या वजह रही? यह पूछने पर वह बताती हैं, सबसे पहली वजह तो सीरीज के निर्देशक पलाश वासवानी थे। मैंने उनकी सीरीज गुल्लक देखी है, जो देश की बेहतरीन सीरीज में से एक है। मैं पलाश की फैन हूं। उस पर सूरज बड़जात्या इसके निर्माता हैं। उनके साथ काम करना हर एक्टर का सपना होता है। हालांकि, जब मुझे यह रोल ऑफर हुआ तो पहले मैंने खुद कभी नहीं सोचा था कि मैं बुआ का किरदार करूंगी, पर जब मैंने रोल पढ़ा तो वह बहुत इंट्रेस्टिंग लगा। पूरी सीरीज में यह सबसे कॉम्प्लेक्स कैरेक्टर है। वह बहुत सारे इमोशंस से गुजर रही है और मैं चाहती थी कि सास, बहू और अचार के बाद मैं ऐसा रोल करूं जिसमें और गहराई हो और यह किरदार वैसा ही है। इसलिए, यह शो ना करना बेवकूफी होती।

# अंत भी बुरा ही होगा... अवैध प्रवासियों से अमानवीय व्यवहार को लेकर ट्रंप पर भड़के पोप फ्रांसिस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अवैध भारतीय प्रवासियों के अमानवीय सामूहिक निष्कासन को लेकर अमेरिका की आलोचना हो रही है। हाल ही में अमेरिकी वायुसेना के विमान से 104 भारतीयों को हथकड़ियों और बेड़ियों में बांधकर भारत लाया गया था। ट्रंप की अवैध अप्रवासियों को लेकर सख्त नीति को लेकर पोप फ्रांसिस ने अमेरिकी सरकार की आलोचना की है। उन्होंने चेतावनी दी कि केवल अवैध स्थिति के कारण लोगों को इस तरह से बाहर निकालना उनके मूलभूत सम्मान का उल्लंघन करता है। पोप फ्रांसिस ने अमेरिकी बिशपों को लिखे एक पत्र में लिखा कि जो किसी के सम्मान के बारे में नहीं सोच सकता, उसकी शुरुआत और अंत भी बुरा ही होता है।



इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप ने हमेशा प्रवासियों की देखभाल को प्राथमिकता दी है, यह मांग की कि देश उन लोगों का स्वागत करें, उनकी रक्षा करें, उन्हें बढ़ावा दें और उन लोगों को समाहित करें जो संघर्ष, गरीबी और पर्यावरणीय आपदाओं से बचने के लिए पलायन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकारों से यह उम्मीद की जाती है कि वे अपनी क्षमता के अनुसार ऐसा करें।

अपने पत्र में फ्रांसिस ने कहा कि देशों को अपनी रक्षा करने और अपने समुदायों को अपराधियों से सुरक्षित रखने का अधिकार है। उन्होंने लिखा, ऐसे लोगों का निष्कासन, जिन्होंने कई मामलों में अपनी भूमि को अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण के गंभीर नुकसान के कारण छोड़ा है, यह पुरुषों और महिलाओं की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है और उन्हें विशेष रूप से असुरक्षित और असहाय स्थिति में डालता है।

बाइबिल में प्रवासन की कहानियों का उल्लेख करते हुए फ्रांसिस ने लोगों के लिए अन्य देशों में शरण लेने और सुरक्षा की तलाश करने के अधिकार की पुष्टि की और कहा कि वह अमेरिका में चल रहे मुख्य संकट पर ध्यान दे रहे हैं, जो निष्कासन योजना से संबंधित है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी ईसाई धर्म में विश्वास रखता है, वह कोई भी प्रवासियों की अवैध स्थिति को अपराधिता से नहीं जोड़ सकता। उन्होंने लिखा, जो किसी के सम्मान के बारे में नहीं सोचता, वह बुरी शुरुआत करता है और उसका अंत भी बुरा ही होगा।

ट्रंप की गद्दी संभालने के बाद 8000 से अधिक गिरफ्तारी

वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लीविट ने पिछले सप्ताह कहा था कि ट्रंप के कार्यालय संभालने के बाद से 8000 से अधिक लोगों को आव्रजन प्रवर्तन कार्रवाइयों में गिरफ्तार किया गया है। इनमें से कुछ को निष्कासित किया गया है, अन्य संघीय जेलों में बंद हैं और कुछ को क्यूबा के ग्वांतानामो बे नौसैनिक अड्डे पर रखा गया है।

**पोप फ्रांसिस और ट्रंप में 2016 से टकराव:** ट्रंप और पोप फ्रांसिस के बीच अवैध प्रवासियों को लेकर टकराव 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान से शुरू हुआ था, जब फ्रांसिस ने यूएस-मेक्सिको सीमा पर यात्रा की थी और कहा था कि जो कोई प्रवासियों को बाहर रखने के लिए दीवार बनाता है, वह ईसाई नहीं है।

# दुनिया के ईसाई धर्म के लोग सबसे ज्यादा अमीर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया में सबसे अमीर धर्म के बारे में एक नई रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि धर्म के आधार पर सबसे ज्यादा संपत्ति ईसाइयों के पास है। न्यू वर्ल्ड वेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, ईसाई धर्म के लोगों के पास सबसे अधिक संपत्ति है, इसके बाद मुसलमानों और फिर हिंदुओं का नंबर आता है। यह रिपोर्ट यह भी बताती है कि दुनिया की कुल संपत्ति में एक बड़ा हिस्सा उन लोगों के पास है, जो किसी भी धर्म को नहीं मानते हैं।



**ईसाइयों के पास सबसे अधिक संपत्ति:** रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में सबसे ज्यादा संपत्ति हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स (1 मिलियन अमरीकी डॉलर या उससे ज्यादा संपत्ति वाले) के मामले में ईसाई धर्म के लोगों के पास है। ईसाई धर्म के लोगों के पास कुल 107,280 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है, जो दुनिया की कुल संपत्ति का 55 फीसदी है। यह आंकड़ा ईसाइयों के दबदबे को दर्शाता है और यह साबित करता है कि दुनिया की संपत्ति का सबसे बड़ा हिस्सा ईसाई धर्म के अनुयायियों के पास है।

**मुसलमानों और हिंदुओं की संपत्ति:** इसके बाद मुसलमानों का नंबर आता है, जिनके पास 11,335 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है, जो दुनिया की कुल संपत्ति का 5.9 फीसदी है। तीसरे स्थान पर हिंदू धर्म के लोग हैं, जिनके पास 6,505 बिलियन अमेरिकी डॉलर (3.3 फीसदी) की संपत्ति है। यह आंकड़ा यह दर्शाता है कि हिंदू धर्म के अनुयायी भी संपत्ति के मामले में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, लेकिन ईसाइयों और मुसलमानों की तुलना में उनका हिस्सा कम है।

**यहूदी धर्म और धर्मनिरपेक्ष लोग:** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यहूदी धर्म के अनुयायियों के पास कुल 2,079 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति है, जो दुनिया की कुल संपत्ति का 1.1 फीसदी है। इसके अलावा, एक और दिलचस्प तथ्य सामने आया है कि दुनिया के 10 सबसे अमीर देशों में से सात ईसाई बहुल हैं, जो यह संकेत देता है कि ईसाई धर्म के अनुयायी दुनिया में आर्थिक रूप से काफी प्रभावी हैं।

**धर्मनिरपेक्ष लोगों के पास भारी संपत्ति:** रिपोर्ट में एक और महत्वपूर्ण आंकड़ा सामने आया है, जिसमें यह कहा गया है कि दुनिया की कुल संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा उन लोगों के पास है, जो किसी भी धर्म को नहीं मानते। ऐसे लोग दुनिया की कुल संपत्ति के 34.8 फीसदी हिस्से के मालिक हैं, जो करीब 67,832 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, यह स्पष्ट होता है कि धर्म के आधार पर संपत्ति का वितरण असमान है, और ईसाई धर्म के अनुयायी इस मामले में सबसे आगे हैं। वहीं, धर्मनिरपेक्ष लोग भी बड़ी संपत्ति के मालिक हैं, जो इस तथ्य को उजागर करता है कि धर्म के बावजूद भी आर्थिक सफलता हासिल की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में ऑनलाइन जुआ रैकेट का पर्दाफाश, 23 भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडु , एजेंसी।** नेपाल पुलिस ने बागमती प्रांत में 23 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इन पर अवैध ऑनलाइन जुआ रैकेट चलाने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई सोमवार को काठमांडू से लगभग 10 किलोमीटर उत्तर में स्थित बुधनीलकांठा नगरपालिका में की गई। नेपाल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक दो-मंजिला इमारत में अवैध रूप से ऑनलाइन जुआ संचालित किया जा रहा है। इसके आधार पर पुलिस ने छापा मारा और मौके से 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में ले लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 81,000 रुपए नकद, 88 मोबाइल फोन, 10 लैपटॉप जब्त किए। गिरफ्तार भारतीय नागरिकों पर नेपाल के जुआ रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब नेपाल में भारतीय नागरिकों को इस तरह के मामलों में गिरफ्तार किया गया हो। करीब एक हफ्ते पहले भी नेपाल पुलिस ने तीन अरब रुपए से अधिक के ऑनलाइन सट्टा रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान 10 भारतीय नागरिकों सहित 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार किए गए अधिकतर भारतीय नागरिक उत्तर प्रदेश से हैं। वे ललितपुर के सानेपा इलाके में किराए के मकानों से अवैध ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे।

### फिर मचेगा कत्लेआम? नेतन्याहू ने हमास को दी धमकी, कहा- परिणाम भुगतने को रहें तैयार

**यरूशलम , एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को धमकी दी कि अगर हमास शनिवार को उसके तीन बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो इजराइली सेना गाजा पट्टी में फिर से लड़ाई शुरू कर देगी। नेतन्याहू ने इजराइली सेना को गाजा पट्टी के अंदर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सैनिकों की तैनाती बढ़ाने का आदेश भी दिया है। उनका यह आदेश चरमपंथी समूह हमास द्वारा बंधकों की शनिवार को प्रस्तावित रिहाई को टालने की धमकी दिए जाने के बीच आया है। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर हमास शनिवार को बंधकों को रिहा नहीं करता है, तो वे हर स्थिति के लिए तैयार रहें। हमास की धमकी के कारण इजराइल और चरमपंथी समूह के बीच गाजा पट्टी में 15 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए लागू संघर्ष-विराम समझौता खतरे में पड़ गया है। इस समझौते के तहत हमास सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले अब तक 21 इजराइली बंधकों को रिहा कर चुका है। हालांकि, सोमवार को उसने कहा कि समझौते के तहत गाजा पट्टी में पर्याप्त राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जाने के कारण वह तीन और बंधकों की रिहाई टाल रहा है।

### अफगानिस्तान में सुसाइड बम विस्फोट में 5 व्यक्तियों की मौत

**काबुल , एजेंसी।** उत्तरी अफगानिस्तान में मंगलवार को एक बैंक के पास एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस प्रवक्ता जुमाउद्दीन खाकसर ने बताया कि यह हमला कुंदुज प्रांत में काबुल बैंक की एक शाखा के पास हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में बैंक का एक गार्ड भी शामिल है। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है और खाकसर ने कहा कि पुलिस हमले की साजिश रचने वालों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। खाकसर ने कोई और जानकारी नहीं दी। पूर्व में इस्लामिक स्टेट समूह के आतंकवादियों ने पूरे अफ़गानिस्तान में बम विस्फोट किए हैं, हालांकि अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा सत्ता पर काबिज होने के बाद से आत्मघाती हमले बेहद कम हो गए हैं।

### वजन घटाने की लोकप्रिय दवा खाने से अंधे हो रहे लोग, डॉक्टरों ने जारी की चेतावनी

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका में तेजी से लोकप्रिय वजन घटाने की दवा ओज़ेम्पिक को लेकर गंभीर खतरा सामने आया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस दवा के कारण मरीजों की आंखों की रोशनी स्थायी रूप से जा सकती है। ताजा शोध में पाया गया है कि ओज़ेम्पिक और मौनजारो में मौजूद सक्रिय तत्व? सेमाग्लूटाइड और तिरज़ेपाटाइड से आंखों में सूजन और रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है, जिससे स्थायी अंधापन होने की संभावना है। हाल ही में किए गए अध्ययन में अमेरिका के नौ मरीजों के मामले सामने आए हैं, जो ओज़ेम्पिक या मौंजारो का उपयोग करने के बाद अंधेपन का शिकार हो गए।

# बांग्लादेश में दिसंबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी, ढाका में तसलीमा की किताबों को बनाया निशाना

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में दिसंबर तक आम चुनाव कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि दिसंबर तक आम चुनाव कराने को लेकर तैयारियां चल रही हैं। पिछले सप्ताह देशभर में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने चुनाव कराने के प्रस्ताव पर सहमति दी है।

**दिसंबर में राष्ट्रीय चुनावों को कराने की तैयारी:** निर्वाचन आयोग के इस बयान से एक दिन पहले यूनुस ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को दिसंबर तक चुनाव कराने का आश्वासन दिया।

चुनाव आयुक्त अब्दुल फजल मोहम्मद सनाउल्ला ने पत्रकारों से कहा, हम दिसंबर में राष्ट्रीय चुनावों को कराने की तैयारी कर रहे हैं।


उन्होंने यहां संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और यूरोपीय यूनियन के प्रतिनिधियों के अलावा 17 पश्चिमी और अन्य देशों के राजनयिकों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक में मौजूद रहे यूएन के स्थानीय प्रतिनिधि स्टीफन लिलर ने कहा, हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का समर्थन कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने देश के मौजूदा हालात में इस तरह के चुनाव कराने की चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर भी कुछ भी कहने से इन्कार कर दिया।

**तसलीमा की किताबों को बनाया निशाना:** ढाका में एक पुस्तक प्रदर्शनी में लेखिका तसलीमा नसरीन की किताबों को निशाना बनाया गया। चश्मदीदों ने बताया कि सोमवार को मदरसा छात्रों ने एक स्टाल में तोड़फोड़ की, जहां भारत में निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहीं तसलीमा की पुस्तकें प्रदर्शित की गई थीं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

# ट्रंप का नया फरमान- कागज नहीं सिर्फ प्लास्टिक स्ट्रॉ कर करो इस्तेमाल, विवादित आदेश पर किए दस्तखत

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह संघीय स्तर पर कागज के स्ट्रॉ के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे हैं, क्योंकि वे ''टिकाऊ नहीं होते। उन्होंने कहा कि इसके बजाए प्लास्टिक के इस्तेमाल की तरफ बढ़ना चाहिए। ट्रंप ने संघीय खरीद नीतियों को पलटने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। उन्होंने वह नीति पलट दी है जिसके तहत कागज के स्ट्रॉ की खरीद को प्रोत्साहित किया जाता था और प्लास्टिक के स्ट्रॉ पर प्रतिबंध था। आदेश में संघीय एजेंसियों को कागज के स्ट्रॉ खरीदना बंद करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि दफ्तरों के भीतर अब कागज के स्ट्रॉ उपलब्ध न कराए जाएं। ट्रंप लंबे समय से कागज से बने स्ट्रॉ के खिलाफ बोलते रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ब्रांड वाले पुन~ इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ की





बिक्री भी की गई थी। ट्रंप ने इस आदेश से पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन के फैसले को पलट दिया है जिसमें 2027 तक खाद्य सेवा संचालन, आयोजनों और पैकेजिंग से स्ट्रॉ सहित एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक की संघीय खरीद को समाप्त करना और 2035 तक सभी संघीय संचालनों से समाप्त करना शामिल था। ट्रंप ने सप्ताहांत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीति को ''मृत करार दिया। प्लास्टिक के स्ट्रॉ को महासागरों को प्रदूषित करने और समुद्री जीवन को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया जाता है लेकिन ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनका इस्तेमाल जारी रखना ''ठीक है। ट्रंप ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि प्लास्टिक शार्क को बहुत अधिक प्रभावित करने वाला है क्योंकि वे समुद्र में अपना रास्ता बनाते हुए भोजन खाते हैं।

कई अमेरिकी राज्यों और शहरों ने प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगाया है, और कुछ रेस्तरां अब ग्राहकों को उन्हें नहीं देते हैं। पर्यावरण समूह ओशियाना की प्लास्टिक अभियान निदेशक क्रिस्टी लेविट ने कहा कि ट्रंप का आदेश ''समाधान खोजने से ज़्यादा संदेश देने के बारे में है। उन्होंने कहा कि अधिकांश अमेरिकी मतदाता कंपनियों को एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक पैकेजिंग को कम करने की आवश्यकता का समर्थन करते हैं। लेविट ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर गलत दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्लास्टिक विनिर्माण उद्योग ने हालांकि ट्रंप के फैसले की सराहना की है। 'स्ट्रॉज़ टर्टल आइलैंड रीस्टोरेशन नेटवर्क के अनुसार, अमेरिका में प्रतिदिन 39 करोड़ से अधिक स्ट्रॉ का उपयोग किया जाता है।

# शराब पीयो और छुट्टी पर जाओ, कंपनी ने अपनाया अनूठा तरीका, कर्मचारियों को खुश रखने के लिए दिया ऑफर !

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान की ओसाका स्थित ट्रस्ट रिंग कंपनी ने अपने कर्मचारियों को खुश रखने के लिए एक अनोखा ऑफर पेश किया है। यह कंपनी अपने कर्मचारियों को काम के दौरान शराब पीने की अनुमति देती है और इसके साथ-साथ हैंगओवर के कारण उन्हें 2-3 घंटे की लीव भी देती है। इसका उद्देश्य नए कर्मचारियों को आकर्षित करना और ऑफिस में एक आरामदायक और अनुकूल माहौल बनाना है।



जब ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को उच्च वेतन और हाइक का ऑफर देती हैं तो ट्रस्ट रिंग ने अपने कर्मचारियों को खुश रखने के लिए एक अलग तरीका अपनाया है। यहां कर्मचारियों को काम के दौरान विभिन्न प्रकार के ड्रिंक्स दिए जाते हैं और यदि कोई कर्मचारी शराब पीने के बाद हैंगओवर महसूस करता है तो उसे थोड़ी सी छुट्टी भी दी जाती है। यह कदम कर्मचारियों को और अधिक आरामदायक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। कंपनी के सीईओ ने बताया कि उनका ध्यान वेतन पर प्रतिस्पर्धा करने से ज्यादा एक सकारात्मक और मजेदार कार्यस्थल बनाने पर है। उन्होंने कहा, हम वेतन में बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते लेकिन हम एक ऐसा वातावरण प्रदान कर सकते हैं जिसमें कर्मचारी खुश रहें और हमारी कंपनी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहें। सीईओ अपने कर्मचारियों के साथ शराब पीने का आनंद भी लेते हैं और नये कर्मचारियों को खुद पेश करते हैं।

इस कंपनी का शुरुआती वेतन लगभग 1 लाख 27 हजार रुपये है। इसके अलावा कर्मचारियों को 20 घंटे के ओवरटाइम के लिए मुआवजा भी मिलता है। लचीली कार्य संस्कृति और अतिरिक्त सुविधाओं का यह संयोजन कर्मचारियों के लिए एक नया अनुभव प्रस्तुत करता है जो कार्यालय में काम के साथ-साथ आनंद भी प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रस्ट रिंग कंपनी का यह अनूठा तरीका शायद कुछ कर्मचारियों के लिए आदर्श बन सकता है जो काम के दौरान आरामदायक माहौल और ताजगी चाहते हैं।

# पाकिस्तान में नहीं रुक रहा हिंदुओं पर अत्याचार, बलूचिस्तान में दो लोगों की गोली मारकर हत्या

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कीच जिले के तुरबत क्षेत्र में दो हिंदुओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संदिग्ध आतंकियों के हमले में एक अन्य हिंदू नागरिक घायल हो गया है।पाकिस्तान की पुलिस ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि हरिलाल और मोतीलाल नाम के दो हिंदुओं की सोमवार शाम को एक हमले में गोलीमारकर हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य हिंदू शेरोमल घायल हो गया है। इसके अलावा, इस हमले में एक और व्यक्ति की भी मौत हुई है। डीआइजी अरसलान खोकर ने बताया कि दो नकाबपोश बाइक पर सवार होकर आए और बाजार के पास स्थित एक मकान के बाहर चार लोगों को फायरिंग कर दी। इस हमले की अभी तक किसी आतंकी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए तीनों लोग व्यापारी हैं और संभवत~ किसी व्यापारिक रंजिश के चलते उन पर गोलीबारी की गई है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने इस घटना की निंदा की है। इटली के पलेर्मो में मंगलवार को सिसिली के माफिया के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई छापेमारी में 130 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पलेर्मो और उसके आसपास स्थित माफिया सिंडिकेट कोसा नोस्ट्रा ने पिछली सदी के नौवें और अंतिम दशक में कहर बरपाया था। कैराबिनिएरी पुलिस ने बयान में कहा कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए संदिग्धों पर विभिन्न आरोप लगाए गए हैं, जिनमें मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या का प्रयास, शामिल है। 33 संदिग्धों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं।

# मोदी-ट्रंप की मुलाकात पर रहेगी दुनियाभर की नजर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बहुप्रतीक्षित मुलाकात 13 फरवरी को वॉशिंगटन में होने जा रही है। इस हाई-प्रोफाइल बैठक पर दुनिया भर की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि यह पीएम मोदी की दूसरी बार राष्ट्रपति बने ट्रंप के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी की शाम को वॉशिंगटन पहुंचेंगे। इसके बाद अगले दिन 13 फरवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी अहम बैठक होगी। हालांकि, बैठक के सटीक समय को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

यह ऐतिहासिक बैठक पीएम मोदी और भारतीय विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित होगी। इसके अलावा, कई प्रमुख टेलीविजन समाचार चैनल भी इस बैठक का व्यापक कवरेज देंगे। वहीं, व्हाइट हाउस के आधिकारिक पोर्टल पर भी इसके प्रसारण की संभावना जताई जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद पीएम मोदी और ट्रंप की पहली बातचीत 27 जनवरी को हुई, जिसमें दोनों नेताओं ने आपसी विश्वास और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। बातचीत में व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका इस यात्रा के कार्यक्रम को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं।

# स्टेट कैप्चर की मदद से ट्रंप सरकार में एलन मस्क करेंगे मनमानी?

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा एलन मस्क को अमेरिकी सरकार के विभिन्न विभागों में दखल देने की अनुमति दी गई। इसने अमेरिका के विशाल सरकारी तंत्र को प्रभावित किया है। ट्रम्प द्वारा मस्क को विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया है और उन्होंने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है जिससे मस्क को और अधिक शक्तियां प्राप्त हुई हैं। यह आदेश सरकारी एजेंसियों को मस्क के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशियेंसी (छ्ह्लश्व) के साथ सहयोग करने और कर्मचारियों की संख्या में कटौती करने के लिए मजबूर करता है। मस्क ने एक इंटरव्यू में आलोचना का जवाब दिया। मस्क ने कहा कि लोगों ने सरकार में बड़े सुधारों के लिए वोट दिया। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि एलन मस्क के कदमों को एक क्रांति माना जा सकता है, क्योंकि वह सरकार के डिजिटल ढांचे को अपने नियंत्रण में ले रहे हैं। हालांकि यह परिभाषा सही नहीं है। क्रांति की सामान्य परिभाषा एक ऐसा प्रयास है जिसमें सैन्य या राज्य के अन्य ताकतवर समूह संविधान के विपरीत सत्ता का कब्जा कर लेते हैं। मस्क और ट्रंप इस काम में साथ हैं। एलन मस्क का कार्य अधिक सटीक रूप से स्टेट कैप्चर के रूप में पहचाना जा सकता है। इसका मतलब है कि जब राजनीतिक और कॉर्पोरेट एलीट्स सरकार के संसाधनों पर अधिकार जमाते हैं और उन्हें अपने निजी हितों के लिए इस्तेमाल करते हैं। यह प्रक्रिया पहले विभिन्न देशों में देखी गई है जैसे कि इंडोनेशिया, हंगरी, नाइजीरिया, रूस, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका।



स्टेट कैप्चर में राजनीतिक और कॉर्पोरेट ताकतें सरकारी संस्थाओं, सूचना प्रणालियों और नीति निर्धारण प्रक्रियाओं पर कब्जा कर लेती हैं। फिर इन शक्तियों का उपयोग कर वे निजी हितों के लिए नियमों को लागू करते हैं, फैसले लेते हैं और संसाधनों का वितरण करते है। इससे आम जनता का भला होने के बजाय केवल उनके व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ होते हैं। मस्क के लगातार अमेरिकी सरकार के खिलाफ चलाए गए आक्रमण से अमेरिकी नागरिकों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। सबसे पहली बात यह कि जब अनुभवी सरकारी कर्मचारी हटा दिए जाएंगे, सरकारी अनुबंध रद्द कर दिए जाएंगे और संवेदनशील सूचना प्रणालियों तक पहुंच बनाई जाएगी तो इसका असर अमेरिकी नागरिकों की जिंदगी पर पड़ेगा।

स्टेट कैप्चर का मतलब यह भी है कि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों पर कम जवाबदेही होगी। जब कांग्रेस और स्वतंत्र निगरानी की कमी होगी तो आर्थिक लाभ के वितरण पर महत्वपूर्ण फैसले बंद दरवाजों के पीछे किए जाएंगे। इसके अलावा, स्टेट कैप्चर भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है।

## आकाश एजुकेशनल भोपाल के 35 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 1) में 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक हासिल किया

**भोपाल।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन्स 2025 ( सेशन 1 ) में अपने छात्रों की शानदार उपलब्धि की घोषणा की है। भोपाल के 35 छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा के पहले सत्र में 95 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद हम्जा ने 99.88 पर्सेंटाइल, पीयूष भार्गव ने 98.99, आर्यन कुशवाहा ने 98.92, मानन गुप्ता ने 98.84 और सुमित परमार ने 98.83 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। ये परिणाम छात्रों की मेहनत और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जो भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कल परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो नियोजित जेईई परीक्षाओं की शुरुआत हुई इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक, आईआईटी जेईई, को क्रैक करना है। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ एकेडमिक और बिजनेस हेड, डॉ. एच. आर. राव ने कहा, हम जेईई मेन्स 2025 में अपने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और संकल्प, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इन शानदार परिणामों का कारण बने हैं। आकाश में, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करती है।

## ट्रंप ने रिश्वत रोधी कानून पर लगाई रोक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधी सदी पुराने रिश्वत रोधी कानून पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि इसी कानून के तहत बाइडन सरकार ने भारत के अदाणी समूह के खिलाफ कार्रवाई की थी। विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम ( एफसीपीए ), जिस पर ट्रंप प्रशासन ने रोक लगाई है, वह अमेरिका से जुड़े फर्मों और लोगों को विदेश में अपने व्यापार को सुरक्षित करने के लिए विदेशी अधिकारियों को पैसे या उपहार या किसी भी तरह की रिश्वत देने से प्रतिबंधित करता है।
कानून की आलोचना करते हुए क्या बोले ट्रंप
गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी इस कानून पर रोक लगाने पर विचार किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने एफसीपीए कानून को लेकर कहा कि यह कानून कागजों पर तो अच्छा लगता है, लेकिन व्यवहारिक तौर पर यह बेहद खराब है। इस कानून के मुताबिक अगर कोई अमेरिकी किसी दूसरे देश में जाकर वहां कानूनी, वैध या किसी अन्य तरह से व्यापार करना चाहता है तो उसे इस कानून के मुताबिक निश्चित तौर पर जांच, अभियोग का सामना करना होगा और कोई नहीं चाहता कि उसके साथ ऐसा हो।
उल्लेखनीय है कि पिछले बाइडन प्रशासन में अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ जो अभियोग किया गया था, वह भी इसी कानून के तहत किया गया था। अदाणी समूह पर आरोप लगा था कि उसके कुछ अधिकारियों ने भारत में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके लेने के लिए भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत दी थी।

# एआर दिवस पर धमाका: वैश्विक एआर पावरहाउस बना स्नैप इंडिया !

### भारत बना एआर लेंस का वैश्विक हब, दो साल में 50 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि




**मुंबई, एजेंसी।** स्नैप इंक ने मुंबई में आयोजित दूसरे वार्षिकइंडिया एआर डेकार्यक्रम डिजिटल वास्तविकता( एक ऐसी तकनीक जो हमारी असली दुनिया में डिजिटल चीजें जोड़कर उसे और रोचक बना देती है, जैसे मोबाइल कैमरा से दिखने वाले दृश्य में डिजिटल इफेक्ट्स या जानकारी जोड़ना।) की बदलाव लाने वाली शक्ति को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में दिखाया गया कि कैसे कंपनीएआर तकनीकके जरिए भविष्य को आकार देने, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और खासतौर पर भारत के उभरते हुए डेवलपर समुदाय के लिए एक समृद्धइकोसिस्टमतैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

स्नैप इंक केसीटीओ बॉबी मर्फीने भारत मेंएआर इनोवेशनके जरिए रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, स्नैप एआर का मकसद रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाला एक मंच बनाना है। हम नई तकनीक और टूल्स विकसित कर रहे हैं, ताकि क्रिएटर्स लाखों लोगों के लिए शानदार अनुभव तैयार कर सकें। भारतीय डेवलपर्स इनोवेशन में सबसे आगे हैं और वे एआर को नए और आकर्षक तरीकों से इस्तेमाल कर रहे हैं।


उन्होंने आगे कहा, स्नैपचैट पर दुनिया में सबसे ज्यादा लेंस भारत से बनाए और प्रकाशित किए जाते हैं। यहां का डेवलपर समुदाय बीते दो सालों में 50त्न से ज्यादा बढ़ा है। भारत एक अनोखा देश है, जहां एआर सिर्फ मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी माध्यम बन गया है।

स्नैप इंक केएमडी, इंडिया, पुलकित त्रिवेदीने कहा, भारत में क्रिएटर्स और डेवलपर्स का एक मजबूत समुदाय है, जो एआर का भविष्य तय कर रहा है। यहां 200मिलियन से ज्यादा लोग स्नैपचैट का इस्तेमाल खुद को व्यक्त करने, जुड़ने और कंटेंट का आनंद लेने के लिए कर रहे हैं। एआर अब सिर्फ एक तकनीक नहीं, बल्कि संचार और रचनात्मकता का एक अहम हिस्सा बन चुका है।

उन्होंने यह भी जोड़ा, हम मानते हैं कि एआर की लंबी अवधि की सफलता एक मजबूत डेवलपर इकोसिस्टम पर निर्भर करती है, और हम इसे आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हर महीने स्नैपचैट यूजर्स 80 अरब से ज्यादा बार एआर लेंस के साथ इंटरैक्ट कर रहे हैं। यह इस बात का सबूत है कि एआर रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है, और हम इस इनोवेशन को सपोर्ट और सेलिब्रेट करने के लिए उत्साहित हैं।

### मिआ बाए तनिष्क ने मिलाए स्विगी इन्स्टामार्ट के साथ हाथ, खूबसूरत चांदी के आभूषण अब पाएं सिर्फ 10 मिनटों में

**मुंबई**, एजेंसी। भारत के सबसे ट्रेंडी प्रेशियस फाइन ज्वेलरी ब्रांडों में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने स्विगी इन्स्टामार्ट के साथ सहयोग करके, बहुत ही तेज़ी से बढ़ते हुए क्विक कॉमर्स क्षेत्र में कदम रखा है। इस हफ्ते से मिआ का बेहद खूबसूरत, अनोखा और बेजोड़ चांदी के आभूषणों का कलेक्शन स्विगी इन्स्टामार्ट पर 35 से ज़्यादा शहरों में उपलब्ध होगा – गुरगांव, दिल्ली, कोलकाता, पुणे, बंगलोर, चेन्नई, मुंबई और हैदराबाद। उपभोक्ताओं को चांदी के आभूषण सिर्फ 10 मिनटों में उनके घर पर पहुंचाने के लिए यह सहयोग किया गया है। स्विगी इन्स्टामार्ट को उनके बेजोड़ कम्युनिकेशन और परिचालन में उत्कृष्टता के लिए पहचाना जाता है, क्विक कॉमर्स में मार्केट लीडर के रूप में उनके स्थान का लाभ यह साझेदारी उठाएगी और उपभोक्ताओं के इ-कॉमर्स अनुभव को उन्नत करेगी। यह साझेदारी मिआ बाए तनिष्क की ओम्नी-चैनल उपस्थिति का विस्तार करने की स्ट्रैटेजी के अनुरूप है। यह ब्रांड कई अलग-अलग सेल्स चैनल्स के ज़रिए नए उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहता है। क्विक कॉमर्स मार्किट में प्रेशियस ज्वेलरी की मांग लगातार बढ़ रही है उसे पूरा करने के लिए मिआ अपने बेहद खूबसूरत और अनोखे सिल्वर ज्वेलरी कलेक्शन प्रस्तुत कर रहा है। कोई खास मौका हो या सोच-समझकर दिया जानेवाला गिफ्ट, मिआ के चांदी के आभूषण उसमें शान और शगुन की चमक जोड़ेंगे और अब आप इन आकर्षक आभूषणों को बहुत ही तेज़ी से और बहुत ही आसानी से, अपने घर पर पा सकते हैं।




## इंडियावुड 2025: लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**दिल्ली एजेंसी।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्गमेस्से के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है।

**इंडियावुड की 25 साल की धरोहर- स्थानीय प्रदर्शन से वैश्विक प्रभाव तक-** अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है। 2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है – इसका अधिकांश हिस्सा इंडियावुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है, सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया ने कहा।
इस अवसर पर, यूरोपीय लकड़ी कार्य मशीनरी निर्माताओं की महासंघ के अध्यक्ष फ्रेडरिक मेयर ने कार्यक्रम और भारत के लकड़ी कार्य और फर्नीचर उद्योग की निरंतर वृद्धि के बारे में अपनी खुशी व्यक्त की। भारत तेजी से लकड़ी के काम और फर्नीचर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी के रूप में अपनी स्थिति स्थापित कर रहा है, जिसे मजबूत घरेलू मांग और कारीगरी की दीर्घकालिक परंपरा द्वारा बढ़ावा मिल रहा है, मेयर ने कहा।
इंडियावुड 2025 ज्ञान साझा करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यूरोपीय लकड़ी कार्य मशीनरी निर्माताओं का महासंघ इस पहल का समर्थन करने पर गर्व महसूस करता है, और यूरोपीय और भारतीय कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कार्यक्रम की भूमिका को भी रेखांकित किया, जो अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता को स्थानीय नवाचार से जोड़ता है- हम सभी आगंतुकों को यूरोपीय लकड़ी कार्य प्रौद्योगिकियों की खोज करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो गुणवत्ता, दक्षता और स्थिरता के उच्च मानकों के लिए जानी जाती हैं।

### एनफैब्रिका ने एआई नेटवर्किंग इन्नोवेशन को गति देने के लिए

# भारत में आरएंडडी हब खोला

**हैदराबाद, एजेंसी।** एआई नेटवर्किंग में अग्रणी और जीपीयू/एक्सिलेटर क्लस्टर के प्रभावी एवं उच्च निष्पादन के लिए एक्सिलरेटेड कंप्यूट फैब्रिक (एसीएफ) चिप की आविष्कारक एनफैब्रिका कॉरपोरेशन ने भारत के हैदराबाद में मुख्यालय वाला अपना आरएंडडी परिचालन शुरू करने की आज घोषणा की। भारत में इसके नए कार्यालय एवं आरएंडडी सुविधा की स्थापना, एनफैब्रिका को एआई इन्नोवेशन के लिए एक टेक्नोलॉजिकल हब के केंद्र में स्थित करती है जिससे कंपनी अपनी विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग टीम बढ़ा सकेगी और साथ ही सिलीकॉन एवं सॉफ्टवेयर उत्पाद विकास परिचालन को विस्तार दे सकेगी। यह नया कार्यालय इस कंपनी की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाता है और साथ ही एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का स्तर बढ़ाने के लिए इस उद्योग के सबसे उन्नत नेटवर्किंग उत्पादों की आपूर्ति के लिए शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को नौकरी पर रखने की इसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



समयबद्ध तरीके से कंप्यूट एवं रिजनिंग मॉडलों के उपयोग के साथ जेनरेटिव एआई और इससे जुड़ी उन्नति को तेजी से अपनाए जाने के साथ एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की चुनौतियों की गणना, महत्तम स्तर के संतुलन स्तर और स्वामित्व के कुल खर्च के अनुसार करने की जरूरत है। एनफैब्रिका समानांतर, विजातीय और बढ़े हुए कंप्यूटिंग सिस्टम्स को कुशलता के साथ एक दूसरे से जोड़ने के लिए चिप्स और सॉफ्टवेयर का निर्माण कर एआई के लिए नेटवर्किंग को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। इस कंपनी का 3.2 टेराबाइट प्रति सेकेंड का एसीएफ सुपरएनआईसी विश्व का सबसे तेज, सबसे लचीला और सबसे विस्तार योग्य जीपीयू नेटवर्क इंटरफेस कंट्रोलर चिप है। 2के जीपीयू से 100 से अधिक जीपीयू तक के क्लस्टर्स के लिए यह लोकप्रिय एआई फ्रेमवर्क केलिए उच्च निष्पादन प्रदान करता है और साथ ही नेटवर्क डिजाइन को आसान बनाता है जिससे पूंजीगत एवं परिचालन खर्च नीचे लाया जा सके।

भारत वैश्विक एआई क्रांति में निरंतर एक अहम भूमिका निभा रहा है। विविध भौगोलिक एवं आर्थिक परिदृश्य में फैला इस देश का उन्नत डिजिटल सार्वजनिक आधारभूत ढांचा, आधुनिक एआई एप्लीकेशंस को विस्तार देने के लिए महत्वपूर्ण कारक है। भारत में एआई का बाजर वर्ष 2025 तक आठ बिलियनडॉलर पर पहुंचने का अनुमान है और यह 2020 से साल दर साल 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। एनफैब्रिका का हैदराबाद में आरएंडडी सेंटर, एआई और एक्सिलरेटेड कंप्यूटिंग वर्कलोड के निष्पादन और विस्तार की मांग से निपटने के इच्छुक इंजीनियरों और डेवलपरों के समुदाय के बीच स्थित है। यह नया आरएंडडी सेंटर कर्मचारियों को जेन एआई के युग के लिए सॉल्यूशंस तैयार करने का अवसर उपलब्ध कराएगा।

### जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है

## एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए तैयार है, जो जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के मूल संदेश के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस पहल का उद्देश्य समुदायों, विशेष रूप से युवाओं को संगठित करना है और 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविरों का आयोजन करना है। वर्ष 2019 और 2023 में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सफलतापूर्वक लगभग 188 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया, जिसके माध्यम से 17,700 से अधिक पंजीकरण हुए। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, 2025 के अभियान का लक्ष्य 30,000 पंजीकरण प्राप्त करना है। प्रत्येक शिविर में रक्तदाताओं को आवश्यक चिकित्सा जांच, जलपान और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे, ताकि एक सहज और प्रेरक रक्तदान अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। केयर टूडे फंड, यूनाईटेड वे मुंबई और सक्षम भारती फाउंडेशन जैसे विश्वसनीय साझेदारों के साथ सहयोग करते हुए एलजी भारत में स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी, श्री होंग जू जियोन ने कहा, हम सार्थक हस्तक्षेप के साथ ष्टस्क्र कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेगा रक्तदान अभियान का यह तीसरा संस्करण हमारे इस संकल्प का प्रतिबिंब है कि लोगों के लिए लाइफ्स गुड बनाया जाए। हमारा उद्देश्य समुदायों को सक्रिय रूप से भाग लेने और इस महत्वपूर्ण उद्देश्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है, जो हमारे मूल संदेश जीवन साझा करने पर ही अच्छा बनता है के साथ जुड़ा हुआ है। स्थलीय रक्तदान शिविरों के अतिरिक्त, स्न्न इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया पूरे देश में रेडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से नागरिक जन जागरूकता अभियान चलाएगा।




## 2025 तक 20,000 शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए सैमसंग का अनूठा पहल - गैलेक्सी एम्पावर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी एम्पावर्ड नामक एक अनूठे सामुदायिक कार्यक्रम की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रशासकों को सशक्त बनाकर भारत में शिक्षा को नई दिशा देना है।




दिग्गज निशानेबाज और 2008 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी में शुरू किए गए इस कार्यक्रम का मकसद शिक्षण में तकनीक को शामिल कर नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षा में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। यह पहल शिक्षकों को भविष्य की कक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए नियमित ऑन-ग्राउंड और ऑनलाइन शिक्षण सत्र प्रदान करेगी। तकनीक के क्षेत्र में एक अग्रणी ब्रांड होने के नाते, सैमसंग का लक्ष्य ऐसे भविष्य के लिए तैयार कक्षाओं का निर्माण करना है, जहां शिक्षक नवीनतम तकनीक और आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाकर बेहतर शिक्षा दे सकें।

गैलेक्सी एम्पावर्ड न केवल शिक्षकों के लिए फायदेमंद है, बल्कि यह स्कूलों को भी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का अगुवा बनने में मदद करता है। बेहतर शिक्षण विधियों और तकनीक-संचालित सीखने के माहौल के जरिए स्कूल खुद को अभिभावकों की पहली पसंद बना सकते हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी और उन्हें समुदाय में अधिक पहचान मिलेगी। खास बात यह है कि गैलेक्सी एम्पावर्ड कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क है, जिससे शिक्षकों और स्कूलों को बिना किसी आर्थिक बाधा के शिक्षा को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, राजू पुलन ने कहा, गैलेक्सी एम्पावर्ड के माध्यम से, हम शिक्षकों को ऐसे टूल्स प्रदान कर रहे हैं जो छात्र जुड़ाव को बेहतर बनाएंगे।

## शार्क टैंक इंडिया 4 में फंडूलैब्स की स्लाइम-टास्टिक पिच - क्या नैतिक को मिलेंगे 60 लाख रुपये?

**मुंबई ,एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया 4 के मंच पर इस बार फंडूलैब्स के फाउंडर नैतिक चोटाई ने अपनी अनोखी पेशकश से सबका ध्यान खींचा। उनके प्रोडक्ट, सेफ स्लाइम, ने न सिर्फ बच्चों बल्कि उनके माता-पिता को भी प्रभावित किया।



फंडूलैब्स क्रिएटिव लर्निंग प्रा. लि. खासतौर पर केमिस्ट्री पर आधारितडीआईवाई साइंटिफिक किट्सऔरसेंसरी टॉयजबनाने में माहिर है। ये सुरक्षित और नॉन-टॉक्सिक स्लाइम, स्क्विशी और स्नो-मेकिंग किट्स 3 से 14 साल तक के बच्चों के लिए तैयार किए जाते हैं। लेकिन शो के दौरान सबको तब और ज्यादा आश्चर्य हुआ जब नैतिक की 14 वर्षीय बेटी ने पूरे आत्मविश्वास के साथ एक लाइव डेमो पेश किया। उनकी इस शानदार प्रस्तुति नेनमिता थापर को खासा प्रभावित किया, वहींअनुपम मित्तल ने नैतिक को बिना दाढ़ी वाला असली सांता क्लॉज़ कहकर उनकी तारीफ की। नैतिक ने अपने सफर के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंनेफंडूलैब्स की शुरुआत विज्ञान और टेक्नोलॉजी को मजेदार बनाने की सोच के साथ की थी।

## मॉडर्न लाइफस्टाइल के लिए परफेक्ट कूलिंग - सैमसंग बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांडसैमसंगने अपनी2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर रेंजलॉन्च की है,जो भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। अत्याधुनिक एआई तकनीक,ऊर्जा कुशल प्रदर्शन और आधुनिक जीवनशैली में सहज समावेश के साथ,यह नई रेंज न केवल भारतीय गर्मियों के लिए कूलिंग के अनुभव को नए स्तर पर ले जाती है बल्कि घरों में आरामदायक माहौल भी बनाए रखती है। एआई फास्ट एंड कम्फर्ट कूलिंगतकनीक से लैस ये एयर कंडीशनर कमरे का तापमान तेजी से कम करते हैं और फिर धीरे-धीरेविंडफ्री कूलिंगमें बदल जाते हैं। यह अनूठी तकनीक बिना किसी तेज हवा के कोमल और प्रभावी कूलिंग सुनिश्चित करती है, जो इनडोर और आउटडोर परिस्थितियों के अनुसार खुद को अनुकूलित कर लेती है। यह सिस्टम उपयोगकर्ता की पसंद और आदतों को लगातार सीखकरव्यक्तिगत कूलिंग समाधानप्रदान करता है, जिससे यह भारत के अनिश्चित जलवायु में रहने वाले परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है।



विंडफ्री कूलिंग तकनीक, अपनेमाइक्रो एयर होल डिज़ाइनके जरिए हवा को समान रूप से फैलाकर स्टिल एयर वातावरण बनाती है, जिससे ठंडक का अहसास होता है लेकिन बिना किसी अप्रिय हवा के झोंकों के। इसके साथ एआई एनर्जी मोडभी दिया गया है, जोरियल-टाइम परिस्थितियों और उपयोग के पैटर्नका विश्लेषण कर ऊर्जा की खपत को कम करता है। यह तकनीक30त्न तक बिजली की बचतकरने में सक्षम है, जिससे भीषण गर्मी के दौरान भी घर ठंडे और आरामदायक बने रहते हैं।

स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटीकी मदद से यूजर्स अपने एयर कंडीशनर कोस्मार्टफोनयाबिक्सबी, एलेक्सा और गूगल होमजैसे वॉयस असिस्टेंट से आसानी से नियंत्रित और मॉनिटर कर सकते हैं।

# शुभमन गिल ने बनाया यूनिक रिकॉर्ड, एक ही मैदान पर तीनों फॉर्मेट में लगाए शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के आखिरी और तीसरे वनडे में शतक लगाकर यूनिक रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। गिल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में एक ही मैदान पर शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस लिस्ट में अभी तक कोई भारतीय शामिल नहीं था।

गिल ने 31.2 ओवर में मार्क वुड की गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया और रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इसी मैदान पर टेस्ट शतक, टी20 शतक और अब वनडे शतक भी यहीं है। इस सूची में आईपीएल शतक भी शामिल है। यह एक बेहतरीन पारी है। शुरुआत में गेंद सीम और स्विंग कर रही थी। उन्होंने अपना समय लिया लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे उस चरण से निपटने के लिए बेहतरीन स्थिति में थे और एक बार जब वे इससे आगे निकल गए तो उन्होंने दिखाया कि वे इस मैदान पर क्यों राज करते हैं। टीम के साथी और प्रशंसक उनके 7वें वनडे शतक का स्वागत करने के लिए खड़े हो गए। उन्होंने हेलमेट उतार दिया, बल्ला उठाया और जश्न मनाते हुए झुके। गिल की पारी का अंत 34.3 ओवर में आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड हुए। गिल ने अपनी पारी के दौरान 102 गेंदों का सामना किया और 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 109 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाए। अपनी पारी के अंत के साथ ही गिल वनडे की पहली 50 पारियों में सर्वाधिक 2587 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने हाशिम अमला का रिकॉर्ड तोड़ा जो इससे पहले 2486 रन बनाते हुए पहले स्थान पर थे।

**तीनों प्रारूपों में एक ही स्थान पर शतक**

फाफ डु प्लेसिस - वांडरर्स, जोहान्सबर्ग
डेविड वार्नर - एडिलेड ओवल
बाबर आजम - नेशनल स्टेडियम, कराची
क्विंटन डी कॉक - सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन
शुभमन गिल - मोटेरा, अहमदाबाद

**वनडे में पहली 50 पारियों के बाद सर्वाधिक रन**

2587 शुबमन गिल
2486 हाशिम अमला
2386 इमाम-उल-हक
2262 फखर ज़मान
2247 शाई होप

## फ्रीस्टाइल शतरंज में गुकेश ने नाकामुरा से ड्रॉ खेला, पांचवें से आठवें स्थान के प्लेऑफ का था मुकाबला

**हैम्बर्ग (जर्मनी), एजेंसी।** ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं। विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रीस्टाइल शतरंज के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में अमेरिकी हिकारु नाकामुरा ने ड्रॉ पर रोक दिया। वहीं, सेमीफाइनल मुकाबलों में मैग्नस कार्लसन को पहले मैच में विन्सेंट कीमर से हार मिली, जबकि कारुआना और उज्बेकिस्तान को जावोखिर सिंदारोव के बीच बाजी ड्रॉ रही।

ड्रॉ नहीं खेलने के लिए मशहूर हो चुके गुकेश ने इस टूर्नामेंट में आठवीं बाजी ड्रॉ खेली। सात बाजियां उन्होंने प्रारंभिक दौर में ड्रॉ खेलीं। दिन का सबसे बड़ा परिणाम जर्मनी के कीमर की विश्व नंबर एक और इस प्रारूप के सूत्रधार मैग्नस कार्लसन पर जीत रही। अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल 0-2 से हारने के बाद गुकेश ने नाकामूरा के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ अंक बांटे। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं, जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है।

## स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता का निधन, दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का दिल का दौरा पड़ने से मंगलवार को निधन हो गया। मंगलवार को ही इंदरपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा गुरुवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था। भारत की शीर्ष महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने पिछले साल सऊदी स्मैश में शानदार प्रदर्शन किया था और करियर की सर्वश्रेष्ठ एकल रैंकिंग 24 पर पहुंच गईं थीं। वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थीं। तब उन्होंने 15 स्थान की लंबी छलांग लगाई थी। हालांकि, वह मौजूदा समय में महिला एकल में 25वें रैंक पर हैं। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में मनिका का एकल में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वहीं, महिला टीम के साथ मिलकर उन्होने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था।

## महिलाओं के खेल इवेंट में ट्रांसजेंडर एथलीट्स पर पाबंदी की तैयारी, विश्व एथलेटिक्स ने कसी कमर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। विश्व एथलेटिक्स ने एथलेटिक्स की महिला इवेंट में ट्रांसजेंडर और पुरुषत्व के लक्षण वाले एथलीटों की भागीदारी पर पूरी तरह पाबंदी लगाने की तैयारी कर ली है। विश्व एथलेटिक्स ऐसे नियम लाने जा रहा है, जिससे महिला वर्ग में ट्रांसजेंडर एथलीट, लिंग विकास में अंतर (डीएसडी) वाली महिला एथलीट और पुरुष से महिला में परिवर्तित हुए एथलीटों के महिला वर्ग में खेलने पर पूरी तरह पाबंदी लग जाएगी। महिला वर्ग में पारदर्शिता लाने के लिए विश्व एथलेटिक्स 1990 में बंद कर दिए गए उस क्रोमोसोम टेस्ट को भी लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे महिला में वाई क्रोमोसोम (पुरुष क्रोमोसोम) के होने का पता लग जाएगा। इस टेस्ट में महिला एथलीट के गाल के स्वैब का सैंपल लिया जाएगा या फिर उसके सूखे हुए खून का परीक्षण होगा।

## नेशनल गेम्स राउंड अप:

# ज्योति याराजी और अनिमेष कुजूर को स्वर्ण

### पदक तालिका में सेना शीर्ष पर बरकरार




**देहरादून, एजेंसी।** सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया।

बाधा दौड़ की स्टार खिलाड़ी ज्योति याराजी और फर्राटा धावक अनिमेष कुजूर ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेलों में अपना क्रमशः दूसरा और तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि पैदल चाल के 15 खिलाड़ियों ने खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना इस बीच पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इससे पहले 100 मीटर और चार गुणा 100 मीटर का खिताब जीतने वाले ओडिशा के 21 वर्षीय कुजूर ने 20.58 सेकेंड के समय के साथ पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता। उनका यह समय गुजरात में 2022 में असम के अमलान बोरगोहेन के 20.55 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड से थोड़ा अधिक था। सौ मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता आंध्र प्रदेश की 25 वर्षीय याराजी ने महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में 23.35 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिल्ली की मध्यम दूरी की धाविका केएम चंदा ने महिलाओं की 800 मीटर में अपने ही राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने दो मिनट 0.82 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2022 प्रतियोगिता के दो मिनट 1.58 सेकेंड के राष्ट्रीय खेलों के अपने पिछले रिकॉर्ड को बेहतर किया। उन्होंने इससे पहले 1500 मीटर में भी स्वर्ण जीता था।

मंगलवार को सेना ने नौ स्वर्ण सहित 17 पदक जीते और 54 स्वर्ण, 22 रजत, 21 कांस्य सहित कुल 97 पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि खेलों में अब केवल दो दिन बचे हैं। पिछले सत्र की शीर्ष टीम महाराष्ट्र 144 पदक (41 स्वर्ण, 51 रजत, 52 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर है। कर्नाटक 75 पदक (33 स्वर्ण, 18 रजत, 24 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि हरियाणा (28 स्वर्ण, 40 रजत, 44 कांस्य) और मध्य प्रदेश (25 स्वर्ण, 18 रजत, 18 कांस्य) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफ़ी से हटे स्टार्क, कप्तानी करेंगे स्मिथ

**मेलबर्न, एजेंसी।** मिचेल स्टार्क ने व्यक्तिगत कारणों से चैंपियंस ट्रॉफ़ी से अपना नाम वापस ले लिया है और ऑस्ट्रेलिया ने एक अलग दिखने वाली 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है जिसकी कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे। मार्कस स्टॉयनिस के संन्यास के साथ-साथ पैट कमिंस, जॉश हेज़लवुड और मिशेल मार्श की चोटों के कारण ऑस्ट्रेलिया को पहले ही अपनी स्थायी टीम में कई बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।




स्टार्क की अनुपस्थिति का मतलब है कि वे पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फ़रवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने पूरे विश्व कप विजेता फ़्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण के बिना उतरेंगे। स्टार्क ने अपने फ़ैसले के बारे में गोपनीयता की मांग की है। वह गॉल में दूसरे टेस्ट के बाद के समय में कुछ असुविधा में दिखे थे। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, हम मिच के फ़ैसले को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं। मिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के लिए बड़ा सम्मान दिया जाता है।

दर्द और प्रतिकूल परिस्थितियों में खेलने की उनकी अच्छी तरह से क्षमता, साथ ही अपने देश को पहले स्थान पर रखने के लिए अपने करियर के अन्य हिस्सों में अवसरों को छोड़ने की सराहना की जानी चाहिए। उनका चैंपियंस ट्रॉफ़ी अभियान में नहीं होना भले ही एक झटका है, लेकिन इससे किसी और को टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने का मौक़ा मिलेगा।

## लीजेंड लीग पर आग बरसा रहा है शिखर धवन का बल्ला, खेली शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी



**रायपुर (छत्तीसगढ़) (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन लीजेंड 90 लीग में बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। उन्होने अपने पिछले मैच में बिग बॉयस के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली।

आठ से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, थिसारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गप्टिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर रहे धवन ने लीग का हिस्सा बनने पर खुशी जाते हुए कहा कि, च्च् यह टूर्नामेंट रिटायड खिलाड़ियों को एक बार फिर उसी रोमांच को जीने का मौका दे रहा है, जो कभी उनका हिस्सा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि, च्च् लीग को बहुत अच्छे तरीके आयोजित किया गया है। चाहे मैदान हो, विकेट हो, ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था हो, सभी चीजें बहुत बढ़िया हैं, खासकर प्रशंसकों से जिस तरह का प्यार मिल रहा है, वह देखने लायक है।

90 बॉल क्रिकेट का या फटाफट प्रारूप हमारे जैसे खिलाड़ियों के लिए एक अलग ही अनुभव है। हमने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त प्रेशर के साथ खेला है, लेकिन यहां हम खेल पर फोकस करने के साथ ही एंजॉय भी कर सकते हैं। शिखर ने कहा, इस लीग का क्रेज बहुत जबरदस्त है और मुझे पूरा यकीन है कि मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह दर्शकों से इसे भरपूर प्यार मिलने वाला है। प्रशंसक इसका सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। डिजिटल स्ट्रीमिंग फैन कोड और सोनी लिव पर उपलब्ध है।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भनगर (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद बुधवार को दोनों ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर सेल्फी भी सोशल मीडिया में अपलोड की और माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत नजर आए। कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ सिफ एक शब्द लिखा 'ब्लेस्ड (आशीर्वाद)। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला।



अपनी फिरकी से विरोधी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाने वाले अनिल कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना।

## एशिया मिक्सड टी चैम्पियनशिप:

# भारत ने मकाऊ पर दर्ज की बड़ी जीत, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

### अब कोरिया से सामना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा। भारतीय बैडमिंटन टीम ने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रुप डी के अपने शुरुआती मैच में मकाऊ को 5-0 से हराया और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रही। भारत ने दुबई में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। अब उसका ग्रुप चरण के अंतिम मैच में गुरुवार को सामना कोरिया से होगा।

मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया।

मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की।

चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

# नीरज चोपड़ा ने मोटापे से लड़ने का दिया संदेश, प्रधानमंत्री मोदी ने किया समर्थन






**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के एक सोशल मीडिया पोस्ट को कोट करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था कि स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है।


पोस्ट में नीरज ने एक लेख साझा किया था। नीरज चोपड़ा के इसी पोस्ट को कोट करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि नीरज चोपड़ा द्वारा लिखा गया एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक लेख, जो मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर देता है। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लेख शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के खिलाफ लड़ाई एक ऐसी चीज है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा। आइए हम सब मिलकर भारत को फिट बनाने के माननीय पीएम नरेंद्र मोदी जी के सपने का समर्थन करें! नीरज चोपड़ा ने अपने लेख में कहा था कि जब मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत में मोटापे से लड़ने का आह्वान सुना, तो यह मेरे दिल को छू गया। मैं पहले से ही जानता था कि अधिक वजन होने से क्या संघर्ष होता है, इससे क्या कलंक लगता है और खेल और फिटनेस से क्या बड़ा बदलाव आ सकता है। मेरा खुद का सफर - एक अधिक वजन वाले बच्चे से लेकर ओलंपिक पोडियम तक - दृढ़ संकल्प, सही मानसिकता और अनुशासित दृष्टिकोण का परिणाम रहा है। अगर हमारे पास ये सभी दृष्टिकोण हैं, तो कोई भी बाधा पार कर सकते हैं। नीरज ने आगे लिखा था कि मोटापा सिर्फ़ शारीरिक दिखावट से जुड़ा नहीं है, यह स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती से जुड़ा है।

आज, भारत में सभी आयु समूहों में मोटापे में खतरनाक वृद्धि देखी जा रही है। बचपन में मोटापा एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है, क्योंकि ज़्यादा से ज़्यादा युवा लोग फास्ट फूड, स्क्रीन पर बहुत ज्यादा समय बिताने और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण गतिहीन जीवनशैली अपना रहे हैं। इससे न सिर्फ़ उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है, जिससे उनका आत्म-सम्मान कम होता है और मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है।



# कृष्णायन


गुरुवार 13 फरवरी 2025 स्वराज खबर



# ईशान कोण में हो वास्तु दोष तो घर के लोग हमेशा रहते हैं बीमार, जानें बचने के उपाय

**वास्तु शास्त्र में घर के ईशान कोण को बहुत शुभ माना जाता है. इस दिशा में दोष हो तो व्यक्ति हमेशा मुसीबतों से घिरा रहता है. जानते हैं इस वास्तु दोष को कैसे दूर किया जा सकता है. वास्तु शास्त्र में दिशाओं का विशेष महत्व माना जाता है. सारी दिशाओं में घर के ईशान कोण को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. यह दिशा भगवान कुबेर की दिशा मानी जाती है. माना जाता है कि इस दिशा में सकारात्मक और प्रगतिशील ऊर्जाओं का निर्माण होता है. यह घर में मंदिर के लिए शुभ स्थान माना जाता है. घर के ईशान कोण में किसी भी तरह की कोई भी बाधा नहीं होनी चाहिए. अगर इस दिशा में कोई वास्तु दोष हो तो घर के सदस्य अक्सर बीमार रहते हैं. आइए जानते हैं कि ईशान कोण के वास्तु दोष को कैसे दूर किया जा सकता है.**

## ईशान कोण के वास्तु दोष और उपाय

वास्तु के अनुसार उत्तर पूर्व दिशा यानी की ईशान कोण में कभी भी मास्टर बेडरूम नहीं बनवाना चाहिए. माना जाता है कि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं और वैवाहिक जीवन में तनाव आता है. अगर बेडरूम ईशान कोण में हो तो बेड को कमरे के दक्षिण पश्चिम कोने में रखना चाहिए. दक्षिण दिशा की ओर सिर करके सोना अच्छा होता है. वास्तु के अनुसार उत्तर दिशा में सिर करके सोने से कोई परेशानी नहीं होती है. ईशान कोण में बेडरूम हो तो इसके वास्तु दोष को दूर करने के लिए वास्तु यंत्र को उत्तर पूर्व दिशा में रखना चाहिए. इसके अलावा वास्तु दोषों को दूर करने के लिए अपने बेडरूम के रंग को वास्तु के अनुसार नीले, पीले या हरे रंग से रंगवाया जा सकता है.

आप अपने बेडरुम क्रिस्टल बॉल भी रख सकते हैं. यह घर के अंदर मौजूद सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हैं. इसलिए इन्हें बेडरूम में रखें. बेड के बिल्कुल सामने की दीवार पर शीशा न लगाएं. घर को खुशबूदार बनाने के लिए अगरबत्ती, चंदन या लैवेंडर का तेल चुन सकते हैं. यह घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में मदद करते हैं.वास्तु के अनुसार घर की इस दिशा में किचन नहीं होना चाहिए. इस दिशा में बना किचन आपके लिए समस्याएं पैदा कर सकती है. उत्तर पूर्व जल तत्व का क्षेत्र है और खाना पकाने का संबंध अग्नि तत्व से है. अग्नि और जल असंगत माने जाते हैं. माना जाता है कि अग्नि तत्व उत्तर पूर्व क्षेत्र की सकारात्मक ऊर्जाओं को नष्ट कर देता है. ईशान कोण के दोष को दूर करने के लिए किचन को घर के दक्षिण पूर्व या उत्तर पश्चिम कोने में बनवाने की कोशिश करें. घर के उत्तर पूर्व कोने को साफ सुथरा रखना चाहिए.

## ईशान कोण में ना रखें ये चीजें

उत्तर पूर्व दिशा भगवान कुबेर की दिशा है. इसलिए सभी इस दिशा में नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने वाली चीजें जैसे कि जूता रैक, झाड़ू, कूड़ेदान और भारी फर्नीचर आइटम जैसी चीजें इस कोने में नहीं रखनी चाहिए. घर में सुख शांति बनी रहे इसके लिए उत्तर पूर्व दिशा को हमेशा व्यवस्थित रखना चाहिए. सप्ताह में कम से कम एक बार नमक के पानी से फर्श को पोछना चाहिए. इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है.




# घर से फौरन हटा दें ये चीज वरना हो जाएंगे कंगाल, छिन जाएगा जीवन का सुख-चैन



**वास्तु शास्त्र एक प्राचीन विज्ञान है जो घर और कार्यालय जैसे भवनों के निर्माण से संबंधित विभिन्न नियमों का अध्ययन करता है. इसके अनुसार, घर में कुछ वस्तुओं की उपस्थिति नुकसानदायक हो सकती है.हम सभी हमेशा अपने घरों एवं उसके आस-पास की सफाई रखते हैं. साफ-सफाई में कोई कोताई नही करते हैं. हमेशा अपने घर को साफ-सुथरा और सुंदर बना कर रखते है. लेकिन अक्सर सफाई के दौरान हम सभी घर के कई हिस्से साफ करना भूल जाते है. या फिर नजरअंदाज कर देते है और अक्सर ऐसे ही जगहों पर मकड़ी अपने जाले बनाए रहते है.**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में मकड़ी के जाले होना अशुभ होता है. घर के बड़े-बुजुर्गों एवं परिजनों को भी कहते सुना होगा कि घर में मकड़ी के जाले नहीं होने चाहिए. घर में मकड़ी के जाले होना शुभ संकेत नही है. जितना जल्दी हो सके उसे घर से साफ कर दे.

वास्तु शास्त्र कहता है कि घर में मकड़ी के जाले नकारात्मक ऊर्जा को बढाता है. साथ ही अनेकों बीमारियों का कारण भी बनता है. घर के लोगों में हमेशा आलस, उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन, उनके विचारों में भी नकारात्मकता आने का कारण हो सकता है.

वास्तु शास्त्र की मानें, तो जिस भी घर में मकड़ी के जाले लगे होते हैं, उस घर में रहने वाले लोगों का दिमाग सही प्रकार से काम नहीं करता. वह मकड़ी के जालों के तरह ही उलझें रहते हैं. जिस कारण उनके सोचने-समझने की शक्ति भी प्रभावित होती है, इसके साथ ही निर्णय लेने की क्षमता पर भी असर पड़ता है. पारिवारिक जीवन में उत्पन कलह का एक बड़ा कारण मकड़ी का जाला भी होता है. मकड़ी का जाला परिवार के सदस्यों को मानसिक रोगी भी बना सकता है.

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मकड़ी का जाला घर में वास्तुदोष उत्पन्न करता है. जिससे आर्थिक तंगी आती है, घर की आर्थिक प्रगति रुक जाती है. इसके कारण हमेशा धन हानि का सामना करना पड़ता है. मकड़ी का जाला घर में होने से घर की सुख-समृद्धि में कमी आती है. यह घर के माहौल को नकारात्मक बनाते है. इससे घर का माहौल अशांत हो जाता है जिसके कारण व्यक्ति चाहकर भी अपने काम को मन लगाकर नहीं कर पाता है. यदि आपके घर के कोनों में अगर मकड़ी का जाला लगा हुआ हो, तो उसे आज ही हटा दें.

## क्या कहते आपके सितारे




**मेष**

मेष- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य के कार्यों में भी लगाएंगे। आपके सरकारी काम पूरे होंगे। आपको अपनी सेहत में सूझबूझ दिखानी होगी, तभी आप कामों को लेकर भागदौड़ अधिक करेंगे।




**वृषभ**

वृषभ- आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने के लिए रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको आर्थिक मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी से कोई बात सोच समझकर बोले। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे धन उधार मांग सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको किसी मामले में जोखिम लेने से बचना होगा और आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे, जो आपकी समस्या बन सकते हैं।




**मिथुन**

मिथुन- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी। यदि आपके और जीवनसाथी के बीच कुछ गलतफहमियां चल रही थी, तो उन्हें भी आप दूर करने की कोशिश करें। आप जीवनसाथी कहीं डिनर डेट पर लेकर जाने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने बिजनेस में कुछ नए कामों को शामिल करेंगे और कुछ बदलाव आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपकी किसी ने काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है,




**कर्क**

कर्क- आज का दिन आपके लिए अक्स्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको भाग्य भी पूरा साथ मिलेगा और आप जिस काम को लेकर यदि परेशान थे, तो वह पूरा होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे। आप कुछ भविष्य को लेकर इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती हैं। आपके बिजनेस की कोई डील यदि लंबे समय अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल होगी, जो आपको खुशी देगी।




**सिंह**

सिंह- आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आपको पार्टनरशिप में कोई काम करने से अच्छी सफलता हासिल होगी। आपके बिजनेस में चार चांद लगेंगे, लेकिन आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में अपने पिताजी से सलाह की आवश्यकता होगी। आप किसी से कोई भी वादा करने से बचें। माताजी को कोई पैरों से संबंधित समस्या खड़ी हो सकती है। आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे।




**कन्या**

कन्या- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई गिफ्ट मिल सकता है। जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उनकी वह इच्छा आज पूरी हो सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। परिवार में सदस्यों में आपसी सामंजस्य ना रहने के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं गति मिलेगी।




**तुला**

तुला- आज का दिन आपके लिए इनकम के सोर्स को बढ़ाने वाला रहेगा। आप कुछ नए अनुबंध स्थापित करेंगे। भविष्य में आप धन को लेकर कोई बड़े इन्वेस्टमेंट की प्लानिंग करेंगे। आपको घर के कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपको बचत की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। सरकारी मामलों में आप दिल देने से बचें। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।




**वृश्चिक**

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ने के लिए रहेगा आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी अविवाहित जातकों के जीवन में उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रम में आपको जुड़ने का मौका मिलेगा पिताजी का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं संतान पक्ष की ओर से आपको आज कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।




**धनु**

धनु- आज का दिन आपके लिए पैतृक संपति संबंधित के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला सुलझेगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आप उनके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। किसी नए मकान की आप खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह डील फाइनल होती दिख रही है। आप दूसरों के प्रति अपने मन में ईष्या और द्वेष की भावना ना रखें।




**मकर**

मकर- आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति काफी रुचि रहेगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपको यदि कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो वह बढ़ सकता है। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे आपकी कुछ नई समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। आप किसी को धन उधार देने से बचें।




**कुंभ**

कुंभ- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी। आपको अपने करियर पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि वैवाहिक जीवन में कुछ गलतफहमियां हैं, तो उन्हें दूर करने के प्रयास जारी रखें। आपकी संतान कहीं बाहर नौकरी के लिए जा सकती है। आपको धन को लेकर कोई निर्णय जल्दबाजी में नहीं लेना है। आप व्यवसाय में पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें, क्योंकि उसमें धोखा हो सकता है।




**मीन**

मीन- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आगे आएंगे। लव लाइफ जी रहे लोगों को अपने साथी से यदि कोई शिकायत थी, तो वह भी दूर होगी। आपकी किसी नई संपत्ति की प्राप्ति होने से मन खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। पारिवारिक रिश्तों में आप कोई भी ऐसी बात ना बोलें, जिससे की आपसी लड़ाई झगड़े हों।


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, संपादक- **विजयेन्द्र कुमार सिंह** द्वारा समग ट्रयू इंटरप्राइजेज प्रा.लि., ए-157, सेक्टर-80, फैज-1, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा 227 पटपड़गंज गांव , मेन रोड , मयूर विहार फेज 1 दिल्ली - 110091 से प्रकाशित। **सलाहकार संपादक -निविड़ शिवपुत्र***
दूरभाष- 7503976650 ( पत्र से संबंधित सभी विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा )